सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 16 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 162, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 736 अंकों की उछाल

अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर सहमति से सेंसेक्स 736 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 231 अंक की तेजी रही। } 10

## आयात से गंभीर दबाव का सामना कर रही अर्थव्यवस्था

निर्मला सीतारमण ने कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों से उत्पन्न आपात स्थितियों के लिए तैयार रहना जरूरी है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था गंभीर दबाव का सामना कर रही है। } 12



# किसानों की किस्मत बदल देगा जेवर हवाई अड्डा

## अपनी जमीन से पहली फ्लाइट से लखनऊ पहुंचे किसानों का मुख्यमंत्री आवास पर भव्य स्वागत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के निर्माण के लिए भूमि समर्पित करने वाले किसान सोमवार को लखनऊ पहुंचे। जेवर से लखनऊ के लिए संचालित पहली फ्लाइट से राजधानी पहुंचे इन किसानों का मुख्यमंत्री आवास पर भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। यहां किसानों ने अपने उद्गार व्यक्त किए, मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न प्रदान किया और उनके प्रति आभार भी प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि जेवर अब वह क्षेत्र बन गया है, जहां कुबेर भी आना चाहते हैं। उन्होंने कर्मशियल फ्लाइट प्रारंभ करने के लिए इंडिगो के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया। सीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि डबल इंजन सरकार जितना बोलती है, उतना करती है। इससे आपको कभी निराश-हताश नहीं होना पड़ेगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास का अभियान निरंतर बढ़ता रहेगा। अपनी जमीन से पहली फ्लाइट में बैठकर मुख्यमंत्री आवास तक की यात्रा में आप भागीदार बने। 28 महिलाओं समेत कुल 170 किसान यहां आए, विश्वास है कि यहां से जेवर लौटकर आप सब इस शानदार यात्रा को स्मृतियों में बनाए रखेंगे।

सीएम ने कहा कि जब हमारी कैबिनेट ने जेवर में एयरपोर्ट निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित किया तो मैंने नोएडा के जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से कहा कि 100 दिन के भीतर जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई प्रारंभ हो जाए, लेकिन इस अवधि तक कार्रवाई प्रारंभ नहीं हुई। मैंने वहां पहुंचकर समीक्षा बैठक ली तो पता चला कि कोई प्रगति नहीं हुई है। तब मैंने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में लगभग 100 किसानों के साथ बैठक की। मैंने कहा कि एयरपोर्ट बनाना है तो किसानों ने जमीन देने से इनकार कर दिया। असमंजस की स्थिति थी। मैंने कहा कि हम यहां विकास करना चाहते हैं, फिर भी लोगों ने मना कर दिया। मैंने अनुरोध किया कि एक घंटे का समय है, सोचिए। यह एयरपोर्ट आपकी तकदीर बदल देगा। सीएम ने कहा कि मैंने बुजुर्गों से अनुरोध किया कि विकास का मॉडल क्या होता है, यह दिखाने का समय है। वक्त सबका आता है, कुछ बन जाते हैं और कुछ बिखर जाते हैं। जो अवसर का लाभ लेता है, इतिहास उसी का बनता है। जो मौके को गंवा देता है, वह अवसर से बिखर जाता है। आपने ...शेष पृष्ठ 10 पर




### जिन्होंने गोलियां चलवाई, आज वे भी कर रहे रामभक्ति : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना नाम लिए हुए समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अब रामभक्ति की बात वे लोग भी कर रहे हैं जिन्होंने कभी रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 3डी त्रिवेणी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या हर भारतीय को अपनी आने वाली पीढ़ी को विरासत देने का एक अनुपम उपहार है। अयोध्या ने हमें एक प्रेरणा दी है कि कैसे स्प्रिचुअल टूरिज्म का हब एक शहर बन सकता है। आज अयोध्या में चारों ओर से फोर लेन कनेक्टिविटी है। डबल ब्रॉडगेज की रेलवे लाइन से जुड़ चुकी है, इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन चुका है. मुख्यमंत्री ने कहा कि अब रामभक्ति की बात वे भी कर रहे हैं जिन्होंने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। अब उन्हें साधु-संतों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत और स्लोवाकिया संबंधों को व्यापक स्तर पर ले जाने को सहमत

### दोनों देशों के बीच 11 समझौतों पर हस्ताक्षर



एजेंसी

ब्रातिस्लावा। भारत और स्लोवाकिया ने सोमवार को अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक ले जाने तथा द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद यह सहमति बनी। दोनों देशों ने इसी के साथ प्रवासन, डिजिटल प्रौद्योगिकी और रक्षा जैसे कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर भी किये हैं। दोनों नेता भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को यथाशीघ्र लागू करने की दिशा में काम करने पर भी सहमत हुए। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी यूरोप की अपनी एक हफ्ते की यात्रा के तहत ब्रातिस्लावा में हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की यह पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया में जारी वक्तव्य में कहा, हमने अपने संबंधों ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

### चंद्रावल नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

बांदा। जिले में सोमवार को चंद्रावल नदी में नहाने गए दो सगे भाई-बहन समेत तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई। हादसा जसपुरा थाना क्षेत्र के गौरी कला गांव के पास बह रही चंद्रावल नदी में हुआ। सदर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि नदी में नहाने के दौरान तीनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। मृतकों की पहचान गौरी कला गांव निवासी रामशंकर विश्वकर्मा की बेटी माधुरी, उसके छोटे भाई अंशु तथा कानपुर नगर जिले के घाटमपुर निवासी पंकज के पुत्र प्रतीक के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव नदी से बाहर निकाले गए।

### खाद्य कीमतों में तेजी से थोक मुद्रास्फीति 9.68 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। देश में थोक मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 9.68 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 8.26 प्रतिशत थी। ईंधन व बिजली, विनिर्मित उत्पादों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति का मई का यह आंकड़ा 2022-23 आधार वर्ष वाली वर्तमान श्रृंखला में अब तक का सबसे अधिक स्तर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने आधार वर्ष को 2011-12 से संशोधित कर 2022-23 करने के बाद थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को जारी किए। नौ साल में पहली बार आधार वर्ष बदला गया है।

## अमेरिका और ईरान के बीच समझौता!

### शुक्रवार से खुल जायेगा होर्मुज जलडमरूमध्य : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिन तक जारी रहे युद्ध को समाप्त करने व होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर सहमति बन गई है और दोनों देशों के बीच समझौते पर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाएंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार शाम ट्रुथ सोशल पर यह घोषणा की, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर दबाव कम हुआ। अधिकारियों ने बताया कि शांति समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाएंगे। ट्रंप ने कहा, इस्लामिक गणराज्य ईरान के साथ समझौते को अंतिम रूप दिया जा चुका है। सभी को बधाई। उन्होंने यह भी कहा कि समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खोला जाएगा और ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी समाप्त कर दी जाएगी। ट्रंप ने कहा मैं मुक्त आवाजाही के लिए तत्काल होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलने और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को हटाने की मंजूरी देता हूं। दुनिया के जहाजों, इंजन चालू करो। तेल का प्रवाह ...शेष पृष्ठ 10 पर



### भारत को तेल आपूर्ति जोखिम से मिलेगी राहत

नयी दिल्ली। होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही सामान्य होने या इसके फिर से खुलने से भारत जैसे दुनिया के बड़े कच्चे तेल आयातक देश को बड़ी राहत मिल सकती है। इससे तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं कम होंगी, माल ढुलाई लागत घटेगी और महंगाई पर दबाव भी कम होगा। ईरान और ओमान के बीच स्थित यह संकीर्ण समुद्री मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति, परिवहन का लगभग पांचवां हिस्सा संभालता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर जैसे प्रमुख खाड़ी उत्पादकों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## दान राशि में गड़बड़ी की जांच के लिए राम मंदिर पहुंची एसआईटी

जिला संवाददाता

अयोध्या। अयोध्या में स्थित भगवान श्री रामलला मंदिर में चढ़ावे की कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की तीन सदस्यीय टीम सोमवार को जांच के सिलसिले में मंदिर परिसर पहुंची। एसआईटी के सदस्य गेट नंबर 11 के माध्यम से मंदिर परिसर में दाखिल हुए।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को राम मंदिर में दान राशि के कथित गबन की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। यह मंदिर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा प्रबंधित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तथा ट्रस्ट के अनुरोध पर यह एसआईटी गठित की गई है। ट्रस्ट ने इसे भ्रामक सूचनाओं को रोकने और सच्चाई सामने लाने के लिए आवश्यक बताया था और कहा था कि राम मंदिर की छवि को धूमिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। एसआईटी में लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन शामिल हैं। ट्रस्ट ने सरकार से मामले की विस्तृत जांच कराने का आग्रह किया था ताकि तथ्यों की पुष्टि हो सके और सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर विराम लगाया जा सके। राज्य सरकार के अनुसार, एसआईटी मामले की व्यापक जांच कर अपनी रिपोर्ट ...शेष पृष्ठ 10 पर

### आगरा : दवा की काला बाजारी का भंडाफोड़

लखनऊ। आगरा में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ खिलवाड़ करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश हुआ है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और पुलिस की संयुक्त टीम ने 63 लाख रुपये की अवैध दवा जब्त की गयी। अवैध दवा गोदाम को सील किया गया और फार्म के संचालक तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी। जांच टीम ने दवाओं के सैम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

एफएसडीए द्वारा विभिन्न जनपदों के औषधि 25 निरीक्षकों की विशेष टीमें गठित कर आयुक्त के नेतृत्व में जनपद-आगरा के विभिन्न दवा बाजारों एवं अवैध परिसरों में नकली, फिजिशियन सैम्पल, सरकारी आपूर्ति की औषधियों के अवैध भण्डारण एवं क्रय-विक्रय ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीएम धामी बने किसान, खेत में चलाया टिलर

प्रमुख संवाददाता

ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने गृह क्षेत्र खटीमा में एक दिन किसान, पर्यावरण प्रहरी और सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका निभाते हुए जनसामान्य को प्रकृति, स्वच्छता और कृषि से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने नगला तराई स्थित अपने खेत में पहुंचकर स्वयं कृषि कार्यों में भाग लिया और टिलर चलाकर खेत की जुताई की। साथ ही जैविक खाद का प्रयोग कर उन्होंने प्राकृतिक खेती की उपयोगिता और उसके दीर्घकालिक लाभों को रेखांकित किया।

मुख्यमंत्री के साथ उनकी माता बिशना देवी भी ...शेष पृष्ठ 10 पर



अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।




आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

विशेष खबर — पवन ऊर्जा खरीद में उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य, यूपी को मिला 'विंड प्रोक्योरमेंट चैंपियन' सम्मान : एके शर्मा

## स्वच्छ व हरित ऊर्जा में यूपी ने रचा नया कीर्तिमान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से प्रतिष्ठित विंड प्रोक्योरमेंट चैंपियन सम्मान प्राप्त किया है। यह सम्मान सोमवार को गोवा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के ग्लोबल विंड डे-2026 कार्यक्रम में पवन ऊर्जा की खरीद एवं उसके प्रोत्साहन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया।




इस उपलब्धि पर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा ऊर्जा विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रभावी ऊर्जा नीति और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश लगातार बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पवन ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बीबीडी विश्वविद्यालय में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव







विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 67 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ द्वारा बीबीडी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत 15 जून 2026 को ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, विशिष्ट सेवा पदक, ग्रुप कमांडर, लखनऊ ग्रुप ने शिविर का औपचारिक निरीक्षण किया। बीबीडी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में लखनऊ जनपद के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के 650 से अधिक एनसीसी कैडेट सहभागिता कर रहे हैं। अपने दौरे के दौरान ब्रिगेडियर श्रीवास्तव ने शिविर की विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा कैडेटों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्रिल प्रशिक्षण, शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट, व्यक्तित्व विकास तथा अन्य प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया और कैडेटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन एवं उत्साह की सराहना की। उन्होंने शिविर में उपलब्ध आवास, भोजन, स्वच्छता, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने कैडेटों को संबोधित करते हुए अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति एवं सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कैडेटों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु अनुशासन, समर्पण एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण केवल सैन्य कौशल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच है। उन्होंने कैडेटों से समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। दौरे के दौरान ब्रिगेडियर श्रीवास्तव ने बीबीडी विवि के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस.के. श्रीवास्तव, प्रतिकुलपति प्रो. (डॉ.) सतीश चंद्र शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. (डॉ.) एस.एम.के रिजवी एवं वरिष्ठ अधिकारियों से भी भेंट की।

बैठक में विश्वविद्यालय एवं एनसीसी के मध्य समन्वय, युवा विकास तथा राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की भूमिका से संबंधित विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। कैम्प कमांडेंट कर्नल दीपक कुमार दयाल, सेना मेडल ने ब्रिगेडियर श्रीवास्तव का स्वागत करते हुए शिविर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य कैडेटों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव के प्रेरणादायी मार्गदर्शन एवं निरीक्षण से कैडेटों में नया उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ। उनका यह दौरा शिविर की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं प्रेरणादायी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

## गांवों में गोशालाओं के जरिये विकसित किये जायेंगे पंचगव्य क्लस्टर

**लखनऊ।** प्रदेश में गो संरक्षण को रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए योगी सरकार बड़ा मॉडल तैयार कर रही है। प्रदेश की 7500 से अधिक गोशालाओं के जरिए गांवों में पंचगव्य क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, जहां 40-40 युवाओं की टीमें उत्पादन और उद्यमिता का जिम्मा संभालेंगी। इस पहल से प्रदेश के करीब तीन लाख युवाओं को स्वरोजगार और आय के अवसर मिलने की संभावना है। महिला स्वयं सहायता समूहों, किसानों और ग्रामीण युवाओं को इस योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य गोशालाओं को केवल पशु संरक्षण केंद्र तक सीमित न रखकर उन्हें उत्पादन और रोजगार के केंद्र में बदलना है। गांवों में बनने वाले पंचगव्य क्लस्टरों में देसी गायों से प्राप्त दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर के आधार पर जैविक कीटनाशक, जैव उर्वरक, औषधियां, धूपबत्ती, साबुन, पेंट तथा अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री तैयार की जाएगी। इन उत्पादों के विपणन की व्यवस्था भी क्लस्टर स्तर पर विकसित की जाएगी। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि पंचगव्य क्लस्टर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देने के साथ गो-आधारित उद्योगों को संगठित स्वरूप प्रदान करेंगे। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की लागत कम होगी।

## बीटेक में प्रवेश के लिए पंजीकरण अब 22 तक

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चल रही पंजीकरण प्रक्रिया को 22 जून तक के लिए बढ़ा दिया गया है। पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 जून तक थी। पांच एवं दो विशेष चरणों में होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत पहले चरण की च्वॉइस फिलिंग और लॉकिंग दो जुलाई तक होगी। जबकि सीट अलॉटमेंट चार जुलाई को किया जाएगा। वहीं सीट कंफर्मेशन एवं फ्रीज एवं सीट फ्लोट चार जुलाई से सात जुलाई तक चलेगा। दूसरे चरण में च्वॉइस फिलिंग आठ जुलाई से नौ जुलाई तक होगी। सीट अलॉटमेंट 11 जुलाई को होगा। सीट कंफर्मेशन शुल्क 11 से 13 जुलाई तक जमा होगा। सीट फ्रीज एवं फ्लोट 11 से 13 जुलाई तक होगी। तीसरे चरण में ऑनलाइन च्वॉइस लॉकिंग 14 से 15 जुलाई तक होगी। सीट अलॉटमेंट 17 जुलाई को होगा। सीट कंफर्मेशन शुल्क एवं सीट फ्रीज एवं फ्लोट 17 से 18 जुलाई तक किया जा सकेगा। चौथे चरण में सीट अलॉटमेंट 19 जुलाई को होगा। सीट कंफर्मेशन शुल्क 19 से 21 जुलाई तक किया जाएगा। ऑनलाइन सीट विड्रा 19 से 24 जुलाई तक करने का मौका मिलेगा। पहले चार चरणों में सीट लॉक करने वालों को 22 से 24 जुलाई तक फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। यूपीटीएसी के समन्वयक प्रो0 ओपी सिंह के अनुसार अब तक करीब करीब 80 हजार अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

## एकेटीयू के छात्र इंफोसिस मेकर्स लैब में करेंगे विशेष इंटर्नशिप

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) अपने छात्रों को नई उभरती तकनीकी में दक्ष बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। छात्रों को न केवल विशेषज्ञों से मार्गदर्शन मिल रहा है बल्कि ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के मार्गदर्शन में सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज में स्थापित इंफोसिस मेकर्स लैब में संबद्ध संस्थानों के बीटेक के छात्रों को इंटर्नशिप करने का शानदार अवसर है। यूपी की पहली मेकर्स लैब में अत्याधुनिक कम्प्यूटर्स पर छात्र काम करेंगे। इसके अलावा लैब ऑन व्हील्स पर भी कार्य करने का मौका मिलेगा। छात्रों के लिए यह विशेष इंटर्नशिप चार सप्ताह का होगा। यह इंटर्नशिप 22 जून से 18 जुलाई तक चलेगा। इसमें हिस्सा लेने के लिए छात्र 17 जून तक पंजीकरण करा सकते हैं। सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक के निर्देशन एवं एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा के नेतृत्व में इंटर्नशिप चलेगा।

## कटिहार-अमृतसर-कटिहार ट्रेन का करनैलगंज स्टेशन पर ठहराव आज से

**लखनऊ।** यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा 16 जून को ट्रेन नं. 15707/08 कटिहार-अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस के करनैलगंज स्टेशन पर एवं ट्रेन नं. 14673/74 जयनगर-अमृतसर-जयनगर के जरवल रोड स्टेशन पर ठहराव प्रदान किए जाने के अवसर पर करनैलगंज स्टेशन पर संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि आयोजित कार्यक्रम में सांसद (लोक सभा), कैसरगंज करण भूषण सिंह द्वारा गाड़ी सं. 15707 (कटिहार-अमृतसर) को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

## कांग्रेस को 50 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलनी चाहिए : सुनील सिंह



**लखनऊ।** इंडिया गठबंधन में लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी प्रभावशाली भूमिका दर्ज कराने वाले लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह (पूर्व एमएलसी) ने नई दिल्ली के संविधान क्लब में आयोजित इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों, किसानों के सवालों, युवाओं की बेरोजगारी और विपक्षी एकता को लेकर अपनी बात मजबूती से रखी। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि वर्ष 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं होगा, बल्कि संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, किसानों और युवाओं के भविष्य को बचाने का चुनाव होगा। ऐसे में इंडिया गठबंधन के घटक सपा को व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर व्यापक विपक्षी एकता का परिचय देना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा को चुनौती देने के लिए सपा को बड़ा दिल दिखाना होगा। कांग्रेस सहित गठबंधन के सभी सहयोगी दलों को उनकी राजनीतिक ताकत, जनाधार और योगदान के अनुरूप सम्मानजनक सीट हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। गठबंधन तभी मजबूत होगा अपने हितों से ऊपर उठकर दलों को अपने सहयोगियों का सम्मान करेंगे और साझा लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश का किसान अपनी फसलों पर कानूनी एमएसपी की गारंटी मांग रहा है।

# पश्चिमी यूपी को मिला वैश्विक कनेक्टिविटी का नया द्वार

## योगी सरकार प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए संकल्पित: केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन शुरू होने के साथ ही उत्तर प्रदेश ने विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। इंडिगो ने यहां से हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया। लखनऊ से आई उद्घाटन उड़ान के स्वागत के बाद बेंगलुरु के लिए पहली प्रस्थान उड़ान रवाना हुई। यह केवल एक नए हवाई अड्डे की शुरूआत नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत ढांचे के विकास को नई गति मिली है। जेवर स्थित यह विश्वस्तरीय हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के लाखों यात्रियों को सुविधाजनक हवाई संपर्क उपलब्ध कराएगा। इससे पर्यटन, निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण को प्रतिवर्ष 1.2 करोड़ (12 मिलियन) यात्रियों की सेवा के लिए विकसित किया गया है।

भविष्य में इसकी क्षमता बढ़ाकर सालाना 7 करोड़ (70 मिलियन) से अधिक यात्रियों तक पहुंचाने की योजना है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यहां डिजिटल यात्रा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को भौतिक दस्तावेजों की आवश्यकता कम होगी। सेल्फ चेक-इन, सेल्फ बैग ड्रॉप, आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था तथा सहज मार्गदर्शक प्रणालियां यात्रा को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाएंगी।

हवाई अड्डे के टर्मिनल का डिजाइन आधुनिक तकनीक और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को दशार्ती कलाकृतियां, वाराणसी के घाटों से प्रेरित स्थापत्य शैली, जालीदार डिजाइन तथा प्राकृतिक प्रकाश का व्यापक उपयोग यात्रियों को एक विशिष्ट अनुभव प्रदान करेगा।

यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट टैक्सी, ऐप आधारित कैब सेवाएं और दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के विभिन्न शहरों को जोड़ने वाली बस सेवाओं की व्यवस्था की गई है। आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन से यह हवाई अड्डा वैश्विक संपर्क का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। हवाई अड्डे पर एयर इंडिया सैट्स द्वारा विकसित आधुनिक कार्गो सुविधाएं प्रारंभिक चरण में प्रतिवर्ष दो लाख मीट्रिक टन माल ढुलाई की क्षमता रखती हैं, जिसे भविष्य में 15 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाने की योजना है। इससे ई-कॉमर्स, कृषि उत्पादों के निर्यात और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को नई मजबूती मिलेगी।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन शुरू होना भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह हवाई अड्डा हवाई संपर्क को नई मजबूती प्रदान करेगा और व्यापार, पर्यटन, निवेश तथा रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए यहां अत्याधुनिक डिजिटल सेवाएं और विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की गई हैं।



## बाबाजी का राज है, कोई कैसे पैसे छीन लेगा

- पहली उड़ान से लखनऊ पहुंचे किसानों ने सीएम योगी से साझा किए अपने अनुभव
- जमीन देने वाले किसानों ने कहा- विकास की डोर सीधे 'आदित्य' के हाथ में
- हज से लौटे बुजुर्ग किसान ने मुख्यमंत्री को दिया आशीर्वाद

**लखनऊ।** जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संवाद में विकास, कानून-व्यवस्था पर खुलकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास की डोर सीधे ह्यआदित्यह्न के हाथ में है। यह बाबाजी का राज है, जेवर में आज किसी की हिम्मत नहीं कि किसान या आमजन से पैसे छीन ले। हज से लौटे एक बुर्जुग किसान ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सबसे बड़ा एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और बड़े प्रोजेक्ट जेवर की नई पहचान बने हैं।

पहली बार हवाई जहाज में बैठकर लखनऊ पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री से कहा कि जिस जमीन पर कभी वे खेती करते थे, आज उसी जमीन से उड़ान भरते विमान उत्तर प्रदेश के बदलते भविष्य की कहानी लिख रहे हैं। उन्होंने कहा, मोदी जी ने भारत और योगी जी ने उत्तर प्रदेश बदल दिया। किसान हंसराज ने कहा कि जैसे ही वह सुबह एयरपोर्ट पहुंचे, उनके साथ आए अधिसंख्य किसानों के लिए यह अनुभव विशेष था। उनके साथ आए 99 प्रतिशत किसान ऐसे हैं, जिन्होंने आज तक हवाई जहाज को केवल आसमान में उड़ते हुए देखा था, लेकिन मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से उन्हें उसमें बैठकर यात्रा करने का अवसर मिला। हंसराज ने वर्ष 2017 से पहले की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक वृद्ध महिला पेंशन निकाल कर गांव लौट रही थी। मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश आए और उसके पैसे छीनकर फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2019 की एक घटना सुनाई। बताया कि भूमि मुआवजे का वितरण हो रहा था। उनके गांव में स्थित बैंक से एक मुस्लिम भाई ने 25 लाख रुपये निकाले और उन्हें तौलिया में बांधकर सिर पर रख लिया। दोपहर करीब 12 बजे वह इसी तरह पैसा लेकर जा रहे थे। हंसराज ने उनसे पूछा कि इतने पैसे इस तरह सिर पर रखकर ले जा रहे हो, कोई छीन लेगा। इस पर उन्होंने जवाब दिया, कैसे कोई छीन लेगा, यह बाबाजी का राज है। हंसराज ने कहा कि इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वर्ष 2017 से पहले क्या स्थिति थी और अब क्या स्थिति है। उन्होंने कहा कि वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि सीएम योगी फिर से मुख्यमंत्री बनें। बुर्जुग किसान जफरू खां ने कहा कि प्रदेश के मुसलमान भी कह रहे हैं कि बाबा का शासन बहुत शानदार है। आज मैं चप्पल पहनकर हवाई जहाज में बैठा। यह मेरे लिए एक विशेष अनुभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों को काफी तरक्की देखने को मिली है। मैं हज से लौटकर मुख्यमंत्री जी को आशीर्वाद देने आया हूं।

**मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए बहुत मेहनत की :** मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान किसान जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए बहुत मेहनत की है। उन्होंने कहा था कि मैं उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना दूंगा, जिसे आज हम सच होता देख रहे हैं। एएमयू से एमबीबीएस करने वाली जेवर के किसान की बेटी डॉ. हिरा राशिद ने कहा कि अगर योगी जी का राज नहीं होता तो मेरा एमबीबीएस डॉक्टर बनने का सपना कभी पूरा नहीं हो पाता। मुझे यह कहते हुए बड़ा गर्व महसूस हो रहा है कि जिस भूमि पर मेरे पिता अन्न उगाते थे, आज उसी भूमि से उड़ान भरकर मैं मुख्यमंत्री से मिलने आई हूं।

**मुख्यमंत्री को भेंट किया राधा-कृष्ण की प्रतिमा :** किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर कमलेश देवी, पूनम देवी, कनिष्क, बबली देवी और मधु देवी ने मुख्यमंत्री को राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। मनवीर सिंह खटीक, बलभद्र, वेद प्रकाश शर्मा, पूरन सिंह कोरी, हजारी बघेल, खंडेश्वर तथा महिपाल सिंह जाटव ने मुख्यमंत्री को किसान की उड़ान नामक स्मृति चिह्न भेंट किया।

## योगी जी ने हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज में बैठा दिया



किसान हाजी जफर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने ऐसा काम किया है कि हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज में बैठा दिया। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण के दौरान घर-घर जाकर किसानों की सहमति ली गई थी और किसानों ने खुशी-खुशी अपनी जमीन दी। हाजी जफर ने कहा कि उन्हें इस विकास कार्य पर गर्व है। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है और इससे आम लोगों का जीवन बदल रहा है। उन्होंने कहा कि योगी जी मुस्लिम समाज में काफी लोकप्रिय हैं क्योंकि उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ भेदभाव के बिना सभी लोगों तक पहुंचाया है। सभी को सुरक्षा दी है। इसी तरह किसान इकबाल कल्लू ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि एयरपोर्ट के लिए उनकी जमीन गई थी और आज उसी एयरपोर्ट से उड़ान भरकर राजधानी पहुंचना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को केवल मुआवजा ही नहीं दिया बल्कि उन्हें विकास यात्रा का सहभागी भी बनाया है। महिला किसानों में भी उत्साह देखने को मिला। किसान सुमन ने बताया कि उन्होंने जीवन में पहली बार हवाई जहाज में सफर किया है। यह उनका वर्षों पुराना सपना था, जो अब जाकर पूरा हुआ है। मीनू ने भी अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि एयरपोर्ट बनने के बाद पहली बार उन्होंने अपनी जमीन को आसमान से देखा है।

## भाजपा लोकतंत्र के लिए खतरा : अखिलेश यादव

- सपा अध्यक्ष ने विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र के लिए खतरा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट करने पर उतारू है। पार्टी की पूरी जिम्मेदारी लोकतंत्र बचाने की है अन्यथा 2027 का उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव अंतिम चुनाव होगा।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में सोमवार को विभिन्न जिलों से आए नेताओं, कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता एकजुट होकर पूरी ताकत से लोकतंत्र को बचाने के लिए जुटें। वोटर लिस्ट और बूथ पर पूरा ध्यान लगाएं। सभी कार्यकर्ताओं की भाषा और व्यवहार शिष्ट हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सत्ता से बाहर जाना तय है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को बूथ-बूथ पर सतर्कता बरतनी है। जनता को भाजपा की नाकामियों की जानकारी देना है। भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा हर स्तर पर घोटाला कर रही है। भ्रष्टाचार से प्रदेश की जनता त्रस्त है। जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भूमाफियाओं को सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि पीडीए बड़ी ताकत है। पीडीए सपा के साथ है, इसीलिए भाजपा घबराई हुई है। भाजपा पीडीए के खिलाफ साजिश कर रही है। समाजवादी पार्टी प्रेम, दया, अपनापन पीडीए का एजेण्डा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया है। किसानों को खाद-बीज का संकट है। बिजली नहीं मिल रही है। डीजल की कीमते बढ़ने से खेती का लागत मूल्य बढ़ गया है। भाजपा सरकार में किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है।

इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, सांसद धर्मेन्द्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, सांसद आदित्य यादव आदि मौजूद रहे।

## धर्म और सेवा का संकल्प अनवरत जारी रहेगा : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)



**वाराणसी/लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में सनातन परंपरा के अनुसार पावन पंचकोशी का संकल्प लेकर यात्रा की। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व मैदागीन स्थित बड़ा गणेश जी का आशीर्वाद लिया, फिर काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के चरणों में हाजिरी लगाकर हर भय-बाधा से मुक्ति की प्रार्थना की। इसके बाद मणिकर्णिका घाट पर मणिकर्णिकेश्वर महादेव और उनके पास ही विराजमान शक्ति स्वरूपा माता मणिकर्णिका का दर्शन-पूजन किया।

साथ ही, भगवान विष्णु के चक्र द्वारा निर्मित पावन चक्रपुष्करिणी कुंड (मणिकर्णिका कुंड) का भी पूजन कर परिक्रमा यात्रा को शुरू किया। उन्होंने महादेव, माता मणिकर्णिका और बाबा काल भैरव से प्रार्थना की कि सभी की यात्रा मंगलमय करें, देश-प्रदेश की रक्षा करें। मणिकर्णिका घाट से शुरू हुआ आस्था का कारवां अपने प्रथम पड़ाव कंदवा पहुंचा। काशी के सबसे प्राचीन और स्थापत्य कला के बेजोड़ प्रतीक श्री कर्दमेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अजय राय ने कहा कि यहां के कण-कण में रची-बसी भक्ति मन को अद्भुत ऊर्जा से भर देती है। इसके बाद यात्रा का द्वितीय पड़ाव, मां भीमचण्डी राजातालाब पर हुआ, जहां मां भीमचण्डी का दर्शन पूजन किया।

पंचकोशी परिक्रमा के मध्य में, वरुणा नदी के पावन तट पर स्थित तृतीय पड़ाव 'रामेश्वर महादेव' पहुंचने का सौभाग्य मिला। त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम द्वारा स्थापित इस अलौकिक शिवलिंग का दर्शन कर मन तृप्त हो गया। धर्म और सेवा का यह संकल्प अनवरत जारी रहेगा। भक्ति और जनसंवाद का यह सफर आगे बढ़ते हुए अपने चतुर्थ पड़ाव 'शिवपुर' पहुंचा। कपिलेश्वर महादेव और पांचो पंडवा के दर्शन-पूजन किए।

अजय राय ने कहा कि यात्रा के दौरान क्षेत्र के देवतुल्य बुजुर्गों, नौजवान साथियों और संतों से मिलकर मिल रहा भरपूर आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी है। महादेव की असीम अनुकंपा से आज पंचकोशी परिक्रमा का विराम अपने अंतिम पड़ाव 'कपिलधारा' पर हुआ। कपिल महामुनी द्वारा स्थापित कपिलेश्वर महादेव के चरणों में वंदन कर इस कठिन लेकिन आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा को पूर्ण किया। काशी की इस पावन माटी और यहां की जनता की सेवा ही मेरा परम धर्म है।

संक्षेप

## हादसे में बालक की मौत

श्रावस्ती। नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के कटराझवीरपुर मार्ग पर रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 11 वर्षीय बालक की मौत हो गई। अमारेभरिया के मजरा मलपुरवा निवासी देवांश शुक्ला अपने साथी सुमित के साथ साइकिल से पृथ्वीनाथ मंदिर जलाभिषेक करने जा रहा था। बरगदही मोड़ के पास देवांश सड़क किनारे साइकिल के पास खड़ा था, तभी वीरपुर की ओर से तेज रफ्तार से आए एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में देवांश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## करंट से वृद्ध की मौत

प्रतापगढ़। करंट की चपेट मे आने से वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गयी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पूरब निवासी राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी 65 पुत्र राम सुंदर तिवारी सोमवार की सुबह घर में फरार्टा पंखा में करंट की चपेट में आ गये। गंभीर रूप से झुलसे राजेन्द्र को परिजन आननफानन में सांगीपुर सीएचसी ले गये। वहां चिकित्सकों ने राजेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना जब घर पहुंची तो कोहराम मच गया। मृतक यहां खेती बारी किया करता था। मृतक का एक पुत्र फौज में तथा दूसरा गुजरात में रोजीरोटी के सिलसिले में रहता है। थानाध्यक्ष गौरव त्रिवेदी का कहना है कि घटना की जानकारी कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दलित उत्पीड़न के मुकदमे का वांछित धराया

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस द्वारा दलित उत्पीड़न की घटना में दर्ज मुकदमें के वांछित को सोमवार को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा ज्ञानेन्द्र कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के कटरा बूबूपुर निवासी आरोपी पवन पासी पुत्र दुखी को पुलिस ने घर के समीप से हिरासत मे ले लिया। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## विवाद में मारपीट, आरोपी पर केस

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने आम तोड़ने के विवाद मे पीड़ित के साथ मारपीट को लेकर आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के विक्रमपटटी मकड़ेपुर निवासी रवीन्द्र प्रताप सिंह पुत्र हरकेश सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौदह जून को सुबह साढ़े दस बजे उसकी पुश्तैनी बाग में दो से तीन अज्ञात मवेशी चरा रहे थे। पीड़ित ने आरोपियों से मवेशियों को बाहर करने को कहा तब आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियो मे से एक ने अपना नाम नागापुर तिलौरी निवासी इमरान बताया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी इमरान के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अज्ञात ने उड़ाया लॉकेट

प्रतापगढ़। दुकान के सामने सो रहे पीड़ित की अज्ञात आरोपी द्वारा गले की लॉकेट चोरी किए जाने की घटना को लेकर लीलापुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बिहार प्रदेश के वैशाली जिले के कलातिसो ओता निवासी अरूण पासवान पुत्र नागेन्द्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने लीलापुर पेट्रोल पम्प के पास पंचर की दुकान खोल रखी है। चौदह जून की रात वह दुकान के सामने सो रहा था। अज्ञात बदमाश ने उसके गले से सोने की लॉकेट पर हाथ साफ कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

## सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

बांदा। बांदा जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के एक अज्ञात वाहन से टकरा जाने के कारण तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी (यातायात) सौरभ सिंह ने बताया कि रविवार रात तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर चित्रकूट दर्शन के लिए जा रहे थे तभी बदौसा थाना क्षेत्र के चंदौर गांव के निकट उनकी मोटरसाइकिल आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में बिसंडा थाना क्षेत्र के निवासी संजय (30) और रामबाबू पटेल (35) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरविंद रैकवार (35) ने सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने गिनायीं सरकार की उपलब्धियां





सिद्धार्थनगर। विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग के मंत्री तथा जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शीतल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सरकार गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास की नई इबारत लिख रही है। उन्होंने बताया कि 5 जून पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक विशेष जनकल्याणकारी कार्यक्रम, स्वास्थ्य मेले एवं चौपालों का आयोजन कर योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज रोजगार, कानून व्यवस्था, औद्योगिक विकास, बिजली आपूर्ति और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्षह्न विषयक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। प्रेस वार्ता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मेले में प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने लाभार्थियों को किया सम्मानित



सिद्धार्थनगर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास खंड नौगढ़ में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही मंत्री ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। जिलाधिकारी ने आमजन से शिविरों का लाभ उठाने और सरकार की योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया।

## सिद्धार्थनगर में ग्राम रोजगार सेवकों ने मंत्री अनिल राजभर का घेराव किया

सिद्धार्थनगर, सोमवार। केंद्र सरकार के '12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के समापन के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में ग्राम रोजगार सेवकों ने प्रभारी मंत्री अनिल राजभर का घेराव कर अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मंत्री को करीब 15 मिनट तक धूप में खड़े होकर उनकी बातें सुननी पड़ीं। ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने नियमितीकरण, राज्य कर्मचारी का दर्जा, बकाया मानदेय भुगतान, सामाजिक सुरक्षा तथा न्यूनतम 24 हजार रुपये मासिक मानदेय समेत 10 सूत्रीय मांगें उठाईं। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा, जबकि जिलाधिकारी, एसएसपी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। मंत्री ने रोजगार सेवकों की मांगों को सुनकर संबंधित स्तर पर विचार कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। रोजगार सेवकों का कहना है कि प्रदेश के लगभग 36 हजार कर्मचारी वर्षों से संविदा पर कार्य कर रहे हैं और अपनी मांगों के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य मेले व जनकल्याण शिविर का आयोजन



प्रतापगढ़। केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने को लेकर सोमवार को रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड परिसर में जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ। वही शिविर मे शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ को लेकर लगे स्टॉल मे भी लोगों की भीड़ जुटी दिखी। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सिंह ने केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओ पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन खण्ड विकास अधिकारी विजयशंकर मणि ने किया। संचालन कमलेश गिरि व सह संयोजन ओमप्रकाश जायसवाल ने किया। इस मौके पर डा0 अमित पाण्डेय, डा0 सतीश कनौजिया, सुधाकर मिश्र, मायापति पाण्डेय, अजय सिंह आदि रहे। स्वास्थ्य मेले में एक सौ अड़तालिस लोगों का निशुल्क परीक्षण व उपचार हुआ।

## योग को लेकर छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली




प्रतापगढ़। रानीगंज कैथौला स्थित सरदार पटेल बालिका महाविद्यालय में सोमवार को कौशल विकास मिशन के तहत जागरूकता रैली निकाली गयी। छात्राओ ने केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने को लेकर योग जागरूकता रैली मे उत्साहजनक प्रतिभाग किया। महाविद्यालय परिसर से निकली रैली बाजार होते हुए लोगों के बीच योग से निरोग की जागरूकता देने में सफल दिखे। मुख्य अतिथि ज्ञानेन्द्र सिंह ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जरिए युवाओ को मिलने वाली सुविधाओ पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डीपीएमओ भूपेन्द्र प्रताप सिंह एवं डीपीओ रवीन्द्र पाण्डेय ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शिवपूजन जायसवाल, मीना सिंह, पूनम जायसवाल, अभिषेक सरोज आदि रहे।

## आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें : डीएम

श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अंतिम तिथि से पूर्व उनका निस्तारण किया जाए। समीक्षा के दौरान पाया गया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) इकौना द्वारा हस्तलिखित एवं असंतोषजनक आख्या अपलोड की गई है तथा कई प्रकरण लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने उनका वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केवल औपचारिक आख्या अपलोड करने के बजाय शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर उनकी संतुष्टि प्राप्त की जाए। उन्होंने कहा कि गलत, तथ्यहीन अथवा गुणवत्ताहीन जांच आख्या भेजने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अशोक कुमार, उपजिलाधिकारी एस.के. राय, पीयूष जायसवाल, प्रवीण यादव, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नाजिर चन्द्रमौली श्रीवास्तव, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्वी सोहेलवा जंगल से खैर की लकड़ी के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। आरक्षित वन क्षेत्र पूर्वी सोहेलवा जंगल में गश्त के दौरान वन विभाग ने खैर की लकड़ी के 30 बोटों के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। रविवार देर शाम रेंजर अनिमेष वर्मा अपनी टीम उप क्षेत्रीय वनाधिकारी राधेश्याम यादव, वन दारोगा दिनेश चौहान, वन रक्षक अजय कुमार और सुमित पाण्डे के साथ फुलहिया गांव के पास कंपार्टमेंट संख्या 4ए में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जंगल से आवाज सुनाई देने पर टीम मौके पर पहुंची, जहां कुछ लोग साइकिलों पर खैर की लकड़ी लादकर ले जाते दिखाई दिए। वन कर्मियों को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए श्यामता, अजय, विश्वनाथ निवासी फुलहिया थाना सिरसिया तथा मुहम्मद सलीम निवासी सिरसिया को पकड़ लिया। उनके पास से तीन साइकिल और 30 खैर के बोटे बरामद हुए। बरामद लकड़ी को वन चौकी तकिया में सुरक्षित रखा गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## यात्री सुविधा दिवस पर श्रावस्ती हवाई अड्डे पर विविध कार्यक्रम आयोजित



श्रावस्ती। यात्री सुविधा दिवस के अवसर पर श्रावस्ती हवाई अड्डे पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत टर्मिनल भवन के बाहर अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों, हाउसकीपिंग स्टाफ तथा अन्य हितधारकों द्वारा राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। इस दौरान सभी ने राष्ट्र सेवा और अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हवाई अड्डे की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में योगदान देने वाले हाउसकीपिंग कर्मियों को सम्मानित किया गया। उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा हवाई अड्डा परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों और अन्य हितधारकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हवाई अड्डा प्रशासन ने बताया कि वर्तमान में यहां से नियमित वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन नहीं हो रहा है, फिर भी यात्री सुविधा दिवस को सार्थक बनाने के लिए यह आयोजन किया गया।

# श्रावस्ती में योग सप्ताह का शुभारंभ

## 21 जून तक चलेंगे कार्यक्रम




श्रावस्ती। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार से जिले में योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा और इकौना स्थित सीताद्वार मंदिर परिसर में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अशोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास किया और योग प्रशिक्षकों द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, शलभासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि योग सप्ताह 15 से 21 जून तक चलेगा। इस दौरान लोगों को नियमित योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक है।

वहीं विकास खंड इकौना के सीताद्वार मंदिर परिसर में विधायक रामफेरन पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के योग वेलनेस सेंटर, स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य चिकित्सालयों में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में योगाभ्यास में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक अश्वनी कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह, डीसी एनआरएलएम संदीप कुमार, आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों और योग साधकों ने भाग लिया।

## जरूरतमंद को न्याय दिलाना वकालत का मिशन

### अन्ना हजारे के जन्मदिन पर गोष्ठी में सम्मानित हुए अधिवक्ता



**प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार मे सोमवार को न्याय के क्षेत्र मे अधिवक्ताओ की भूमिका को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिवक्ता शक्तिपीठ के संस्थापक अध्यक्ष आनन्द प्रचण्ड व ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रवादी विचारक अन्ना हजारे के जन्मदिन पर अधिवक्ताओं का सम्मान भी हुआ। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द प्रचण्ड ने कहा कि जरूरतमंद को न्याय दिलाने मे अधिवक्ताओ की भूमिका सदैव प्रासंगिक रही है। उन्होने अधिवक्ताओ से न्याय के क्षेत्र मे सुचिता के वातावरण को मजबूत बनाने मे सार्थक भूमिका का आहवान किया। अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने न्याय के क्षेत्र मे सशक्त भूमिका के लिए साथियो से न्यायिक निर्णयों के ज्ञानार्जन मे अभिरूचि पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी एवं संचालन शैलेन्द्र मिश्र ने किया। आयोजन समिति द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द प्रचण्ड, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, शासकीय अधिवक्ता हरिशंकर द्विवेदी व पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र को स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद व आय व्यय निरीक्षक संतोष तिवारी ने किया। स्वागत भाषण सह मंत्री सचिन पाण्डेय ने किया। आभार प्रदर्शन पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने किया। इस मौके पर पारसनाथ सरोज, सिंटू मिश्र, केके शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला, मान सिंह, जितेन्द्र तिवारी, प्रवीण शुक्ला, मस्तराम पाल, सुरेन्द्र गौतम आदि अधिवक्ता रहे।

## मायके में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला, पुलिस जांच में जुटी



सिद्धार्थनगर। भवानीगंज थाना क्षेत्र के जुड़वनिया ग्राम पंचायत के ढढुआ टोला में एक विवाहिता का शव उसके मायके में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान 22 वर्षीय खुशबू पुत्री राजमन के रूप में हुई है। उसकी शादी अप्रैल 2024 में बढ़नी चाफा क्षेत्र निवासी पंकज के साथ हुई थी। बताया गया कि वह पिछले छह माह से अपने मायके में रह रही थी। रविवार शाम परिजन घर लौटे तो दरवाजा बंद मिला। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया। अंदर खुशबू का शव फंदे से लटका मिला।

भवानीगंज थानाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है, जिसमें किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जोगिया उदयपुर थाने में सीपीयू गोष्ठी आयोजित



बांसी/ सिद्धार्थनगर। क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के नेतृत्व एवं थानाध्यक्ष अभय सिंह की उपस्थिति में थाना जोगिया उदयपुर परिसर में कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट सीपीयू की महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों, वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सीपीयू सदस्यों ने सहभागिता की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीओ शुबेंदु सिंह ने कहा कि कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग को मजबूत करना है। उन्होंने उढव सदस्यों से समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने उपस्थित लोगों को पुलिस की जनहितकारी योजनाओं एवं उच्चाधिकारियों के निदेर्शों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति, साइबर अपराध जागरूकता, बुजुर्गों की सुरक्षा तथा बेसहारा लोगों की सहायता जैसे कार्यों में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही अपराध नियंत्रण और सुरक्षित समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## अधिशासी अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरदोई। जिले की शाहाबाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) कृष्ण कुमार सोनकर को लखनऊ विजिलेंस टीम ने सोमवार को दोपहर दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि नगर पालिका के एक बिजली ठेकेदार के लंबित भुगतान को जारी करने के एवज में ईओ ने रिश्वत की मांग की थी। विजिलेंस की इस कार्रवाई से नगर पालिका और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बिजली ठेकेदार सुदेश गुप्ता ने विजिलेंस विभाग से शिकायत की थी कि शाहाबाद नगर पालिका में कराए गए कार्यों के भुगतान के लिए अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर दो लाख रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत के बाद विजिलेंस टीम ने मामले का सत्यापन किया और कई दिनों तक निगरानी करने के बाद ट्रैप ऑपरेशन की योजना बनाई। सूत्रों के मुताबिक सोमवार दोपहर को शाहाबाद स्थित ईओ के आवास पर ठेकेदार ने तय रकम सौंपी, जिसके तुरंत बाद लखनऊ विजिलेंस की टीम ने छापा मारकर कृष्ण कुमार सोनकर को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से रिश्वत की रकम भी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी

### जगजीत इंटर कॉलेज इकौना में ग्रीष्मकालीन बोधी पथ कार्यशाला आयोजित




इकौना, श्रावस्ती। कटरा श्रावस्ती स्थित जगजीत इंटर कॉलेज, इकौना में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान लखनऊ द्वारा ग्रीष्मकालीन बोधी पथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने की। मुख्य अतिथि विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि बौद्ध भिक्षु देवेंद्र महाथेरो रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक राम फेरन पाण्डेय ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का मध्यम मार्ग हमें सिखाता है कि हम अपनी जरूरतों को सीमित रखें और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रकृति से उतना ही लेना चाहिए जितना आवश्यक हो, ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। बौद्ध भिक्षु देवेंद्र महाथेरो ने कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन की प्रमुख घटनाएं प्रकृति की गोद में हुई थीं। इसलिए बौद्ध धर्म प्रकृति और सभी जीवों के प्रति करुणा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। राजकीय इंटर कॉलेज इकौना के प्रधानाचार्य तौकीर अहमद ने जल संरक्षण, पौधारोपण और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल दिया। उन्होंने लोगों से पर्यावरण बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों साथ-साथ चलने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा विकास होना चाहिए जिससे प्रकृति सुरक्षित रहे और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

इस अवसर पर हनुमान प्रसाद, विनय कुमार पाण्डेय सहित कई शिक्षक, छात्र एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एसपी ने सुनी जनफरियाद



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान कुल 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 03 पारिवारिक विवाद तथा 02 अन्य मामलों से संबंधित थे। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने सभी शिकायतों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को मामलों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता दर्शन के माध्यम से आमजन को अपनी समस्याएं सीधे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखने का अवसर मिला, जिससे पुलिस-जन विश्वास और अधिक मजबूत हुआ।

संक्षेप

## जनता का विश्वास ही हमारी पहचान क्षेत्र का विकास ही हमारा लक्ष्य : टप्पू सिंह



चौरीचौरा, गोरखपुर। अमर शहीद बाबू बंधू सिंह के वंशज अजय कुमार सिंह टप्पू भैया द्वारा विधानसभा सरदार नगर ब्लॉक के ग्राम सभा रामपुर रकबा शिवमंदिर टोला में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज मौर्य ने कहा कि टप्पू भैया को जो पार्टी सम्मान देगी उस पार्टी से आएंगे उनका समर्थन हमको करना है। और अधिक से अधिक वोटो से विजई बनाना है। चौपाल में लोगों ने समर्थन देने की बात कही।चौपाल को संबोधित करते हुए अजय कुमार सिंह टप्पू ने कहा कि विगत कई चुनाव से अपने लोकल प्रत्याशी को यहां की जनता तवज्जो नहीं दे रही है। इसी का नतीजा है की चौरी चौरा विधानसभा का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर लोकल में हमसे योग्य कोई प्रत्याशी हो तो आप लोग बिल्कुल उसकी मदद करें।लेकिन किसी बाहरी को विधायक या अपना जनप्रतिनिधि ना बनाएं।उक्त अवसर पर जयप्रकाश पासवान पूर्व प्रधान, लाल साहब मौर्य, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## साधु हत्याकांड में शामिल हत्यारोपी पुलिस एनकाउंटर मे ढेर

उन्नाव। साधु राममिलन दास उर्फ बाबा मिलन दास सिंह (45) हत्याकांड मामले का मुख्य आरोपी इसराइल पुलिस एनकाउंटर में ढेर हो गया। एसपी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि इसराइल ने 9 जून को 4 साथियों के साथ मिलकर बाबा राममिलन की हत्या की थी। साधु के भाई ने दावा किया था कि राममिलन शिव मंदिर में लाउडस्पीकर लगाकर भजन बजाते थे, जिससे आरोपी नाराज थे। इसी वजह से झगड़ा हुआ और आरोपियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से इसराइल फरार था। सोमवार भोरपहर मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसकी घेराबंदी की। घिरता देखकर आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में 36 वर्षीय इसराइल मारा गया।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार

उन्नाव। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि सोमवार को निशांत सिंह, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र पुरवा द्वारा मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ थाना असोहा अंतर्गत ग्राम कालूखेड़ा तथा थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम गोनामऊ, भवानीगंज में छापेमारी के दौरान कुल 50 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शर्मा कृष्णा राजू (मार्कशीट अनुसार) एवं कृष्णा शर्मा एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य में इन्हें कृष्णा शर्मा पुत्र राजू शर्मा के नाम से जाना एवं संबोधित किया जाए। कृष्णा शर्मा पुत्र राजू शर्मा निवासी ग्राम/पोस्ट बिहार, जनपद उन्नाव।

### सूचना

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र वाहिद अली को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। जरीना पत्नी मुन्ना निवासी-कटरा, बांसा, थाना मसौली, बाराबंकी।

### ज्वाला प्रसाद सिंह महाविद्यालय
महादेव नगर, नानेमऊ, सुलतानपुर

आवश्यकता है

स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित उक्त महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बी.एस.सी. हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है :-

स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बी.एस.सी. हेतु प्रवक्ता-रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं गणित प्रत्येक एक पद।

योग्यता : - UGC परिनियमावली के अनुसार एवं एन.सी.टी.ई. के मानकानुसार अनुमान्य होगी।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 15 दिन के अंदर अपनी संपूर्ण शैक्षिक योग्यता अभिलेख, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो महाविद्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित कर सकते हैं अथवा ई-मेल भी कर सकते हैं।

अनादि प्रताप सिंह
प्रबन्धक
(9792630538)

# चोरी का खुलासा, दो महिला कर्मचारी गिरफ्तार

## 9.50 लाख नकद व करीब 15.50 लाख के आभूषण बरामद, सीसीटीवी से बचकर करती थीं चोरी



**गोरखपुर।** कैंट थाना क्षेत्र में ज्वैलरी की दुकान से लाखों रुपये के आभूषण चोरी करने का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो महिला अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से 9,50,000 नकद और करीब 15,50,000 मूल्य के सोने-चांदी व हीरे के आभूषण बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपी उसी दुकान में सेल्स पर्सन के रूप में कार्यरत थीं।

मामला तब सामने आया जब दुकान मालिक ने मार्च माह में स्टॉक ऑडिट कराया। जांच में पाया गया कि असली आभूषणों की जगह नकली आभूषण रख दिए गए हैं। कुछ सोने के आभूषणों का वजन भी कम पाया गया और बारीकी से जांच करने पर यह भी सामने आया कि कई आभूषणों से लटकन तोड़ लिए गए थे। इसके बाद मामले की शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्ताओं ने बताया कि वे पिछले करीब ढाई वर्षों से दुकान में काम कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की रेंज को समझ लिया था और उसी का फायदा उठाते हुए कैमरों से बचकर स्ट्रांग रूम में रखे असली आभूषणों को निकालकर उनकी जगह उसी डिजाइन के नकली आभूषण रख देती थीं। जिन गहनों में कई लटकन होते थे, उनमें से एक-दो लटकन भी तोड़कर अलग कर लेती थीं।

चोरी किए गए आभूषणों को आरोपी नेपाल में बेच देती थीं और उससे मिले पैसे से अपनी पसंद के गहने खरीदती थीं। पुलिस ने उनके पास से नकदी के साथ बड़ी मात्रा में सोने और चांदी के आभूषण भी बरामद किए हैं, जिनमें इयररिंग, मंगलसूत्र, चेन, अंगूठियां, नथ, नोज पिन, बैंगल, पेंडेंट समेत कई अन्य गहने शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस खुलासे के बाद ज्वैलरी कारोबारियों में भी सतर्कता बढ़ गई है और कर्मचारियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## बड़हलगंज में चोरी का खुलासा अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

गोरखपुर। बड़हलगंज थाना क्षेत्र में चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। उसके कब्जे से चोरी किए गए 32,000 नकद बरामद किए गए हैं। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना 14 जून 2026 की है, जब वादी की गैस एजेंसी की दुकान के काउंटर में रखे ?40,000 अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए थे। इस संबंध में पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना बड़हलगंज में मुकदमा दर्ज किया गया और पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्ध बाल अपचारी को चिन्हित कर उसे अभिरक्षा में लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी के ?32,000 बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बाल अपचारी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पहले भी चोरी से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में शेष धनराशि की बरामदगी और अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। साथ ही, क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## विधायक ने शहीद स्मारक के पास सड़क निर्माण हेतु किया निरीक्षण

चौरीचौरा, गोरखपुर। विधानसभा चौरीचौरा विधायक ई.सरवन निषाद ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के निर्देश पर उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह के साथ शहीद स्मारक स्थित ओवरब्रिज से बाल बुजुर्ग सोनबरसा मार्ग को जोड़ने वाले सड़क निर्माण को लेकर निरीक्षण किया।और उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जितने भी लोग सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण किए हुए हैं उनको तत्काल खाली कराया जाए। इसके साथ ही एसडीएम को तत्काल अवैध कब्जा हटवाने के लिए निर्देशित किया।और कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि ओवर ब्रिज को जोड़ते हुए यह सड़क बाल बुजुर्ग तक जाएगी। जिससे लोगों का आवागमन सुदृढ़ होगा और जिससे यहां के हजारों लोगों को राहत मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही ओवर ब्रिज का निर्माण पूर्ण होगा।उन्होंने कहा कि जिसको देखते हुए आवागमन सुदृढ़ करने के लिए सरकारी जमीन से अवैध कब्जा खाली होगा। सीएम योगीआदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश और चौरी चौरा विधानसभा का लगातार विकास हो रहा है।सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का जो नारा है उसको साकार किया जा रहा है।

## युवक की ट्रक की टक्कर से मौत, पत्नी व दो बच्चे बाल-बाल बचे



इटावा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गाँव पहाड़पुरा युवक साली की गोद भराई के कार्यक्रम में शामिल होने जाते समय युवक की आगरा जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी और दो बच्चों को मामूली चोटें आई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव पहाड़पुरा निवासी समरजीत सिंह (32) पुत्र नेपाल सिंह सोमवार दोपहर अपनी पत्नी निर्मला तथा बच्चों विराज (3) और यस्वी (8) के साथ मोटरसाइकिल से फतेहाबाद क्षेत्र के गांव रिहावली में आयोजित गोद भराई समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल जैतपुर थाना क्षेत्र के कमतरी गांव के समीप इटावा-आगरा रेलवे पुल के पास पहुंची, तभी आगरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल करीब 30 से 40 फुट तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। घटना में समरजीत के सिर में गंभीर चोटें आई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में उनकी पत्नी और दोनों बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही इटावा और फतेहाबाद क्षेत्र से बड़ी संख्या में रिश्तेदार एवं परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पति की असमय मौत से पत्नी निर्मला का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक की टक्कर से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले : मंत्री



इटावा। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून तक संचालित व्यापक जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकास खंड सभागार, बसरेहर में जन संवाद कार्यक्रम एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री वेबीरानी मौर्य ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार जनता के बीच पहुंचकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने तथा पात्र लाभार्थियों को उनका लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन , महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाएं तथा अन्य जनहितकारी कार्यक्रम समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय गांवों की महिलाओं को शौच के लिए अंधेरा होने का इंतजार करना पड़ता था, जिससे उनकी गरिमा एवं सुरक्षा प्रभावित होती थी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में घर-घर शौचालय निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित किया गया। इसी प्रकार उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए, जिससे उन्हें धुएं से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिली। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतम, ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव बबलू, समस्त जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## जिला की मौजूदगी में रक्तदान शिविर का आयोजन

इटावा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश तथा जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रजत सिंह जैन के आदेशानुसार सोमवार को जनपद न्यायालय के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला अस्पताल के सहयोग से संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर में न्यायिक अधिकारियों, न्यायालय कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं अन्य उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 13 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मंत्री, अधिवक्तागण, अधिकार मित्र रामसुन्दर दुबे तथा कुमारी नीरजा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आईजीएल में 12 टन क्षमता के नये बॉयलर का शुभारंभ



गीडा, गोरखपुर। औद्योगिक क्षेत्र गीडा स्थित इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड की इकाई ने अपनी उत्पादन क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। कंपनी के बिजनेस हेड एस. के. शुक्ल के मार्गदर्शन में संयंत्र में 12 टन क्षमता वाले एक नए अत्याधुनिक बॉयलर की स्थापना की गई है। इस विशेष उपलब्धि के अवसर पर सोमवार को संयंत्र परिसर में एक भव्य एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोचार के बीच हुए इस धार्मिक अनुष्ठान से पूरा परिसर भक्तिमय और ऊजार्वान नजर आया। संयंत्र के सुरक्षित और सफल संचालन की कामना के साथ मुख्य पुरोहित आचार्य अभिषेक पांडेय ने वैदिक रीति-रिवाज से पूजन संपन्न कराया। प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय, बॉयलर हेड अनिरुद्ध सिंह और इंजीनियरिंग हेड शैलेश चंद ने मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहकर भगवान विश्वकर्मा की आराधना की। कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने फैक्ट्री की निरंतर प्रगति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। संयंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय ने कहा कि 12 टन क्षमता का यह नया बॉयलर संयंत्र की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ हमारी कार्यकुशलता को सुदृढ़ करने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे आने वाले दिनों में उत्पादन को नई गति मिलेगी। सफलतापूर्वक पूजा संपन्न होने के बाद सभी कर्मचारियों और अतिथियों में प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन और व्यवस्थापन एसोसिएट मैनेजर अखिलेश कुमार शुक्ल एवं उनकी एडमिन टीम द्वारा किया गया। इस अवसर आशीष गुप्ता, जगदीश चंद धाकड़, राजीव त्रिपाठी, शिवानी शर्मा, दुर्गेश मणि त्रिपाठी, राकेश सिंह, सुनील यादव, अमित कुमार, रजनीकांत पांडेय, सुजय राय, दिनेश यादव और शब्बीर अहमद सहित कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भूमि विवादों के निस्तारण को लेकर सख्ती आईजीआरएस प्रकरणों की होगी पुनः जांच



गोरखपुर। भूमि विवाद से जुड़े मामलों के प्रभावी निस्तारण को लेकर सदर तहसील प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में सदर तहसील सभागार में एसडीएम सदर दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आईजीआरएस पर रि-ओपन किए गए प्रकरणों की पुनः विवेचना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के भूमि विवाद संबंधी मामलों की गहन जांच कर 20 जून 2026 तक उनका निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए राजस्व टीम का गठन किया गया है, जो गांव स्तर पर पहुंचकर शिकायतों की जांच करेगी और निर्धारित समय सीमा के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

एसडीएम दीपक गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी मौके पर जाकर जांच करें और मोबाइल एप के माध्यम से जियो-टैगिंग फोटो सहित आख्या आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर पूरी तरह तथ्यात्मक और पारदर्शी होना चाहिए, ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिल सके। बैठक में नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, नायब तहसीलदार अन्नू, नायब तहसीलदार नीलम त्रिपाठी सहित कानूनगो और लेखपाल मौजूद रहे। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर लंबित और रि-ओपन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, जांच के दौरान आवश्यकता अनुसार पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पूरे प्रकरण में पारदर्शिता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। तहसील प्रशासन का उद्देश्य है कि इस अभियान के माध्यम से भूमि विवादों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण हो, जिससे आम जनता को राहत मिल सके और शिकायतों का समाधान प्रभावी तरीके से हो सके।

## विरोध में कांग्रेसियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



पाटन, उन्नाव। भारत सरकार द्वारा अंडमान निकोबार में चलाई जा रही ग्रेट निकोबार हॉलिस्टिक डेवलपमेंट योजना का कांग्रेस द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा है। विरोध अभियान को कांग्रेस नेताओं ने तहसील मुख्यालय पर हस्ताक्षर अभियान चला कर योजना को विनाशकारी बताते हुए लोगों को जानकारी दी। तहसील मुख्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और लोगों को ग्रेट निकोबार हॉलिस्टिक डेवलपमेंट योजना की जानकारी देकर विनाशकारी बताया। तहसील मुख्यालय पर सैकड़ो कांग्रेसियों ने विरोध पर अपने हस्ताक्षर किए। कांग्रेसी नेता अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विकास के नाम पर लाखों करोड़ों पेड़ो को काटा जाएगा जिससे पूरा इकोसिस्टम खराब होगा तथा निकोबार के मूल निवासी शोमपेन तथा निकोबारी जैसी जनजातीयों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। 92 हजार करोड रुपए की योजना विनाशकारी सिद्ध होगी। वर्षा बन क्षेत्र से लाखों पेड़ कट जाने से क्षेत्र रेगिस्तान में बदल जाएगा। आदिवासियों को दूसरी जगह विस्थापित होना पड़ेगा। हस्ताक्षर अभियान व विरोध में प्रमुख रूप से एडवोकेट आकाश सिंह, पीसीसी सदस्य राम किशोर पाल, रामचंद्र गुप्ता, रमेश सिंह, प्रदीप चंदेल, योगेश सिंह, अशोक पटेल आदि रहे।

## किसान क्रांति यूनियन ने ज्ञापन देकर बतायीं समस्या



पाटन, उन्नाव। तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा किसानों के उत्पीड़न को लेकर भारतीय किसान क्रांति यूनियन के प्रदेश महासचिव डॉक्टर बृजेंद्र प्रताप सिंह राजू के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की। यूनियन के प्रदेश महासचिव बृजेंद्र प्रताप सिंह राजू ने एसडीएम रणवीर सिंह को ज्ञापन देकर बताया कि भू माफियाओ द्वारा भूमिधरी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर प्लाटिंग की जा रही है। गांव में मिनी सचिवालय चालू किए जाए जिससे किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल आसानी से प्राप्त हो सके। गांव में बने आर आर सी कूड़ाघरों का संचालन कराया जाए। सूखे पड़े अमृत सरोवरों में तत्काल पानी भरवाया जाए जिससे जीव जंतु पशु पक्षियों को राहत मिल सके। डलमऊ बी पंप नहर तथा शारदा नहर में पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। शारदा नहर में टेल तक पानी बरसों से नहीं पहुंचा है टेल तक पानी पहुंचाया जाय। मलौना में हो रही चकबंदी पारदर्शी तरीके से हो चकबंदी में किसानों के हो रहे शोषण उत्पीड़न को रोका जाय। हाईवे में घूमने वाले छुट्टा गोवंश को तत्काल गोशालाओं में बंद किया जाय तथा गोवंश को टैग लगाया जाए। मां चंडिका देवी परिसर में शौचालय, कपड़ा बदलने वाले कमरे, वाटर कूलर तथा घाटों पर स्वच्छता का प्रबंध किया जाए। एसडीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। ज्ञापन देने वालो में कार्तिकेय दीक्षित, अभिषेक पांडे, अंबुज सिंह, गोपाल महराज, गुड़िया यादव, राज बक्स सिंह मौजूद रहे।

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बहराइच

संख्या : 1041,/जि.आ.अ./वि.वि./2026-27/बहराइच/ दिनांक 15 जून, 2026

**चेतावनी**

जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि ''यू.पी. एक्साइज सिटिजन एप्लिकेशन'' के माध्यम से मदिरा दुकानों के विषय में समस्त प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मदिरा के उपभोक्ता शराब दुकान से क्यू.आर.कोड लगी एवं सीलबन्ध मदिरा निर्धारित एम.आर.पी./विकय मूल्य पर पी.ओ.एस. मशीन से स्कैन कराकर ही खरीद कर सेवन करें। दुकान के आस-पास या सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान करना निषेध है। यदि किसी के द्वारा इसका उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही सम्भव है।

इसके साथ ही जन सामान्य को यह भी सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाईल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक तीव्र जहर है तथा इसके सेवन से आँखो की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। सस्ते के चक्कर में जान न गवायें, जहरीली शराब पीने से बचें। उत्तर प्रदेश में वैध शराब पाउच में नहीं बिकती है, इसलिए अपना एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकृत शराब की दुकान से ही बार कोडयुक्त एवं सीलबन्द मदिरा ही खरीदें। पाउच वाली शराब किसी भी हालत में न खरीदें, क्योंकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा है।

उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910 के संशोधित धारा - 60 (क) के अनुसार अवैध मदिरा के सेवन से जनहानि होने की दशा में कारोबारी के विरूद्ध मृत्युदण्ड/आजीवन कारावास का प्राविधान है। यदि किसी अवैध शराब के कारोबारी द्वारा ऐसे किसी कृत्य के फलस्वरूप किसी व्यक्ति की विकलांगता, मृत्यु होती है तो आजीवन कारावास, मृत्यु की सजा तथा दस लाख रुपए जुमार्ना भी हो सकता है।

यदि किसी व्यक्ति को अवैध मदिरा की बिकी और फुटकर मदिरा की अनुज्ञापित दुकानों पर एम.आर.पी. से अधिक मूल्य पर बिकी, अवैध शराब के निर्माण एवं बिकी की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल जनहित में जिला आबकारी अधिकारी, बहराइच मो.नं. 9454465643, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 एवं 5, मो.नं. 9454466250, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2 मो.नं. 9454466251, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3, मो.नं. 8585906474, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, मो.नं. 9795732838, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-6, मो.नं. 8795510151, मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम के टोल फ्री नं. 14405 एवं व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर सूचना दी जा सकती है। आप द्वारा दी गयी सूचना ऐसे अड्डों पर तुरन्त प्रशासनिक कार्यवाही में सहायक एवं सम्भावित जनहानि को रोकने में उपयोगी हो सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा।

रेस्टोरेन्ट एवं होटलों में पार्टी का आयोजन किये जाने पर बगैर लाइसेंस मदिरा परोसे जाने का प्राविधान नहीं है। अतः ऐसे आयोजनों पर नजर रखे और यदि कहीं पर भी बगैर अनुज्ञापन मदिरा पिलाई जा रही है तो तत्काल उसकी सूचना उपरोक्त नम्बरों पर उपलब्ध कराने में सहयोग करें। आयोजनों के लिए मदिरा उपभोग विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करते हुए लाइसेंस प्राप्त करके ही करें।

जिला आबकारी अधिकारी, बहराइच।

जिलाधिकारी, बहराइच।

# अवैध खनन की भेंट चढ़ा खड़ंजा मार्ग, ग्रामीणों में आक्रोश



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कीर्ति खेड़ा में अवैध खनन का मामला सामने आया है। आरोप है कि खनन माफियाओं ने मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों के आवागमन के लिए गांव की खड़ंजा मार्ग को ही खोद डाला, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार कीर्ति खेड़ा से होकर गुजरने वाला यह मार्ग क्षेत्र की प्रमुख संपर्क सड़क है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। इसी रास्ते से जालिम खेड़ा, माधव खेड़ा, हरचंदपुर, बहेरिया समेत लगभग आधा सैकड़ा गांवों के लोग नवाबगंज बाजार, सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और अस्पतालों तक पहुंचते हैं। मार्ग क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों, छात्रों तथा किसानों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों ने ट्रैक्टर-ट्रालियों को निकालने के लिए खड़ंजा मार्ग को जगह-जगह से उखाड़ दिया है। बरसात के मौसम में सड़क पर गड्ढे और कीचड़ होने से दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से बनवाई गई थी। क्षेत्रवासियों की मांग पर तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख एवं क्षेत्रीय विधायक के सहयोग से तैयार यह मार्ग वर्षों से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान की थी, लेकिन अब अवैध खनन के कारण यह सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे लोगों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

संक्षेप

## ससुराल गये युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के युवक की ससुराल शाहजहांपुर में नगरिया मोड़ के पास कंटेनर ने युवक की बाइक को सामने से टक्कर मारकर रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सोमवार को शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचते ही कोहराम मच गया है। जानकारी अनुसार कस्बा के आदर्श नगर कॉलोनी निवासी अरविंद कुमार 40 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल पांच बहनों में इकलौते भाई थे रविवार को सुबह 8 बजे बाइक से अपनी ससुराल शाहजहांपुर के लिए निकले थे। रात 10 बजे करीब बरेली रोड नगरिया मोड़ के पास सामने से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मारकर रौंद दिया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस से शव लेकर परिजन आवास पर पहुंचे तो कोहराम मच गया है। परिवार के आगे परवरिश का खड़ा संकट मृतक की पत्नी संतोषी और मां राम बेटी का रो रो कर कहना है उसके 7 वर्षीय पुत्र रुद्रा, 4 वर्षीय पुत्री आद्यया और सात माह के गोद में पुत्र की परवरिश के लिए सहारा ही ईश्वर ने छीन लिया है ऐसे में परिवार के भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। बहनों का रो-रो कर कहना है उसका एकमात्र भाई था जो अचानक काल के मुंह में समा गया अब वह भैया दूज पर टीका और रक्षाबंधन पर राखी बांधने के लिए भाई साथ छोड़ कर चला गया है।

## संदिग्ध परिस्थिति में मौत से मचा हड़कंप

सीतापुर। थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में सोमवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। 30 वर्षीय रंजना भार्गव पत्नी अभिषेक भार्गव का शव घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची महोली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मृतका के बच्चों के आरोपों ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है। बच्चों का कहना है कि उनकी मां ने आत्महत्या हत्या नहीं नहीं की, बल्कि उनकी हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटकाया गर बच्चों के इस गंभीर आरोप के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही हो सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। अब सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पर टिकी हैं, जिससे इस रहस्यमयी मौत का सच सामने आ सके।

## संदीप तिवारी बने बीडीओ

लखीमपुर खीरी। सोमवार को डीएम ने बीडीओ के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर फेर बदल कर दिया। डीएम ने धौरहरा में तैनात बीडीओ संदीप कुमार तिवारी का तबदला लखीमपुर ब्लाक के लिए कर दिया। गैर जनपद सीतापुर से आये विकास सिंह को ब्लाक मितौली व रायबरेली से आये गगनदीप सिंह को ब्लाक धौरहरा का बीडीओ चार्ज मिला है।

# सोमवती अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

## सोमवती अमावस्या पर तीर्थनगरी नैमिषारण्य श्रद्धा, आस्था और भक्ति के महासंगम की बनी साक्षी








जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। अधिमास में पड़ने वाली पावन सोमवती अमावस्या पर सोमवार को विश्व प्रसिद्ध तीर्थनगरी नैमिषारण्य श्रद्धा, आस्था और भक्ति के महासंगम की साक्षी बनी। ब्रह्ममुहूर्त से ही चक्रतीर्थ, गोमती तट, राजघाट, देवदेवेश्वर घाट समेत विभिन्न पवित्र स्थलों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा पितरों के निमित्त तर्पण, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। सोमवती अमावस्या के विशेष संयोग के कारण श्रद्धालुओं का आगमन एक दिन पूर्व से ही शुरू हो गया था। रविवार रात से ही धर्मशालाओं, आश्रमों और मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देने लगी थी। सोमवार तड़के चार बजे से चक्रतीर्थ और गोमती नदी के घाटों पर स्नानार्थियों की लंबी कतारें लग गईं। हर-हर महादेव, जय मां ललिता और गोमती मैया की जय के जयघोष से पूरा तीर्थ क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। पवित्र स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मां ललिता देवी शक्तिपीठ, हनुमानगढ़ी, कालीपीठ, व्यास गद्दी, सूतगद्दी, रुद्रावर्त तीर्थ, त्रिशक्तिधाम और बालाजी मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन किया।

मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाओं ने पीपल वृक्ष की परिक्रमा कर अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कई श्रद्धालुओं ने धार्मिक कथाओं, भजन-कीर्तन और सत्संग में भी भाग लिया। तीर्थ पुरोहितों के अनुसार अधिमास में पड़ने वाली सोमवती अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन स्नान, दान, जप, तप और पितृ तर्पण करने से अनेक यज्ञों के समान पुण्य फल प्राप्त होता है तथा पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। इसी आस्था के चलते हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु नैमिषारण्य पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। प्रमुख घाटों, मंदिरों और संपर्क मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग और डायवर्जन की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत, विद्युत विभाग तथा आपदा राहत दल की टीमें भी पूरे दिन मुस्तैद रहीं। हालांकि भारी भीड़ के चलते श्रद्धालुओं को कुछ कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा। पार्किंग स्थलों की सीमित व्यवस्था के कारण कई वाहनों को दूर खड़ा करना पड़ा, जिससे लोगों को पैदल चलकर घाटों और मंदिरों तक पहुंचना पड़ा। इसके बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और देर शाम तक स्नान, दर्शन और पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। सोमवती अमावस्या के अवसर पर नैमिषारण्य एक बार फिर सनातन आस्था के विराट केंद्र के रूप में दिखाई दिया।

## किसानों की समस्याओं पर भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने सोमवार को बिसवां तहसील में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा। तहसील अध्यक्ष शिवराज सिंह पटेल के नेतृत्व में किसानों ने खाद की कमी, विद्युत समस्याओं और पशु चिकित्सालयों की अव्यवस्था जैसे मुद्दे उठाए। ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं भूमिहीन मजदूरों को दुकानदारों द्वारा यूरिया न दिए जाने का आरोप भी लगाया गया। ग्राम पंचायत बोहरा मजरा डिगिहा में बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान में लापरवाही तथा कर्मचारियों पर अवैध वसूली के आरोप भी लगाए गए। भाकियू नेताओं ने पशु चिकित्सालयों की बदहाल व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति न होने से पशुपालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और बीमार पशुओं का समय पर उपचार नहीं हो पा रहा है। संगठन ने प्रशासन से सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

## दो गांवों में सड़क व नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में शनिवार को विधायक अमन अरविन्द गिरी ने दो विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए विधायक का स्वागत किया।

विकास खंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत पस्तौर में तारकोल मार्ग से गुरुद्वारा होते हुए बलवंत सिंह के मकान के तिराहे तक बनने वाली इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क और जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। भूमि पूजन कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अवतार सिंह, ओमकार सिंह, बलविंदर सिंह, महेंद्र सिंह, विकास सोनी, सुखवंत बदेशा सहित सिख समाज के गणमान्य लोग और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इसके बाद विधायक ने ग्राम पंचायत बेलवा के मजरा मलूकापुर में लखीमपुर-भीरा राजमार्ग से राधा स्वामी सत्संग व्यास तक बनने वाली 575 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क का भूमि पूजन किया। करीब 48.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क क्षेत्रीय लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण राज, मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिहर सिंह, ग्राम प्रधान विनीत राज सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन और जल निकासी संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी।

## योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है



सीतापुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल ओपन हॉल में भव्य रूप से किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला और जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और उपस्थित लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर को स्वस्थ और मन को शांत रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें योग सप्ताह का विशेष महत्व है। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन योग करने और 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक जीवन पद्धति है। उन्होंने नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। 21 जून तक जनपद में विभिन्न स्थानों पर योग सप्ताह के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## केंद्र सरकार की गिनायीं उपलब्धियां




सीतापुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को ब्लॉक परिसर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचा है। आवास, आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क राशन, पेंशन और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सड़क, बिजली, हाईवे, पुल और अस्पताल जैसी मूलभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार हुआ है, जिससे आमजन का जीवन आसान बना है। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए तथा चयनित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में बाल विकास, स्वास्थ्य, वन, पंचायत एवं सिंचाई विभाग सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनिल वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, दिनेश शुक्ल, संतोष मिश्रा, संजय अस्थाना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## गोमती नदी में डूबे युवक का शव बरामद

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के बेरसपुर स्थित बालेश्वर धाम में गोमती नदी में डूबे युवक का शव सोमवार को करीब 17 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। लखनऊ के बक्शी का तालाब क्षेत्र निवासी 32 वर्षीय मोहित यादव रविवार शाम भंडारे में शामिल होने के दौरान नदी में स्नान करने उतरा था, तभी वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

सूचना पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और स्थानीय गोताखोरों ने तलाश अभियान शुरू किया, लेकिन देर रात तक सफलता नहीं मिली। सोमवार दोपहर गोताखोरों ने शव नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी लालबहादुर मिश्रा ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## मगरमच्छ के हमले में किशोर की मौत

धौरहरा खीरी। ईसानगर क्षेत्र में तेंदुए के हमले में सात वर्षीय बालक की मौत का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि रविवार देर शाम मगरमच्छ के हमले में एक किशोर की मौत से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम भट्ठापुरवा मजरा बेल्तुआ निवासी लालमन पाल (12) पुत्र प्रताप रविवार दोपहर बाद गांव के बाहर स्थित दहौरा नाला के किनारे भैंस चराने गया था। बताया जाता है कि देर शाम वह शौच के लिए पानी के पास पहुंचा, तभी पहले से घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। मगरमच्छ किशोर को दबोचकर पानी में खींच ले गया और देखते ही देखते गायब हो गया। घटना के समय उसके साथ मौजूद करीब छह वर्षीय बालक ने गांव पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर ईसानगर थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने प्रत्यक्षदर्शी बालक से घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर मगरमच्छ को पकड़ने तथा क्षेत्र में बढ़ते वन्यजीवों के आतंक पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच काफी गहमागहमी हुई। बाद में थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व रायपुर गांव के मजरा रोशनीपुरवा में तेंदुए के हमले में सात वर्षीय बालक की मौत हो गई थी। अब मगरमच्छ के हमले में किशोर की मौत के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों के बावजूद प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। सोमवार सुबह वन विभाग की टीम पुलिस के साथ दहौरा नाला पहुंची। टीम ने नाले और आसपास के क्षेत्र में सर्च अभियान चलाकर मगरमच्छ की तलाश शुरू की। वन कर्मी लगातार निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुटे रहे।

## गौरीफंटा का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

पलियाकलां खीरी। व्यापार एवं पारगमन पोस्ट गौरीफंटा का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमण कर किया गया निरीक्षण। 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा




बल, पलिया के अंतर्गत संचालित व्यापार एवं पारगमन पोस्ट गौरीफंटा का अंजनी कुमार सिंह (आईएएस), जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी तथा डॉ. ख्याति गर्ग, पुलिस अधीक्षक, लखीमपुर खीरी द्वारा भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित सीमा स्तंभों का अवलोकन एवं जांच की गई। साथ ही सीमा क्षेत्र में स्थित नो मेंस लैंड पर संभावित अतिक्रमण की स्थिति एवं उससे संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा समन्वय संबंधी विषयों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सीमा क्षेत्र में गश्त भी की गई तथा सीमा सुरक्षा से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, पलिया के कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, सीमा चौकी गौरीफंटा के प्रभारी रवि कुमार समोता, सहायक कमांडेंट सहित सशस्त्र सीमा बल एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सहेली की मदद से युवती का अपाहरण पिता के दबाव के बाद पीड़िता को भेजा घर

जंगबहादुगंज खीरी। जनपद के थाना पसगवां क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में बेहद चौंकाने बाला मामला सामने आया है। यहाँ एक युवती को उसी के ही गाँव की एक अन्य युवती की मदद से पहले जाल में फंसाया गया और फिर फिल्मी अंदाज में उसका अपहरण कर दिल्ली भेज दिया गया। पीड़िता ने इस संबंध में कोतवाली प्रभारी पसगवां को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पसगवां पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा गया है कि घटना बीती 8 जून 2026 की सुबह की है। जहां पीड़िता अपने घर के बाहर सफाई कर रही थी। इसी दौरान गाँव के ही रमेश्वर की पुत्री 'छोटी बिटिया वहाँ पहुँची और उसे अपने साथ शौच के बहाने चलने को कहा। सहेली पर भरोसा कर पीड़िता उसके साथ चली गई। आरोप है कि गाँव से करीब 500 मीटर दूर सुनसान रास्ते पर पहुँचते ही पहले से मोटरसाइकिल लेकर घात लगाए खड़े सौरभ (पुत्र जयपाल) ने पीड़िता को जबरन दबोच लिया। विरोध करने पर चिल्लाते चिल्लाते बेहोश हो गयी, जिसके बाद उसे बेहोशी हालत में मिनी डाले से दिल्ली भेजा गया ?। दिल्ली पहुँचकर मुख्य आरोपी सौरभ ने पीड़िता को निजामुद्दीन (पुत्र सूबेदार) नामक व्यक्ति के हवाले कर दिया। जब पीड़ित पिता ने गांव में दबाव बनाया तो अपहरण कर्ता ने गांव के करीब पीड़ित को छोड गया। कुछ समय बीतने के बाद अपहरण कर्ता गांव आया और पीड़िता पर फब्तियां कसते हुए बदनामी कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। घटना के बाद जब पीड़िता के पिता और परिजनों ने गाँव में खोजबीन की, तो पता चला की आरोपी निजामुद्दीन पीड़िता और उसकी सहेली को दिल्ली से वापस गाँव छोड़ गया था। पीड़िता का आरोप है कि घर वापसी के बाद भी उनकी मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। आरोपी सौरभ और निजामुद्दीन अब पूरे गाँव में पीड़िता और उसके परिवार को बदनाम कर रहे हैं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़िता को मुँह बंद रखने की सख्त हिदायत देते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है, जिससे पीड़ित परिवार खौफ के साये में जीने को मजबूर है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## छोटी काशी पहुंची 15 कुंतल वजनी नन्दीश्वर प्रतिमा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। धार्मिक नगरी छोटी काशी में प्रस्तावित शिव कॉरिडोर निर्माण परियोजना के बीच श्री नन्दीश्वर विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर उत्साह चरम पर पहुंच गया है।

विधायक अमन गिरि की अगुवाई में लगभग 15 कुंतल वजनी बाबा नन्दी की विशाल प्रतिमा नगर पहुंची, जिसे हाइड्रा की सहायता से उतारकर नीलकंठ मैदान में स्थापित किया गया। नन्दीश्वर महाराज की प्रतिमा के नगर पहुंचने पर नीलकंठ मैदान से लेकर आसपास के क्षेत्रों तक हर-हर महादेव, जय भोलेनाथ और नन्दी महाराज की जय के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर प्रतिमा का स्वागत किया और दर्शन के लिए दिनभर लोगों का तांता लगा रहा। प्रतिमा की भव्यता और आकर्षक स्वरूप लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आयोजन समिति के अनुसार बाबा चन्द्रभाल शिव मंदिर परिसर एवं नीलकंठ मैदान में 20 जून से श्री नन्दीश्वर विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ होगा। 20 जून को जलाधिवास, 21 जून को अन्नाधिवास, 22 जून को फलाधिवास तथा 23 जून को महास्नान का आयोजन किया जाएगा। 23 जून को प्राण संस्कार के उपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जबकि रात्रि में शयनाधिवास कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद 24 जून को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नन्दीश्वर विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा, हवन-पूजन तथा विशाल प्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन से जुड़े लोगों का कहना है कि शिव कॉरिडोर निर्माण और नन्दीश्वर प्रतिमा की स्थापना से छोटी काशी गोला की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## नियमित करें योग, रहें निरोग



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को नीलकंठ मैदान में योग सप्ताह का शुभारंभ हुआ। जिला प्रशासन, जिला आयुष समिति और नगर पालिका परिषद गोला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों योग साधकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमंत कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, उपजिलाधिकारी न्यायिक रेनू मिश्रा, तहसीलदार भीम चंद्र, सुर्जन लाल वर्मा तथा भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित अभ्यास पर जोर दिया। मास्टर योग ट्रेनर शशिकांत दीक्षित, योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा, अमित शुक्ला, योगाचार्य देवेंद्र गिरी एवं नरेंद्र वर्मा ने प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। योग साधकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन समेत कई योग क्रियाएं सीखीं। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक तनाव को भी दूर करता है। वहीं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमंत कुमार ने बताया कि 15 से 21 जून तक जिले भर में योग शिविर, प्रतियोगिताएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में योग प्रेमी मौजूद रहे। योग सप्ताह के शुभारंभ के साथ ही जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां भी तेज हो गई हैं।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-उन्नाव**

पत्रांक - 828/ग्रा.अ.वि./निविदा/उन्नाव/2026-27 दिनांक-10.06.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना(द्वितीय)**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड उन्नाव के द्वारा कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ.प्र. में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी सयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या-93/2026/581/ 35-4-2026/35-4002 (003)/71/2026 दिनांक-31 मार्च 2026 के द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी.एस.टी. के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी.एस.टी. का भुगतान सरकार के निदेर्शानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत हैः-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिकुरिटि (इ.एम. डी.) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य या निविदा फीस जी.एस.टी. सहित(यदि आवश्यक हो)(रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वि.स.-बांगरमऊ में मा. श्रीकान्त कटियार जी द्वारा प्रस्तावित (त्वरित आर्थिक विकास योजना) | | | | |
| 01 | उन्नाव | ग्राम सकूराबाद में कपिलेश्वर मंदिर से शीतला माता मंदिर तक इंटरलाकिंग व नाली का कार्य। | 32.33 | 0.65 | 2384.00 | 3 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः-22.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडींग प्रारंभ करने की तिथि एवं समय-23.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे से।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समयः-24.06.2026 को प्रातः 10:00 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः-06.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-06.07.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे। टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
7. निविदा आन-लाईन वैब साइट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
8. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-उन्नाव।

UPID-252618 Date: 16.06.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## आईजीआरएस पर गलत आख्या लगाने पर लेखपाल निलंबित



गोसाईगंज सुलतानपुर (वीओएल)। आईजीआरएस पर गलत एवं भ्रामक आख्या लगाने के मामले में जयसिंहपुर तहसील के लेखपाल विपिन कुमार यादव को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उपमुख्यमंत्री कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर कराई गई जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर की गई। उधरपुर निवासी सुरेश कुमार दुबे ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि भूमि विवाद के प्रकरण में बिना पैमाइश और मौके की जांच किए गलत गाटा संख्या एवं दूसरे व्यक्ति के नाम से आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। मामले की जांच में शिकायत सही पाई गई। उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि आईजीआरएस पर गलत आख्या लगाने तथा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में शिथिलता बरतने के आरोप में लेखपाल विपिन कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में विभागीय कार्रवाई भी की जा रही है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

रायबरेली। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर हाईवे पर अचानक एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की सूचना आ जा रहे यात्रियों और गावों के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश फैल गया। कार चालक दुर्घटना करने के बाद मौका देखकर अचानक भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन आसपास के लोगों ने तुरंत उसे घेरकर पकड़ लिया और कार चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने फिलहाल कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में कार की तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। घायल की स्थिति पर परिवार और पुलिस नजर रखी जा रही है।

## तीन श्रद्धालु घायल

महराजगंज रायबरेली। महराजगंज थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर को एक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हर्ष पुत्र हरिकेश (64 वर्ष), प्रकाश पुत्र दुजई (35 वर्ष) तथा लक्ष्मी पुत्र रामसुमेर (21 वर्ष), निवासी मानपुर सहावा थाना मिलएरिया, एक ही बाइक से अहोरवा भवानी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान मोन चैराहे के आगे एक पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जनपद में योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ

● गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान में स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग का लिया गया संकल्प




रायबरेली। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज गुरुगोविंद सिंह उद्यान में योग सप्ताह का भव्य और गरिमामयी शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक डॉ अमित राजावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर शहर के सैकड़ों नागरिकों, अधिकारियों और योग साधकों ने एक साथ सामूहिक योग अभ्यास किया। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने अपने संबोधन में कहा कि हमें जीवन के प्रत्येक चरण में योग को अपनाकर निरोग, ऊर्जावान एवं स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देती है। योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक डॉ अमित रजावत ने अपने संबोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति और शारीरिक आरोग्यता के लिए योग नितांत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं और नागरिकों से अपील की कि वे योग को केवल एक दिन या एक सप्ताह के उत्सव तक सीमित न रखकर नियमित अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं।

### स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर सप्ताह भर होंगे कार्यक्रम

रायबरेली। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. पूनम यादव ने इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस योग सप्ताह (15 जून से 21 जून) के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान, कार्यशालाएं और योग शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के हर वर्ग को दीर्घायु और निरोगी जीवन का मंत्र मिल सके। मास्टर योग ट्रेनर डॉ रवि प्रताप सिंह देव द्वारा लोगों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान का सामूहिक अभ्यास कराया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने शरीर को निरोगी रखने के लिए प्रतिदिन योग अभ्यास करने का दृढ़ संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिला होमियोपैथी चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र सचान, योगाचार्य डॉ विश्राम, हर्टफुलनेस इंस्टीट्यूट रायबरेली से डॉ आर पी सिंह ,पतंजलि योग समिति से राम शरण भारतीय योग संस्थान से राजेन्द्र त्रिपाठी, आर्य समाज रायबरेली से एम पी पाल, गायत्री परिवार से योगाचार्य परशुराम, संतमत से त्रिलोकी राम, फार्मासिस्ट, स्टाफ और योग प्रेमियों ने सहभागिता की।

# तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले का आयोजन



लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खंड लंभुआ के सभागार में भारत सरकार के बारह वर्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले के दूसरे दिन विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह ने बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में एडीओ ग्राम विकास सुनील उपाध्याय ने बताया कि मेले में कृषि विभाग, आयुर्वेदिक चिकित्सा, होम्योपैथिक चिकित्सा, एलोपैथिक चिकित्सा, योग विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, मनरेगा, शिक्षा विभाग, जल जीवन मिशन, श्रम विभाग तथा खाद्य एवं रसद विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं। संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर लाभार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत योग प्रशिक्षक किशन विश्वकर्मा द्वारा योगाभ्यास एवं योग के महत्व की जानकारी देकर की गई। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि शिविर में 46 मरीजों का उपचार कर दवाएं वितरित की गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ के डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने 40 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा उपलब्ध कराई। आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी नीलम विश्वकर्मा ने बताया कि 45 रोगियों का उपचार किया गया। कृषि विभाग के एडीओ एजी विमल पांडेय ने किसानों को आधुनिक खेती एवं कृषि योजनाओं की जानकारी दी। पशु चिकित्सा विभाग के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी श्रवण कुमार मौर्य ने पशुपालकों को पशुओं में कीड़ों की रोकथाम हेतु दवाएं वितरित कीं।

# युवक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या



रायबरेली। बछरावां थाना क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा गांव में पानी की टंकी के पास सोमवार की रात पानी की टंकी के पास चारपाई पर सो रहे राम सजीवन की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में हड़कम्प मच गया। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास के लोगों से इस मामले की पूछताछ कर रही है और हत्या के सही कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मृतक राम सजीवन बछरावां का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्य रो-रोकर बुरा हाल हो गए। पूरे इलाके में यह बात की चर्चा हो रही है कि आखिर हत्या किसने और किस कारण की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हत्यारे की तलाश के लिए छानबीन तेज कर दी गई है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है।

## आम तोड़ने के विवाद में दो पक्ष भिड़े पथराव के बाद 16 पर मुकदमा

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मधुबन गांव में आम तोड़ने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों ओर से जमकर पथराव, लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी चली, जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात पर काबू पाया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने दोनों पक्षों के 16 नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, कोतवाली देहात क्षेत्र के बरगदवा कुछमुछ निवासी एक किशोर मधुबन गांव स्थित आम के पेड़ से आम तोड़ने पहुंचा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बच्चों के बीच कहासुनी और मारपीट हो गई। सूचना मिलने पर बरगदवा कुछमुछ पक्ष के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे तथा लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला किया गया। उपनिरीक्षक प्रमोद मिश्रा की तहरीर पर मधुबन पक्ष के रंजीत निषाद, रामलाल निषाद, गोविंद निषाद और रोहित को नामजद किया गया है। वहीं बरगदवा कुछमुछ पक्ष से छैलबहादुर निषाद, सूरज निषाद, रमेश निषाद, पिंटू निषाद उर्फ रामकृपाल, अनिल निषाद, सुनील निषाद, समरबहादुर निषाद, नन्दलाल, शेष कुमार, रंजीत निषाद, राजेश और लालबहादुर सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष अखण्डदेव मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों के आरोपितों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## पॉलीथीन फेंकने को लेकर दो समुदायों में मारपीट, महिला समेत दो घायल

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना अंतर्गत सुरौली गांव में खेत में पड़ी पॉलीथीन को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। घटना में एक महिला और उसकी भतीजी घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और चार नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, सुरौली निवासी मोहम्मद अली के घर के बगल नीलम गुप्ता का खेत है। सोमवार सुबह नीलम गुप्ता खेत में पड़ी पॉलीथीन और कचरा निकालकर बाहर फेंक रही थीं। इसी बात को लेकर मोहम्मद अली पक्ष से कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि मोहम्मद अली, लाल मोहम्मद, इमरान, आसमा बानो समेत अन्य लोगों ने नीलम गुप्ता के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी भतीजी नीतू भी हमले में घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा तथा मोहम्मद अली, लाल मोहम्मद और आसमा बानो को हिरासत में लेकर थाने ले आई। नीलम गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने मोहम्मद अली, लाल मोहम्मद, इमरान, आसमा बानो समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपितों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। लंभुआ में उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयशंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में व्यापारियों ने एसडीएम प्रीति जैन को विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा, तथा शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की। प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी ने कहा कि मौजूदा समय में लंभुआ बाजार की दुर्दशा हो गई है। बाजार में व्यापारियों का व्यापार करना और आमजन मानस को निवास करना नरक भोगने के समान हो गया है। उन्होंने कहा कि नाली निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। नगर पंचायत क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवारा मवेशी मुख्य मार्गों एवं बाजार में घूमते रहते हैं। वाहन पार्किंग वसूली ठेके में अनियमिता, विद्युत आपूर्ति में सुधार करने तथा यातायात जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा की प्रमुख चैराहों एवं बाजार क्षेत्र में हमेशा जाम के स्थिति बनी रहती है। प्रमुख चैराहों पर ट्रैफिक पुलिस होमगार्ड कर्मियों की नियमित तैनाती कर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई जाए। इस मौके पर शिव शंकर अग्रहरी, सदा सुख अग्रहरि, सुशील बरनवाल, सतीश बरनवाल, प्रदीप अग्रहरि, बाबूराम बरनवाल, राम सकल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कोर्ट ने जानलेवा हमले के आरोपित का रिमांड किया निरस्त, पुलिस को लगा झटका

सुलतानपुर (वीओएल)। गैर इरादतन जानलेवा हमले के मामले में आरोपित जयसिंहपुर कोतवाली के कटात पुरुषोत्तमपुर निवासी शुभम को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता राघवेंद्र प्रताप सिंह ने रिमांड का विरोध करते हुए कहा कि, पुलिस ने विधि विरुद्ध तरीके से आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर लगाई गई धारा में सात वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। फिर भी पुलिस ने मनमाने तरीके से गिरफ्तारी की है। एसीजेएम प्रथम अलंकृता शक्ति त्रिपाठी ने पुलिस रिमांड निरस्त कर आरोपित को रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि, विवेचक प्रेम नरायन ने विधिक प्रावधानों का अनुपालन किये बिना ही आरोपित की गिरफ्तारी की है। अदालत ने आदेश की प्रति सीजेएम व एसपी के पास भेजने का आदेश दिया है। मामला जयसिंहपुर कोतवाली के कटात पुरुषोत्तमपुर गांव से जुड़ा है। यहां के रमेश निषाद ने बीते 24 मई को गांव के शिवम निषाद, शुभम व रमाशंकर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में पुलिस ने गैर इरादतन जानलेवा हमला करने की धारा बढ़ा दी है। रमेश निषाद का आरोप है कि जमीन की रंजिश में आरोपितों ने हमला कर गम्भीर चोटें पहुंचाई है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : सेवा के 12 साल कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

लालगंज, रायबरेली। सेवा और सुशासन को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को लालगंज ब्लॉक परिसर में भव्य जन कल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस दौरान आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, उज्ज्वला, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि जैसी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद हुआ। स्वास्थ्य मेले में डॉक्टरों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण और बीपी-शुगर की जांच की गई। सैकड़ों ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। पूर्व विधायक ने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि ष्पिछले 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के रहे हैं। मोदी सरकार की नीति है - अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना।

## रचना देवगन बनीं जिला अध्यक्ष, सौम्या पटेल को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

लालगंज रायबरेली। अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधि प्रकोष्ठ का विस्तार किया है। सोमवार को लखनऊ बार एसोसिएशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्निहोत्री ने राष्ट्रीय संगठन प्रभारी एडवोकेट अनिल कुमार शर्मा की उपस्थिति में नई नियुक्तियों की घोषणा करते हुए अधिवक्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे। प्रदेश अध्यक्ष ने एडवोकेट रचना देवगन को जिला अध्यक्ष, विधि प्रकोष्ठ लखनऊ तथा एडवोकेट सौम्या पटेल को प्रदेश सचिव, विधि प्रकोष्ठ महिला उत्तर प्रदेश के पद पर मनोनीत किया।

# अनुशासन के साथ मनायें सभी त्योहार : डीएम



रायबरेली। मोहर्रम, श्रावण मास में कांवड़ यात्रा, शिवरात्रि, आस्तिक देव मेला, स्वतंत्रता दिवस, नाग पंचमी, रक्षा बंधन, गंगा स्नान, जन्माष्टमी सहित अन्य आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न संगठनों से आए धर्मगुरुओं एवं प्रतिनिधियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान निर्धारित स्थलों एवं मार्गों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी आयोजन स्थलों एवं मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर चिन्हित समस्याओं का शीघ्र एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिए गए कि जलभराव, गड्ढों एवं साफ-सफाई से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता से दूर किया जाए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि विद्युत लाइनों की जांच कर ढीले तारों एवं कम ऊंचाई वाले तारों को ठीक कराया जाए, जिससे कांवड़ यात्रा एवं जुलूस के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। सभी उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को आपसी समन्वय के साथ मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि सभी थानों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कर स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाए। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से अपील की कि आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार ही त्योहार मनाएं तथा किसी नई परंपरा की शुरूआत न करें। किसी भी समस्या की स्थिति में प्रशासन से तत्काल संपर्क करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जुलूस एवं कांवड़ यात्रा में भड़काऊ अथवा अश्लील गीत-संगीत पर भी रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रखी जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर सतत निगरानी रखी जाएगी तथा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मलमास समापन पर दिव्य विशाल भंडारा का आयोजन

### 1100 कन्याओं को थाली व दक्षिणा देकर भंडारे के आयोजन की हुई शुरुआत



सलोन रायबरेली। विकास क्षेत्र के बाबा झारखंडेश्वर मंदिर मटका में मलमास( अधिकमास ) समापन के बाद 101 कुन्तल गेंहू के आटे से तैयार दिव्य विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सन्तान धर्म के अनुसार यागों प्रवित द्वारा एक हजार एक सौ कन्याओं को सलोन विधायक अशोक कोरी द्वारा भेजी गई कन्याओं के लिए थाली व दक्षिणा देकर प्रसाद ग्रहण कर भंडारे का आयोजन की शुरूआत की गई। देर शाम तक लाखों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। चारो ओर जय जय श्री राम का जयकारा लगाने लगा। हर हर महादेव की गूंज क्षेत्र में इस कदर गूंजी मानो ये सलोन नही शिव की नगरी काशी हो। वही सलोन जगतपुर राज्यमार्ग पर शिव मंदिर पर भव्य सजा डिजीटल जगमगता विद्युत गेट लोगो के आकर्षक का केंद्र रहा। इस मौके पर विधायक अशोक कोरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख कुँवर आजाद सिंह, नगर अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी, अशोक रस्तोगी, सुरेश चैधरी, कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम, अर्जुन पासी सहित आयोजक भंडरा कमेटी में राम सजीवन मौर्य उर्फ बूटी, राकेश श्रीवास्तव, राज कुमार मौर्य, ग्राम प्रधान विजय , रोजगार सेवक वीरेंद्र कुमार मौर्य, राजू श्रीवास्तव, राजू पटवा, पूर्व प्रोफेसर चन्द्र भान सिंह, चन्द्र शेखर रस्तोगी, राहुल अग्रहरि, विपिन मिश्रा, गया दीन मौर्य, विनय मिश्र, सुरेंद्र यादव, शिव कुमार मौर्य, सौरभ अग्रहरि, अखिलेश गिरि, दिनेश मौर्य, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, विकास साहू, अनुपम शुक्ला, इंद्रपाल, डब्लू वर्मा, आदि सहयोगीगण व कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## परशदेपुर पुलिस चौकी में विशाल भंडारे का आयोजन

परशदेपुर रायबरेली। अधिकमास के पावन अवसर पर सोमवार को परशदेपुर पुलिस चैकी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजित विशाल भंडारे में सबसे पहले देवाधिदेव भगवान शिव व बजरंग बली के मंदिर में चैकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज ने विधि विधान से पूजन अर्चन किया और बजरंग बली को भोग लगाया गया, इसके बाद प्रसाद विरतण शुरू कराया गया।

इस दौरान देवाधिदेव महादेव व बजरंग बली के जयकारों की गूंज रही। आयोजित विशाल भंडारे में आस पास सहित आने जाने वाले राहगीरों में प्रसाद स्वरूप छोला चावल और ठंडे शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर विश्वजीत सिंह, सर्वेश यादव, मनमोहन शर्मा, रामलौटन, अमित मोदनवाल, आशीष पांडेय, अनूप पांडेय बबलू द्विवेदी, ऋषभ शर्मा, सुधीर सिंह, रज्जन पांडेय, सतीश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अमन यादव हत्याकांड में 23 को होगी सुनवाई

सुलतानपुर (वीओएल)। अमन यादव हत्याकांड जिला जज सुनील कुमार के आदेश पर ट्रांसफर होकर एडीजे तृतीय राम प्रताप सिंह राणा की कोर्ट में पहुच गया है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने बताया कि बचाव पक्ष ने आरोपी रेनू यादव की डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की है। एक आरोपी को किशोर घोषित करने के लिए अर्जी दी गई है। मामले में अगली सुनवाई 23 जून को होगी। चांदा थाने के साढ़ापुर गांव निवासी अमन यादव की छह दिसंबर 2025 को ईशीपुर फ्लाई ओवर से अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के बाद शव इब्राहीमपुर में गोमती नदी में फेंक दिया गया था। मृतक के चचेरे भाई संदीप यादव ने विजय बहादुर यादव, अजय यादव, दीपक यादव राका समेत कई अन्य आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। मलमास के आखिरी सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः काल से ही श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। दिनभर मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा।

लंभुआ क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा जनवारी नाथ धाम में श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखने को मिली। मंदिर के पुजारी लाल बाबा गिरी ने बताया कि सोमवार को सैकड़ो श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं का आगमन सुबह चार बजे से ही शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मंदिर परिसर में फूल-माला, बेलपत्र और प्रसाद की दुकानों पर दिनभर रौनक बनी रही। वहीं महिलाओं ने पूजा सामग्री के साथ-साथ श्रृंगार का सामान भी खरीदा। धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।

# अरवल कीरी करवत में पूर्व प्रधान का शव फंदे से लटका मिला

### दो साल से मानसिक बीमारी से पीड़ित थे पूर्व प्रधान



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अरवल कीरी करवत गांव में सोमवार सुबह पूर्व प्रधान हरिबंश वर्मा (71) का शव घर के पीछे हाते में टिनशेड के नीचे गमछे के सहारे फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

परिजनों के अनुसार हरिबंश वर्मा करीब दो वर्ष पूर्व हुई सड़क दुर्घटना के बाद मानसिक बीमारी से पीड़ित थे और उनका इलाज चल रहा था। सोमवार सुबह वह प्रतिदिन की तरह टहलने के लिए घर से निकले थे। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। सुबह करीब आठ बजे उनका शव घर के हाते में टिनशेड के नीचे बल्ली से गमछे के सहारे लटकता मिला। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सुनील सिंह, थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा तथा भटमई चैकी इंचार्ज सुनील सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी दौलती देवी, विवाहित पुत्र संदीप वर्मा तथा विवाहित पुत्री सावित्री को छोड़ गए हैं। पुत्र संदीप वर्मा हैदराबाद में कृषि विभाग में रिसर्चर के पद पर कार्यरत हैं। थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा ने बताया कि मृतक पिछले दो वर्षों से मानसिक बीमारी से पीड़ित थे। प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## विशाल भण्डारे के बाद हुआ सम्मान समारोह

भटनी( देवरिया )स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम साहोपार टोला महदेवा में स्थित प्राचीन शिवस्थल पर आधिमास के अन्तिम सोमवार को हरिनाम संकीर्तन के समापन के अवसर पर आयोजित विशाल भण्डारे के बाद एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष कालीप्रसाद के अलावे दर्जनो मानिन्दो को आयोजंन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया ।मन्दिर पर चल रहे 24घण्टे के हरिनाम संकीर्तन के कलाकारों ने रविवार को आठ बजे रात्रि से दस बजे तक भोलेनाथ गणेश जी सुदामा कृष्ण की मित्रता की मनमोहन झांकी निकाल कर उपस्थित श्रध्दालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।भण्डारे के बाद आयोजन समिति के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मन्दिर जीर्णोद्धार के लिए मेरे तरफ से पुरा प्रयास होगा ।

# सुशासन और सम्मान की भावना के साथ जन कल्याणकारी शिविर आयोजित

जिला संवाददाता

देवरिया। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ की मूल भावना के साथ जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशन में सलेमपुर तहसील सभागार में सोशल सेक्टर से जुड़े विभागों का जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम रहीं। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण-पत्र तथा दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित की।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार गरीब, पिछड़े, मजलूम एवं बेसहारा व्यक्तियों के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी जरूरतमंद लाभ से वंचित न रहे।

### लाभार्थियों को वितरित किये गयेस्वीकृति पत्र और प्रमाण-पत्र

राज्य मंत्री द्वारा समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 16 छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र तथा 10 वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना के तहत 6 दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल वितरित की गई।

इसी क्रम में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 7 छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। महिला कल्याण विभाग की कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के 10 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा



छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 10 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सलेमपुर अमरेश, मंडल अध्यक्ष पुनीत यादव, जिला मंत्री अभिषेक जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष अनूप, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक तिवारी सहित सोशल सेक्टर से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, प्रबुद्धजन, लाभार्थी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। शिविर के नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय रहे उल्लेखनीय है कि जनकल्याणकारी शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत अगला शिविर 17 जून को तहसील बरहज में आयोजित किया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों से शिविर में उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

## हर घर सोलर सम्मेलन में 300 से अधिक उपभोक्ताओं का हुआ सम्मान

देवरिया। इलेक्ट्रो ग्रीन सॉल्यूशंस द्वारा शहर के एस.आर. पैलेस में ₹हर घर सोलर सम्मेलन₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नत्थन शुक्ला ने की ।जनपद में कंपनी द्वारा 300 से अधिक घरों में सोलर संयंत्र स्थापित किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि अनुराग सिंह तथा विशिष्ट अतिथियों राणा प्रताप सिंह, मानव जसानी, अविनाश उपाध्याय, इंद्रकुमार दीक्षित, रमेश चंद्र तिवारी एवं राम प्रताप शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर सौर ऊर्जा अपनाने वाले उपभोक्ताओं को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा अपनाने की अपील की ।इलेक्ट्रो ग्रीन सॉल्यूशंस के निदेशक रोहित शुक्ला ने सोलर योजनाओं, सब्सिडी एवं सोलर ऊर्जा से होने वाले लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रविकांत मणि त्रिपाठी ने किया ।अंत में राहुल शुक्ला ने सभी अतिथियों, उपभोक्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी अतिथियों एवं उपभोक्ताओं के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया गया।

## सड़क पर बांस लगाकर रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप, दो के खिलाफ केस दर्ज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम लालचक में नवनिर्मित सड़क पर बांस लगाकर रास्ता अवरुद्ध करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्राम लालचक निवासी राहुल कुमार चौरसिया पुत्र शिवकुमार चौरसिया ने आरोप लगाया कि उपजिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में 11 जून को राजस्व लेखपाल द्वारा पुलिस टीम के साथ गांव में सड़क का सीमांकन कर ईंट बिछवाया गया था। आरोप है कि 12 जून को गांव के ही नागेंद्र यादव व हरेंद्र यादव ने उक्त नवनिर्मित सड़क पर बांस लगाकर रास्ता बंद कर दिया ।पीड़ित का आरोप है कि बांस हटाने के लिए कहने पर दोनों आरोपियों द्वारा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में राहुल कुमार चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने नागेंद्र यादव व हरेंद्र यादव निवासी लालचक, थाना भटनी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बुजुर्गों के सम्मान व अधिकारों की रक्षा के प्रति किया जागरूक




कुशीनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर सोमवार को कसया तहसील सभागार में विधिक जागरूकता व साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बुजुर्गों के अधिकारों, उनके संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा समाज में उनके सम्मानजनक जीवन की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई।

?कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार धर्मवीर सिंह ने कहा कि बुजुर्ग परिवार व समाज की अमूल्य धरोहर हैं।उनके अनुभव व मार्गदर्शन से नई पीढ़ी को दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार न केवल सामाजिक दृष्टि से अनुचित है, बल्कि कई मामलों में यह कानूनन दंडनीय भी है। उन्होंने सभी से बुजुर्गों के सम्मान व संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। पैरा लीगल वालेंटियर (पीएलवी) एडवोकेट रामाश्रय उर्फ पप्पू पांडेय ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर विभिन्न वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता, संरक्षण संबंधी प्रावधानों तथा निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से जरूरतमंद बुजुर्गों को न्याय दिलाने में सहयोग करने का आह्वान किया।शिविर को पीएलवी अनुसूईया सिंह, पीएलवी ज्योति पांडेय, नायब नाजिर मनीषा शुक्ला व राजस्व निरीक्षक ब्रजेश मणि ने भी संबोधित किया तथा बुजुर्गों के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान लेखपाल संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे, राजस्व निरीक्षक अशोक भारती, हरिश्चन्द्र, हरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभावती देवी, मुबारक अली, फिरोज अली, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

# दिवंगत थाई राजकुमारी की आत्मा की शांति को लेकर भिक्षुओं ने किया पाठ

कुशीनगर। थाईलैंड की दिवंगत राजकुमारी बज्र कितियाभा नरेंद्र देब्यावती (47 वर्ष ) की आत्मा की शांति को लेकर वियतनामी भिक्षु पञ्ञकारा थेरो और भिक्षुओं ने थाई मंदिर के उपोसथ हाल और मुकुट बंधन चैत्य ( रामा भार स्तूप ) परिसर में बुद्ध का पूजन अर्चन और शांति पाठ किया।

विश्व को शांति का संदेश देने निकले वियतनामी भिक्षु पञ्ञकारा थेरो रविवार को अपने कुशीनगर भ्रमण के क्रम में थाई मॉनेस्ट्री पहुंचे और थाई मंदिर में प्रमुख भिक्षु फ्राविडेश्चेरियन (डॉ. पी सोम पोंग) के निर्देशन में भिक्षुओं के साथ शांति पाठ में भाग लिया।शांतिदूत डॉग आलोक भी सभी कार्यक्रम में शामिल रहे। जिन्हें भिक्षु बोधिसत्व के रूप में भी मानते हैं। इसके पश्चात रामा भार स्तूप परिसर में धम्म पाठ के बीच दिवंगत राजकुमारी के चित्र के समक्ष थाई भिक्षु सों क्रान, भंते महेंद्र, भंते नंदका, भंते अशोक,



भिक्षु शील प्रकाश, भिक्षु कुंचुक लामा, भिक्षु डॉ कितिफान, भिक्षु, भिक्षु विनय कीर्ति, भिक्षु राजिंद्रा, भिक्षु अनुवत, पी पविन, पी आदि भिक्षुओं ने शांति पाठ किया।

भिक्षु ने राजकुमारी के निधन पर गहरा शोक जताया। वर्ष 2017 में थाई राजकुमारी बोध गया, सारनाथ, लुंबिनी और कुशीनगर यात्रा पर आई थीं। राजकुमारी ने कुशीनगर में गरीबों को तीस गायों को दान दिया था। वह तीन वर्ष कोमा में थीं और इलाज के दौरान उनका निधन 12 मई को हो गया। उनका समाज सेवा और कूटनीतिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान है। इस दौरान अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा सहित डॉ बीएन सिंह, भारतेंदु सिंह, काजल यादव, सीमा सिंह सहित उपासक मौजूद रहे।

## करंट से युवक की मौत, पत्नी भी झुलसी

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बभनौली कला गांव में सोमवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पति को बचाने के प्रयास में उसकी पत्नी भी करंट से झुलस गई। घायल महिला का इलाज देवरिया मेडिकल कॉलेज में चल रहा है ।जानकारी के अनुसार, बभनौली कला निवासी सुरेश राजभर का 25 वर्षीय पुत्र विकास राजभर घर के एक कमरे में कपड़ा उतारने गया था। इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया और तार से चिपक गया। पति को करंट लगा देख रसोई में खाना बना रही पत्नी प्रतिमा राजभर उसे बचाने दौड़ीं, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गईं ।घटना की जानकारी होते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले गए, जहां चिकित्सकों ने विकास राजभर को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से झुलसी प्रतिमा राजभर का इलाज देवरिया मेडिकल कॉलेज में चल रहा है ।बताया जाता है कि विकास राजभर की शादी करीब दो वर्ष पहले हुई थी। उसके परिवार में पत्नी के अलावा डेढ़ वर्ष का एक पुत्र भी है। युवक की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## स्वतंत्रता सेनानी के सुपुत्र एडवोकेट वीरेन्द्र त्रिपाठी के निधन पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

बरहज,देवरिया। नगर के नंदना वार्ड पश्चिमी निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व नगर पालिका परिषद गौरा बरहज के पूर्व चेयरमैन पण्डित विश्वनाथ त्रिपाठी जी के सुपुत्र एडवोकेट वीरेन्द्र त्रिपाठी के असामयिक निधन पर कांग्रेसियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है ।स्थानीय कांग्रेस कार्यालय लाजपत भवन पर उपस्थित होकर कांग्रेसियों ने श्री त्रिपाठी के निधन पर दो मिनट का मौन रख शोक प्रकट किया ।बेहद सरल स्वभाव के मिलनसार,मृदुभाषी एवं सामाजिक व्यक्तित्व के धनी श्री त्रिपाठी के निधन पर शोक प्रकट करने वालों में मुख्य रूप से ब्लाक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, पूर्व प्रत्याशी रामजी गिरि,जिला महासचिव मार्कण्डेय मिश्र, राकेश तिवारी, विजय नेता,डा शैलेन्द्र जायसवाल,ब्यास दुबे, नरेन्द्र सिंह, राधारमण पाण्डेय, कृष्ण कुमार तिवारी, मायाशंकर सिंह, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय,राकेश श्रीवास्तव, रवि प्रकाश तिवारी, शंकर दयाल मिश्र,अच्छेलाल गोंड,संतोष कुमार यादव, सुनील कुमार पाण्डेय, धीरज यादव, अखिलानंद तिवारी,इमरान मलिक, इसराइल अली, नरेश चंद आदि रहे।

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पथरगामा विकासखंड कार्यालय में योजनाओं का किया उद्घाटन



देवरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खण्ड पथरदेवा में आयोजित जनकल्याण मेला एवं स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सामिल हुए उपस्थित ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही , मंडल अध्यक्ष हरीश शाहीइस अवसर पर विकास खण्ड परिसर में जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया, जिनमें गोशाला से कृषि गोदाम तक सीसी रोड निर्माण कार्य, फ्रंट गेट से शौचालय तक सीसी रोड निर्माण कार्य तथा विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य प्रमुख रहे ।कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए, जिससे उन्हें बेहतर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

# समाजसेवी सुरेश गुप्ता ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, नेताओं ने जतायी प्रसन्नता

देवरिया। लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के समक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. अजीत नारायण मिश्र, पारसनाथ गुप्ता तथा राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा भी उपस्थित रहीं। सुरेश प्रसाद गुप्ता के भाजपा परिवार में शामिल होने पर देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की शुभकामनाएं दीं ।इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, प्रवीण निखर, प्रेम अग्रवाल, जीवन बरनवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अंतरामी सिंह, विधायक




सुरेन्द्र चौरसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय शाही, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, रौनियार वैश्य समाज के पारस गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, प्रशांत कुमार, देवरिया देहात मंडल अध्यक्ष राजन यादव, मंडल अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राजेश निषाद सहित अनेक भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री गुप्ता को शुभकामनाएं दीं।

## जनांदोलन बन गया है एक पेड़ मां के नाम अभियान

देवरिया ।केन्द्र की नरेंद्र मोदी वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा विभिन्न प्रकार के अभियान चलाये जा रहे है ।इसी के क्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पूर्व सांसद डा.रमापतिराम त्रिपाठी ने सोमनाथ मंदिर परिसर में पौधरोपण किया ।इस दौरान उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक विशेष राष्ट्रव्यापी पर्यावरण वृक्षारोपण कार्यक्रम है।

इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पौधा लगाकर की थी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य माताओं के प्रति सम्मान प्रकट करना और साथ ही बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं से धरती की रक्षा करना है ।अब यह अभियान जनांदोलन का रूप ले चुका है।

## असम पुलिस के हवलदार शिवजी तिवारी का निधन

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम नोनापार निवासी भाजपा नेता गिरधारी तिवारी के चाचा शिवजी तिवारी पुत्र स्वर्गीय रामाशंकर तिवारी जो कि असम पुलिस में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। ड्यूटी के दौरान ब्रेन हैमरेज से निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई ।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवजी तिवारी वर्ष 2001 से असम पुलिस में और वर्तमान में असम के तिनसुकिया जिले के एसपी कार्यालय में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने ब्रेन हैमरेज के कारण उन्हें मृत घोषित कर दिया ।सूचना मिलने पर उनकी पत्नी धर्मिला तिवारी और विभागीय लोग अस्पताल पहुंचे। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव नोनापार लाया गया। रविवार 14 जून को भागलपुर में उनका अंतिम संस्कार किया गया ।शिवजी तिवारी के पिता स्वर्गीय रमाशंकर तिवारी भी असम पुलिस में कार्यरत रहे थे, जबकि उनके बड़े भाई मुन प्रकाश तिवारी असम पुलिस में इंस्पेक्टर पद पर तैनात हैं ।इस दौरान भाजपा नेता गिरधारी तिवारी, ईश्वर दयाल तिवारी, रामचंद्र नाथ तिवारी, श्रीराम तिवारी, रामनाथ तिवारी, पद्मना तिवारी सहित परिवार के सदस्य राघवेंद्र नाथ तिवारी, विनय कुमार तिवारी, नन्हें तिवारी, सर्वोदय नाथ तिवारी, पंडित गंगेश्वर नाथ तिवारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# मां की पुण्य स्मृति में किया शरबत वितरण




इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के सम्मानित सदस्य डा. अशोक चैधरी एवं राजेंद्र कुमार दीक्षित एडवोकेट की माता स्व. श्रीदेवी की पुण्य स्मृति में सोमवार को जिला अस्पताल परिसर में शाखा द्वारा संचालित प्याऊ स्थल पर हजारों लोगों को शरबत वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्व. श्रीदेवी के चित्र पर पुष्पार्पण कर वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। शाखा के हरिदत्त दीक्षित ने कहा कि हमारे सम्मानित सदस्य डा. अशोक चैधरी एवं राजेंद्र कुमार दीक्षित की पूज्या माता श्रीदेवी अपने नामानरूप एक बहुत ही भद्र, संस्कारवान तथा धर्मपरायण महिला थीं, उनके पारमार्थिक संस्कार उनके बच्चों में भी आए और दोनों दीक्षित बंधु भी समर्पित भाव से समाज की सेवा में लगे हुए हैं, जो हम सबके लिए प्रेरणा की बात है। राजेंद्र कुमार दीक्षित ने सभी उपस्थित सदस्यों को मिष्ठान्न खिलाकर सभी का आभार जताया।

शरबत वितरण कार्यक्रम में शाखा के सचिव महेश कुमार बाथम, कोषाध्यक्ष सीबी मिश्रा, प्रांतीय गतिविधि संयोजक केके त्रिपाठी, एसएन दुबे, डा. अशोक कुमार चैधरी, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, कृष्णकुमार यादव, घनश्याम तिवारी, विनोद त्रिपाठी, आचार्य महेश चंद्र तिवारी, जगदीश सिंह यादव, कौशल चंद्र चतुवेर्दी, महिला अध्यक्ष सरिता चतुवेर्दी, अवधेश सविता, संजय मिश्रा, राज कुमार शर्मा, राजनारायण चैधरी, महेश चंद्र राजपूत, अरविंद कुमार पोरवाल, हरि प्रकाश शुक्ला, राकेश चैरसिया, विनय कुमार पांडे, रवि शंकर चैधरी, अखिलेश चतुवेर्दी, पवन शर्मा, जितेंद्र कुमार शुक्ला, ओम बाथम आदि सहयोगी रहे।

# आयुर्वेदिक चिकित्सालय की ओर से मुहल्ला उझैदी में कैम्प लगा

इटावा। जिला पंचायत आयुर्वेदिक चिकित्सालय की ओर से मुहल्ला उझैदी में आयुर्वेदिक टीम द्वारा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें एक सैकड़ा से अधिक मरीजों ने डा. कमल कुमार कुशवाहा को अपनी अपनी बीमारी से अवगत कराया जिसे बखूबी डा. कमल कुमार कुशवाहा ने महिला, पुरूष व बच्चों को देखा जिसमें वृद्ध पुरूष व महिलाओं ने डाक्टरों से अपनी बीमारी साझा की सभी लोग निशुल्क दवा पर खुश नजर आए। आज योगा स्वस्थ नुमाइश स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वृद्धावस्था लोगों को जागरूक किया गया जिसका शुभारंभ सरिता भदौरिया ने सुबह 6.30 बजे किया 21 जून तक पूरे जिले में योगा स्वस्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिला पंचायत आयुर्वेदिक चिकित्सालय की ओर से मुहल्लों में कैम्प का आयोजन लगातार किया जा रहा है। आज सोमवार



को सुबह 9 बजे से लगभग साढ़े 12 बजे तक मरीजों को देखा व निशुल्क दवा वितरण कार्यक्रम चलता रहा। डा. कमल कुमार कुशवाहा प्रभारी चिकित्सालय अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ने अपनी टीम के सुशील कुमार, सिद्धार्थ वर्मा व अन्य लोगों के साथ मुहल्ला उझैदी में आकर कैंप लगाया जिसकी मुहल्ले के लोगों ने काफी प्रशंसा की। कैम्प को सफल बनाने में मो. शारिक, सलाउद्दीन मंसूरी, जियाउद्दीन, लल्ला अंसारी, इरशाद मंसूरी आदि रहे। मंजूर खां, इश्तियाक खा, शबनम, सिलपा जैन, इकबाल, अतीक, रिहाज, तबस्सुम, अनीस, इकरार, सरला देवी, समा, मेहराज बानो, लईक, रूकसार, चांदबीबी, रेशमा, नाजिया, नूरजहां, कामिल, सालिम, रवि प्रताप आदि तमाम सैकड़ों मरीजों ने दिखाकर निशुल्क दवा प्राप्त की।

## कॉलेज की छात्रा पूजा बनीं एम्स गोरखपुर में नर्सिंग अधिकारी

इटावा। चै. सुघर सिंह नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज, जसवंतनगर की बी.एससी. नर्सिंग की छात्रा पूजा कश्यप ने राष्ट्रीय स्तर की नर्सिंग भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर में नर्सिंग अधिकारी पद पर चयनित होकर संस्थान एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। पूजा कश्यप की इस उपलब्धि पर कॉलेज परिवार में हर्ष का माहौल है। संस्था के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पूजा की सफलता उनके कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां ही किसी भी शैक्षणिक संस्थान की वास्तविक पहचान होती हैं और पूजा ने संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। संस्था की निदेशक डॉ. रीमा मंडल ने पूजा कश्यप को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक प्रशिक्षण एवं बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे वे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे सकें। अपनी सफलता पर पूजा कश्यप ने अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं चै. सुघर सिंह नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान से प्राप्त शिक्षा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कॉलेज परिवार ने पूजा कश्यप को इस सफलता पर बधाई दी है।

## तनाव से परेशान युवक ने फन्दा लगाकर की आत्महत्या

इकदिल, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुरा में सोमवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में फन्दा लगने से मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम पर्वतपुरा निवासी नरेंद्र राजपूत (28) पुत्र रामनरेश सोमवार दोपहर करीब 12 बजे बाइक लेकर घर से निकले थे। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान ग्राम बुसा के समीप जंगल क्षेत्र में एक बबूल के पेड़ पर उनका शव फंदे से लटका मिला। परिजन उन्हें तत्काल नीचे उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची इकदिल थाना पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पानी भरे इंजेक्शन और अधोमानक दवाएं

मनोज वार्ष्णेय

राजस्थान में दवाओं के कारण एक दर्जन के करीब प्रसूताओं की किडनियां फेल हो जाने से तहलका मच गया है। यहां गत दो माह में कम से कम आधा दर्जन से अधिक प्रसूताओं की मौत हो चुकी है तथा कई की किडनियां इतनी खराब हो चुकी है कि वह 'लाइफ सपोर्ट' पर जिंदा हैं। इनके नवजात मासूम बच्चे अब दादी-नानी के भरोसे पल रहे हैं। गत माह कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज में सिजेरियन के बाद अचानक तबीयत बिगड़ी और एक-एककर पांच महिलाओं की मौत हो गई। अब जून माह में बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में यही कहानी दोहराई गई और सिजेरियन प्रसव के बाद यहां पर आधा दर्जन प्रसूताओं की तबीयत खराब होने पर उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया। उनकी भी किडनियां खराब होना बताया जा रहा है। प्राथमिक तौर पर कहा जा रहा है कि जिन इंजेक्शनों में दवा होनी चाहिए थी, उनमें पानी था। इससे यह स्थिति बनी है? यह वह मामले हैं, जो सामने आ गए हैं और न जाने ऐसे कितने मामले हैं जो दूसरे बहाने बनाकर बंद कर दिए जाते हैं। राजस्थान के मामले यह बताने के लिए काफी है कि यहां की चिकित्सा व्यवस्था का क्या हाल है?

> जून माह में बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में यही कहानी दोहराई गई और सिजेरियन प्रसव के बाद यहां पर आधा दर्जन प्रसूताओं की तबीयत खराब होने पर उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया। उनकी भी किडनियां खराब होना बताया जा रहा है।

जिस तेजी से वैज्ञानिक और चिकित्सा संस्थान बीमारियों से बचाव के लिए नित नये रास्ते तलाश रहे हैं, ठीक उसी तरह से अस्पतालों में हो रही मरीजों की मौत के लिए जिम्मेदार खुद के बचाव के रास्ते तलाश रहे हैं। हालात इतने बदतर हो गए हैं कि खुद मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा मंत्री परेशान हैं। मरीजों को बेहतर उपचार मिले इसके लिए भारी भरकम स्टाफ होने के बाद भी मुख्यमंत्री को खुद कार्रवाई करनी पड़ रही है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे प्रदेशों में दवाओं की स्थिति से कहीं गंभीर हालत एंबुलेंस की भी है। घटिया दवाओं के सप्लायरों ने इतना मकड़जाल फैला रखा है कि मरीजों की मौत के बाद उन पर कोई कार्रवाई तब तक नहीं होती जब तक यह सिद्ध न हो जाए कि मरीज की मौत अमुक दवा से हुई है और यह सिद्ध होने में वर्षों गुजर जाते हैं। खंडहर में तब्दील होती अस्पतालों कि बिल्डिंगों में छतों से गिरता प्लास्टर मरीजों की जान ले रहा है, एबुंलेंसों में आक्सीजन नहीं होने के कारण मरीज दम तोड़ रहे हैं, रियायती



दरों पर मिलने वाली दवाओं की दुकानों पर सीनियर सिटीजन को लाइनों में घंटों लगना पड़ रहा है, महिला मरीजों के साथ स्टाफ के द्वारा अभद्र और शोषण के कारनामें रोज सामने आ रहे हैं। इस सबके बीच ओपीडी को छोड़िए, ऑपरेशन थियेटर में ही डॉक्टरों के लिए मरीज इंतजार करते हैं। इमरजेंसी में पट्टियां तक मरीजों से मगाई जाती हैं, चूहों द्वारा बच्चों को काटना तो एक आम बात हो चुकी है। हालात की गंभीरता ऐसे समझिए कि माइनर ओटी में स्टेर्लाइज मशीन तक चालू नहीं हो रहीं हैं। कोटा में मई माह में न्यू मेडिकल कालेज में सिजेरियन के बाद प्रसूताओं की हालत बिगड़ी तो पता चला कि उनकी किडनियां खराब हो रही हैं। बाद में किडनियों के फेल होने पर हंगामा हो गया और उन्हें आईसीयू में ले जाया गया। जब यहां पर जांच हुई तो स्पष्ट हुआ कि दवाओं में गड़बड़ी थी। फ्लूड और इंजेक्शन लगाने को समस्या का कारण माना गया, तब तक वे महिलाएं क्रिटिकल स्टेज पर पहुंच चुकी थीं। स्टाफ की स्थिति यह थी कि उसने तत्काल स्थिति को संभालने के स्थान पर सुबह बुलाया और अब यही कहानी बीकानेर में पीबीएम अस्पताल में रिपीट हुई है। यहां पर वही समस्याएं हुई जो कोटा में हुई थीं।

## सरकारी चिकित्सा सेवाओं की बदहाली

आखिर क्या कारण है इन समस्याओं का? चिकित्सक इसके पीछे ओटी में इन्फेक्शन की बात कहते हैं। वे इस बात को भी मानते हैं कि यदि यहां पर इंफेक्शन डिटेक्टर होता तो डेड़ मिनट में पता चल सकता है कि बीमारी इन्फेक्शन के कारण तो नहीं हुई। मतबल यह कि जिन ऑपरेशन थियेटर में उपचार हो रहा है, वह अधूरी तैयारी से चल रहे हैं। मामले को कितनी गंभीरता से लिया जा रहा है, इसका एक उदाहरण देखिए। राज्य के चिकित्सा मंत्री कह रहे हैं कि डिलीवरी के बाद महिलाओं को जो टोसिन इंजेक्शन लगाया जाता है, उसमें दवा थी ही नहीं। वे उसमें पानी होना मानते हैं। इसके विपरीत ड्रग कंट्रोलर कमिश्नर टी सुमंगला कह रही हैं कि इंजेक्शन के कारण नहीं बल्कि इन इंजेक्शन के बाद जो दवाएं उन्हें दी जानी चाहिए थीं, वह नहीं दी गईं। दोनों की बातें सामन्य तौरपर भी सही मानी जाएं तो इसके लिए उनका विभाग और जिम्मेदार चिकित्सक पूरी तरह से दोषी हैं।

मदद की गुहार, मौत का परवाना बन रही चिकित्सा व्यवस्था में जब जिम्मेदारों के बयान ऐसे हैं, तो उपचार की दशा क्या होगी? संभवतः यही कारण है कि जब मुख्यमंत्री खुद अस्पताल में जाते हैं, तो उन्हें मरीजों की लाइनें देखकर अचंभा नहीं होता। वह समझ जाते हैं कि मामला कहां गड़बड़ है। डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस दिलवाने के लिए जब मुख्यमंत्री को आदेश देना पड़े तो समझ में आ जाता है कि किस तरह से उपचार के नाम पर मरीजों का शोषण हो रहा है। इस समय भारत के अधिकांश मेडिकल कॉलेज या बड़े सरकारी अस्पतालों की इमारतें कम से कम 100 साल पुरानी हैं। चाहें वह लखनऊ की किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज हो, जयपुर का एसएसएस कॉलेज हो या फिर देश के वह अस्पताल जहां पर आउटडोर कम से कम 20 हजार का है और इंडोर में इतने मरीज हैं कि एक बेड पर दो दो मरीज रहते हैं।

अस्पतालों की खराब स्थिति यह है कि कब कहां की छत का प्लास्टर गिर जाएगा, पता ही नहीं होता। कितनी बार तो ऑपरेशन के दौरान ही फॉल सीलिंग या छत से सीमेंट गिर गया है। कई मामले सीलिंग फैन के गिरने से मरीज के गंभीर घायल होने तक के सामने आ चुके हैं। सवाई माधोपुर में सरकारी अस्पताल में छत का एक हिस्सा गिरने से महिला और दो बच्चियां घायल हो गईं, लखनऊ में वीआईपी अस्पताल का दर्जा पाए सिविल अस्पताल में फॉल सीलिंग गिरने से खुद मुख्यमंत्री नाराज हुए थे। चूहे तो वार्डों में ऐसे घूमते हैं जैसे वह भी मरीज हों और यहां पर उपचार के लिए आए हुए हों? मासूम बच्चों को काट लेना आम घटनाएं हैं, जिन्हें अस्पताल प्रशासन यह कहकट टाल देता है कि जहां पर खानेपीने की वस्तुएं होंगी, वहां पर यह आम बात है। जोधपुर के एसएन मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग में मरीजों को चूहों ने काट लिया, तो उसके लिए एक कमेटी बनाई गई जिसका काम था कि वह देखे कि मरीजों को चूहों ने काटा है या फिर यह कुछ और है? एक चिकित्सक अगर देखकर यह समझ नहीं सकता कि बीमारी का प्रारंभिक कारण क्या है, तो उपचार के स्थान पर बीमारी ही मिलेगी। इंदौर में भी यही कहानी थी। अब जब बारिश का मौसम आ रहा है तो करंट लगने की घटनाओं के साथ ही वार्डों में पानी भरने से हालात और बिगड ? वाले हैं।

ऐसी स्थिति में सीनियर सिटिजन को उपचार के लिए अलग से लाइन की सुविधा, फिजियोथैरेपी के लिए प्राथमिकता मिलना दूर की बात है। छोटे बच्चों की बात करना बेमानी है, क्योंकि अभी अधिक दिन नहीं हुए हैं जब उनको पिलाए जाने वाले सीरप ने मौत का परवाना जारी कर दिया था और पूरे देश में ही नहीं विदेशों में भी सीरप पर रोक लगानी पड़ी थी। दवा और अस्पतालों के साथ ही एक नजर एंबुलेंसो की स्थिति पर डाल लें। देश में इस समय कई तरह से एंबुलेंस रन कर रही हैं। पर उनकी दशा उतनी ही खराब है, जितनी की अस्पतालों में दी जाने वाली दवाओं की।

# अमरीका की बेशर्मी

अमरीका हमेशा साम्राज्यवादी अकड़ में रहता है। वह किसी का दोस्त नहीं है। इसलिए भारत को इस भुलावे में नहीं रहना चाहिए। बीते एक-डेढ़ साल में अमरीका ने हर तरह से भारत को अपमानित किया, टैरिफ लगाया, युद्ध में पाकिस्तान के पक्ष में रहा, भारतीयों को निकाला और भारतीय नाविकों की हत्या की। लेकिन एक बार भी इस बेशर्म देश को कोई अपराध बोध महसूस नहीं हुआ। ऊपर से अकड़ दिखाकर अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यह साबित कर दिया है कि ट्रंप में प्रशासन को बेगुनाहों की मौत पर कोई संवदेना नहीं, उल्टे बेशर्म अकड़ भरी हुई है। वैसे ट्रंप जैसा अस्थिर व्यक्ति कुछ भी कर सकता है। वह तो ईरान को खत्म करने की बात करते थे। ईरान युद्ध का बेहद अमानवीय पक्ष यह भी रहा है कि भारतीय नाविकों के लिए हरेक दिन 'कयामत' साबित हो रहा था। होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग के आसपास अथवा ओमान तट के करीब अमरीकी सेना ने उन जहाजों पर भी मिसाइल हमले किए हैं, जिन पर भारतीय नाविक सवार थे और अन्य भारतीय चालक दल के कामगार भी मौजूद थे। बेशक जहाज



होर्मुज पर ईरानी सेना की नाफरमानी करे अथवा अमरीकी नाकेबंदी को नजरअंदाज करे, हर स्थिति में मौत निश्चित है। अमरीकी हमलों में अभी तक कुल 7 नाविकों की मौत हुई है। यकीनन यह भारत-अमरीका की रणनीतिक साझेदारी का घोर उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को धता बताने वाला 'युद्ध अपराध' भी है। भारत के प्रशिक्षित मानव संसाधनों को नष्ट करना भी है। यह खतरा भारत ही नहीं, यूरोप, एशिया के वे देश भी झेल रहे हैं, जिनके जहाज तेल, गैस, खाद, मशीनरी, खाद्य एवं अन्य रोजमर्रा की सामग्री आदि लेकर होर्मुज-ओमान से गुजरने को बाध्य हैं। हालांकि भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने दिल्ली में अमरीकी चार्ज डी अफेयर्स (एक किस्म का राजदूत) को तलब कर कारोबारी जहाजों और नागरिक ढांचे पर हमले तुरंत बंद करने को कहा। भारत ने कड़ा राजनयिक विरोध भी दर्ज कराया है, लेकिन अमरीका ऐसी फटकार, सख्त रवैये की परवाह कहां करता है? वह अपनी सुविधा के मुताबिक कानूनों की व्याख्या करता है और उन्हें मानता है। रणनीतिक साझेदारी दो खूबसूरत शब्द हैं, लेकिन अमरीका उनके मर्म को नहीं जानता। केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय ने खुलासा किया है कि 13 भारतीय ध्वज वाले जहाज और 562 भारतीय नाविक अब भी होर्मुज क्षेत्र में मौजूद हैं बल्कि वे फंसे हुए हैं। पूरे खाड़ी क्षेत्र में 18,000 से अधिक भारतीय नाविक काम कर रहे हैं। वे दूसरे देशों के जहाजों पर भी तैनात हैं। ऐसे में युद्ध के बढ़ने या अमरीका-ईरान के आपसी तनाव के मद्देनजर भारत के समुद्री और ऊर्जा-हितों पर भी असर पड़ता है। दरअसल जब से ईरान युद्ध भड़का है, तब से करीब 20,000 नाविक, अधिकतर भारतीय नाविक, होर्मुज के वैश्विक जलमार्ग के आसपास फंसे हैं। उनमें से कई ऐसे बड़े जहाज हैं, जिन पर भोजन, पानी आदि खत्म होने को है और नाविकों का मनोबल भी खतरनाक रूप से टूटता जा रहा है। अब भी 1600 से अधिक जहाज फारस और ओमान की खाड़ी में फंसे हुए हैं। उन पर करोड़ों रुपये का तेल, गैस, अन्य सामान है। वे कब तक समंदर में खड़े रह सकते हैं? ऐसे में वैश्विक समुद्री व्यापार का क्या होगा? जहाजों की मालिक कंपनियां 'हत्यारे हमलों' के बीच कारोबार क्यों करेंगी? दुनिया में जो 20-25 फीसदी तेल, गैस, खाद, अन्य सामान इस संकरे जलमार्ग से गुजरता था, उसका क्या होगा और देश घोर संकट झेलने को विवश होंगे? इन तमाम संदर्भों में राष्ट्रपति ट्रंप को वैश्विक अस्थिरता का खलनायक मानना चाहिए। कुछ हद तक ईरान की जिद और होर्मुज को हथियार की तरह इस्तेमाल करने की रणनीति भी इस संकट के लिए जिम्मेदार है। बहरहाल अब अमरीका और ईरान युद्ध खत्म कर वार्ता के लिए सहमत हुए हैं, होर्मुज के रास्ते नौवाहन सामान्य हो जाने की उम्मीद है, लेकिन भारत को इस संकट से सबक लेकर भविष्य की पुख्ता तैयारी करनी चाहिए। इसमें ऊर्जा सुरक्षा, प्रवासियों की सुरक्षा के साथ ही अमरीका जैसे देशों की अकड़ ढीली करने का हौसला विकसित करना होगा।

## विचार

मस्तिष्क का अपना एक अलग स्थान है। वह स्वर्ग को नरक में और नरक को स्वर्ग में बदल सकता है।

-मिल्टन.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-लोकोक्ति.

अग्नि भोजन को पचाती है, उपहास दोषों को पचाता है।

-आयुर्वेद.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

-तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

-शेक्सपियर.

## सोशल मीडिया



आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में विगत 12 वर्षों में भारत के मध्यम वर्ग के सपनों और आकांक्षाओं को नयी उड़ान मिली है। योगी आदित्यनाथ, सीएम.



पश्चिम बंगाल राज्य विधान सभा चुनाव में इस्तेमाल हुई 4000 ईवीएम मशीनों का आग में जल जाना कह रहा है शक का फसना, बाकी जनता समझ दार है। अखिलेश यादव



भारत की नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधार शिला है, हमारी माताएं, बहनें और बेटियां हर क्षेत्र में अपनी अद्भुत प्रतिभा और कौशल से मां भारती का गौरव बढ़ा रही हैं। नरेंद्रमोदी, पीएम.

# भावनाओं का तूफान

अंतर्दृष्टि

मुझे लगता है कि मैं हमेशा भावों के तूफान में घिरा रहता हूं, इससे बाहर कैसे निकलना? मैं ने सिर्फ निरीक्षण करके देखा है लेकिन जैसे ही एक भाव चला जाता है, दूसरा आ खड़ा होता है। हर उस भाव को जीयो जिसे तुम महसूस करते हो। वह तुम ही हो। घृणा से भरे, कुरूप, अपात्र जो भी हो, उसमें रहो। पहले भावों को एक मौका दो पूरी तरह चेतन मन में आने का। अभी जागरूकता के प्रयास में तुम उन्हें अवचेतन में दबा रहे हो। फिर तुम अपने रोजमर्रा के कामों में उलझ जाते हो और उन्हें जबरदस्ती दबा देते हो। उनसे निजात पाने का यह तरीका नहीं है। उन्हें बाहर आने दो, उन्हें जीयो। यह कठिन और दूभर होगा लेकिन अपरिसीम रूप से लाभदायी। एक बार तुमने उनको जी लिया, उनकी पीड़ा झेली और उन्हें स्वीकार किया कि यह तुम हो, कि तुमने खुद को इस तरह नहीं बनाया है इसलिए तुम्हें खुद का धिक्कार नहीं करना चाहिए, कि तुमने खुद को इसी तरह पाया है.... एक बार तुम उन्हें होश पूर्वक जी लेते हो बिना किसी दमन के, तुम आश्चर्य चकित होओगे कि वे अपने आप विलीन हो रहे हैं। तुम्हारी गर्दन पर उनकी पकड़ ढीली हो रही है, तुम्हारे ऊपर उनकी ताकत कम हो रही है। और जब वे विदा होते हैं तब वह समय आ सकता है जब तुम साक्षीभाव से देखना शुरू करोगे।

एक बार सब कुछ चेतन मन में आता है तो वह खो जाता है, और जब सिर्फ एक छाया रहती है तो वह समय होता है होश पूर्वक देखने का। अभी तो वह स्किजोफ्रेनिया, खंडित मन पैदा करेगा, बाद में वह बुद्धत्व पैदा करेगा।

जब भय होता है तो क्या करना? जब भय हो तो कुछ करने के लिए क्यों पूछते हो? भयभीत होओ! द्वंद्व क्यों पैदा करना? जब भय के क्षण आएं तो डरो, कांपने लगो और भय को हावी हो जाने दो। यह सतत् प्रश्न क्यों कि क्या करें? क्या तुम जीवन को किसी तरह अपने ऊपर हावी नहीं होने दे सकते?

जब प्रेम हावी हो जाता है तब क्या करना? प्रेमपूर्ण होओ। कुछ मत करो, प्रेम को हावी होने दो। जब भय होता है तब तूफान में कांपते हुए पत्ते की भांति कांपो और वह सुंदर होगा। जब वह चला जाएगा, तुम शांत और निस्तरंग महसूस करोगे, ठीक वैसे ही जैसे कोई तेज तूफान गुजर जाता है तो सब कुछ शांत और नीरव हो जाता है। हमेशा किसी न किसी चीज से लड़ना क्यों? भय होता है, वह नैसर्गिक है, बिलकुल नैसर्गिक। ऐसे आदमी की कल्पना करना जो कि भय विहीन हो, असंभव है क्योंकि वह मुर्दा होगा। तब कोई रास्ते पर भोंपू बजा रहा होगा और निर्भय आदमी चलता चला जाएगा, वह फिक्र ही नहीं करेगा। रास्ते में एक सांप आएगा और निर्भय आदमी फिक्र नहीं करेगा। भय न हो तो आदमी बिलकुल मूर्ख और बेवकूफ होगा। **ओशो.**

# सफाई की जिम्मेदारी...

व्यंग्यलोक

आपको खुशी होगी या नहीं, यह तो मैं नहीं जानता, लेकिन मुझे इस बात की अपार खुशी है कि मुझे एक समिति का सदस्य बनाया गया है। लोग अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए समिति का सदस्य बनने के लिए बड़ी बड़ी तिकड़में लगाते हैं, मैं बिना तिकड़म के ही कमेटी में आ गया हूँ। हमारे यहाँ कमेटी निर्माण की परम्परा वैसे तो प्राचीनकाल से है, लेकिन वर्तमान काल में कमेटी बनाना, आयोग गठित करना आम घटनायें हैं। कमेटियों के गठन के पीछे पहले अनुभव का लाभ लेना मुख्य था, लेकिन वर्तमान में कमेटियाँ मामले को टालने अथवा जिम्मेदारियों से बचने का माध्यम बन गयी हैं। लोकतन्त्र में इससे बढ़िया अपने को बचाने का लोकतान्त्रिक ढंग दूसरा नहीं है। इस दृष्टि से जिस कमेटी का मैं सदस्य बना हूं। वह भी गालियाँ सुनाने के अलावा अन्य कुछ नहीं दे पायेगी। परभाई कुछ भी हो आखिर कमेटी में लिया तो गया। हर ऐसे गैरे, नत्थू खैरे को तो नहीं लिया जाता या आपको तो नहीं लिया गया। मुझे लिया गया इसलिए मैं महत्वपूर्ण व्यक्ति तो हूं ही। कमेटियों की कार्य शैली पर प्रकाश डालना भी समीचीन होगा। पहली बात तो कमेटी की बैठक नहीं होती और हो जाती है तो निर्णय नहीं होता।



पूरन सरमा

इस प्रकार एक अनन्त सिलसिला निष्क्रियता का जारी रहता है तथा सदस्य जलपान तथा आवागमन भत्ता लेने के अलावा कुछ भी नहीं कर पाते। कई बार तो कमेटी पर कमेटी और कमेटी, बस कमेटी ही कमेटी, इतनी कमेटी कि पता ही नहीं चलता कि किस कमेटी को किस बात पर निर्णय करना है? पहली मूल कमेटी को खोजना मुश्किल हो जाता है। कमेटियों की कार्य-सूची और विवरण नहीं मिलते तथा इस प्रकार एक अनावश्यक अराजकता का माहौल रहता है। भारत में यह परम्परा निरन्तर फल-फूल रही है तथा लोगों का कमेटियों में प्रवेश का क्रेज बना हुआ है। आदमी जितनी कमेटियों का सदस्य होता है उतना ही बड़ा और महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह नहीं देखा जाता कि उसने निर्णय क्या किये हैं, किये भी हैं या नहीं अथवा टालू मिक्चर मिलाता रहा है। लेकिन कौन ध्यान देता है, चलता रहता है। मुझे जिस कमेटी में लिया गया है, वह कमेटी कोई ज्यादा उल्लेखनीय तो नहीं है। लेकिन भाई, है तो कमेटी? क्या बड़ी और क्या छोटी। हमें भी एक अदद कमेटी चाहिए थी सो मिल गयी है। वैसे आपसे क्या छिपाना, हमें मोहल्ले की विकास समिति ने सफाई समिति में शामिल किया है। मोहल्ले की सफाई एक संगोष्ठी का विषय है। जिस पर कि समिति का गठन करके काम चलाया जा रहा है। मोहल्ले की सफाई की चुनौती को स्वीकारने का मतलब अपना पारिवारिक जीवन विषाक्त बनाना।

# अब देश में ही है बाली और मालदीव का विकल्प...



पर्यटन

मेरा एक दोस्त है गर्मियों की छुट्टियां किसी द्वीप पर समुद्र के किनारे बिताना चाहता है। लेकिन वह वर्तमान महंगाई व अशांति की स्थिति को देखते हुए किसी विदेशी द्वीप पर नहीं जाना चाहता, विशेषकर इसलिए कि वह वीजा पेपरवर्क, महंगी अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट्स, करेंसी बदलने आदि के झंझट से दूर रहना चाहता है। इसलिए उसने मुझसे मालूम किया कि भारत में ही बाली या मालदीव के क्या विकल्प हो सकते हैं? मैंने उसे ऐसे पांच भारतीय स्थलों के बारे में बताया जहां वह सुंदर बीच, सर्फ.संस्कृति आदि का आनंद ले सकता है। आप भी सुनिये।

**लक्षद्वीपः** भारत में मालदीव से सबसे अधिक मिलती जुलती जगह लक्षद्वीप है। छोटे-छोटे कोरल द्वीप नीले रंग के शानदार शेडस में तैरते हुए, लगून, सफेद रेत के किनारे और भीड़ नदारद। समानताएं एकदम से जाहिर हो जाती हैं। अरब सागर में केरलम के तट पर फैला हुआ लक्षद्वीप 36 कोरल द्वीपों से बना हुआ है, हालांकि गिनती के ही पर्यटकों के लिए खुले हुए हैं। अगत्ती, बंगाराम और थिन्नाकारा द्वीपों पर लोग अधिक जाना पसंद करते हैं, विशेषकर वह यात्री जो शांत, एकांत शैली के स्टे को प्राथमिकता देते हों। यहां की गति जान बूझकर धीमी है। दिन कोरल रीफ पर स्नोरकेलिंग, शांत लगूनों में कयाकिंग, रीफ फिश के साथ गोता लगाते हुए या समुद्र के किनारे चहलकदमी करते हुए गुजारे जाते हैं। लक्षद्वीप पहुंचा कैसे जाये? अगत्ती मुख्य प्रवेश द्वार है क्योंकि द्वीपों के इस समूह में केवल इसी में ही एकमात्र एयरपोर्ट है। कोच्ची से फ्लाइट्स लगभग 90 मिनट लेती हैं और इसके बाद स्पीडबोट्स पास के द्वीपों पर यात्रियों को पहुंचाती हैं।

**स्वराज द्वीप, अंडमान**

अगर लक्षद्वीप में सुदूरपन व शांति है तो स्वराज द्वीप जिसका पुराना नाम हेवलॉक द्वीप है, वह अधिक जीवंत ट्रॉपिकल द्वीप का अनुभव प्रदान करता है। यह अंडमान व निकोबार द्वीपों का हिस्सा है और अपनी शानदार बीचों के लिए विख्यात है। यहां गजब की गोताखोरी संस्कृति है, जंगलों से भरे किनारे हैं और शांत वातावरण है। इस द्वीप का मुख्य आकर्षण राधानगर बीच है, जोकि अपने सफेद रेत के कारण एशिया की सबसे अच्छी बीचों में गिनी जाती है। यहां डूबते हुए सूरज का नजारा देखने लायक है। पर्यटक वाटर स्पोर्ट्स का भी मजा ले सकते हैं। जाने का सबसे आसान रास्ता यह है कि पोर्ट ब्लेयर के अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद स्वराज द्वीप के लिए फेरी ले ली जाये, जोकि डेढ़ से ढाई घंटे के बीच में आपको द्वीप पर पहुंचा देगी।

**तर्कारली-मालवण, महाराष्ट्र**

महाराष्ट्र के कोंकण तट पर तर्कारली व मालवण को अक्सर महाराष्ट्र का मिनी मालदीव कहा जाता है। यह तुलना भले ही महत्वकांक्षी प्रतीत हो लेकिन इनका साफ पानी पहली-बार के यात्री को आश्चर्य में अवश्य डाल देता है। सिंधुदुर्ग जिले में स्थित यह तट बीचों, शांत बैकवाटर्स और पानी की गतिविधियों जैसे स्कूबा डाइविंग, स्नोरकेलिंग या पैरासेलिंग का संगम है, और वह भी बहुत कम खर्च में। तर्कारली में आपको स्थानीय कोंकणी संस्कृति देखने को मिलेगी। सिंधुदुर्ग किले में बोट राइड्स का आनंद लिया जा सकता है और मालवणी सीफूड थाली स्थानीय रेस्तरां में खायी जा सकती है। नजदीकी रेलवे स्टेशन कुदाल और सिंधुदुर्ग हैं कोंकण रेलवे पर, जबकि गोवा के एयरपोर्ट्स सड़क से कुछ ही घंटों के फासले पर हैं।

**वर्कला, केरलमः** जो पर्यटक बाली की सर्फ.-टाउन एनर्जी से आकर्षित होते हैं, उन्हें वर्कला में लगभग वही वातावरण मिलेगा। यह केरलम के दक्षिण तट पर स्थित है। यह टाउन नाटकीय लाल चट्टानों के इर्दगिर्द बसा हुआ है, जहां के होमस्टे से अरब सागर का नजारा मिलता है। उत्तरी चट्टान क्षेत्र समय गुजारने के लिए सबसे अच्छी जगह है। यहां स्मूथी कैफे, सर्फ.स्कूल, आयुर्वेदिक मसाज केंद्र और रूफटॉप स्पॉट्स हैं, जहां शाम गुजारते हुए आनंद आ जाता है जो रात तक जारी रहता है। सर्फिंग वर्कला की पहचान बन गई है, लोग सप्ताह भर का सर्फ.व स्टे पैकेज लेते हैं, बाली की तरह। करीबी रेलवे स्टेशन वर्कला सिवगीरी है, जबकि थिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट लगभग 40 किमी के फासले पर है। यह जगह सबसे सुंदर नवम्बर से मार्च तक रहती है, जब मौसम में अधिक नमी नहीं होती।

**गोकर्णः** कर्नाटक में गोकर्ण गोआ का विकल्प है, आध्यात्मिकता का मिलन दिलकश तटीय आकर्षण से कराता है। महाबलेश्वर मंदिर सालभर भक्तों को आकर्षित करता है और शांत बीचें जैसे ओम, कुड्ले व हाफ मून पर्यटकों व योग प्रेमियों के लिए जन्नत हैं। चट्टानों के पास वाक करें, बीचसाइड कैफों में खाएं पियें, वाटर स्पोर्ट्स का आनंद लें या अरब सागर के किनारे रिलैक्स करें। **समीर.**

## आपकी बात

### जनसंख्या असंतुलन

देश बढ़ती जनसंख्या के बोझ से दब रहा है। इसलिए देश में विवेक पूर्ण जनसंख्या हमारी जरूरत है अन्यथा देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आज देश की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की आबादी अधिक तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं।

ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है। भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दो फाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्प संख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है। जैन, पारसी, ईसाई, बौद्ध, सिख समुदाय भी अल्पसंख्यक वर्ग में आते हैं। देश में पारसियों की आबादी तो करीब 57000 बताई जाती है, लेकिन उन्होंने अपने अधिकारों के लिए कभी भी जन-आंदोलन नहीं छेड़े। मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ती रही है, जो चिंता का विषय है।

**प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.**

### गरीबों का उत्थान

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाना चाहती है। चाहे घर देकर, रोजगार देकर या आजीविका के साधन देकर, जैसे भी हो गरीबी खत्म करना जरूरी है।

**अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

संक्षेप

### उद्यमी समागम में गूंजी उद्योगों की समस्याएं

ललितपुर। जिले के भ्रमण पर आए प्रभारी मंत्री मोहम्मद दानिश आजाद अंसारी ने चंदेरा स्थित गढ़ औद्योगिक आस्थान में आयोजित उद्यमी समागम में भाग लिया। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी, सीडीओ, उपायुक्त उद्योग तथा बड़ी संख्या में उद्यमियों की उपस्थिति रही। इस दौरान उद्यमियों ने अपने व्यवसाय एवं उद्योग संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। उद्यमियों ने विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में हो रही कटौती तथा नए औद्योगिक आस्थान बीघाखेत के विकास कार्यों में हो रही देरी की समस्या प्रमुखता से उठाई। समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्रभारी मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बिजली आपूर्ति के मुद्दे पर मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उद्योगों की उत्पादन क्षमता बनाए रखने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है। उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए ताकि औद्योगिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम प्रधान प्रशासक सम्मेलन और संवाद कार्यक्रम आयोजित



**ललितपुर।** केन्द्र सरकार के स्वर्णिम 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संवाद एवं सरकार आपके द्वार, कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त, झांसी मण्डल, झांसी बिमल कुमार दुबे के आह्वान पर जनपद ललितपुर के समस्त ग्राम प्रधानों एवं प्रशासकों का सम्मेलन सोमवार को कल्याण सिंह सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश मनोहरलाल पंथ, विधायक सदर रामरतन कुशवाहा, अध्यक्ष जिला पंचायत कैलाश नारायण निरंजन तथा विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि अतुल निरंजन की उपस्थिति रही।

**● मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को किया गया पुरस्कृत**

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश सहित अन्य अधिकारीगणों ने जनप्रतिनिधिगणों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं अभिनन्दन से हुआ। तत्पश्चात राज्यमंत्री, सदर विधायक, एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने केन्द्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं प्रशासकों को संबोधित किया। अपने संबोधन में आयुक्त, झांसी मण्डल ने कहा कि देश के विकास में उत्तर प्रदेश तथा प्रदेश के विकास में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शासन की नीतियों एवं योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के लिए ग्राम स्तर पर विकासात्मक सोच और जनसंवाद अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों को अपने उत्कृष्ट कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा विभिन्न पुरस्कार योजनाओं हेतु आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत नाराहट को प्रथम, ग्राम पंचायत रमेशरा को द्वितीय, ग्राम पंचायत गुढ़ा को तृतीय, ग्राम पंचायत पंचमपुर को चतुर्थ तथा ग्राम पंचायत इमलियाकलां को पंचम पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत कडेसराकलां (तालबेहट), ग्राम पंचायत हर्षपुर एवं ग्राम पंचायत रोंड़ा (जखौरा) के पंचायत सहायकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सामुदायिक शौचालय केयरटेकर जमनाबाई (ग्राम पंचायत बिरारी, विकास खण्ड बिरधा) तथा अनीता झां (ग्राम पंचायत बार, विकास खण्ड बार) को भी उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास, जनभागीदारी एवं सुशासन के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ। अंत में समस्त निवर्तमान ग्राम प्रधानों एवं प्रशासकों को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ग्राम पंचायतों के निर्माण के उद्देश्य से सहजन के पौधे वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान, उप निदेशक (पंचायत) झांसी मण्डल, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत विभाग के अधिकारी, सचिव, ग्राम पंचायत, पंचायत सहायक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की टीम तथा समस्त निवर्तमान ग्राम प्रधान एवं प्रशासक उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने बतायीं सरकार की उपलब्धियां योजनाओं की जानकारी दी



जिला संवाददाता

**बांदा।** जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रबुद्धजन सम्मेलन में संवाद कर विकास प्रदर्शनी का

**● प्रबुद्ध लोग सरकार की उपलब्धियां बताने में निभायें भूमिका**

शुभारम्भ किया। इसके बाद सर्किट हाउस सभागार में मीडिया संवाद के माध्यम से केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में प्रबुद्धजन संवाद सम्मेलन में उन्होंने समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और सेवा के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब, किसान, महिला एवं वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्लह्ल की भावना के साथ कार्य कर रही है तथा समाज में जातिवाद और भेदभाव की राजनीति के स्थान पर विकास और सेवा की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने प्रबुद्धजनों का आह्वान किया कि वह सरकार की जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों को समाज के बीच पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व विवादों से संबंधित एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करें। कार्यक्रम में विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी, विधायक नरैनी ओममणि , एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेगर, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह , पद्मश्री उमाशंकर पांडेय व अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा जिलाधिकारी श्री अमित ी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय और जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सेतु परियोजना को समयबद्ध तरीके से करें पूरा: विधायक रामरतन



**ललितपुर।** नगर ललितपुर क्षेत्र में शहजाद नदी पर निर्माणाधीन सेतु का सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से सेतु

**● शहजाद नदी पर निर्माणाधीन सेतु का विधायक ने किया निरीक्षण**
**● अधिकारियों को दिए गुणवत्ता व समयबद्धता के निर्देश**

निर्माण की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि शहजाद नदी पर बन रहा यह सेतु क्षेत्र के विकास और यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना है। पुल के निर्माण से नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही क्षेत्रीय विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जाएं। विधायक ने कहा कि सरकार जनता को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है और यह सेतु उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सदर विधायक ने निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह पुल ललितपुर के लोगों को समर्पित किया जाएगा और इससे हजारों नागरिकों को आवागमन में राहत मिलेगी। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि जनता की सुविधाओं और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं।

# बबूल की लकड़ी के बंटवारे को लेकर भाइयों में खूनी संघर्ष, तीन घायल

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम गिदवाहा में बबूल के पेड़ की लकड़ी के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि बड़े भाई ने अपने तीन बेटों के साथ मिलकर छोटे भाइयों और एक महिला पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गिदवाहा निवासी बारेलाल पुत्र लूले कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि खेत पर लगे साझे के एक बबूल के पेड़ को तीनों भाइयों ने मिलकर काटा था। लकड़ी के बंटवारे के दौरान बारेलाल ने अपने हिस्से में से एक डाल छोटे भाई मान सिंह को दे दी। इसी बात को लेकर बड़े भाई फुलुआ नाराज हो गया और दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। आरोप है कि 13 जून की रात करीब 8 बजे फुलुआ अपने पुत्रों रवि, छोटू और नारायण के साथ एकराय होकर आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में बारेलाल, उनके छोटे भाई मान सिंह तथा पत्नी लीला बाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना के दौरान मची चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शिकायत पर मड़ावरा पुलिस ने फुलुआ, रवि, छोटू और नारायण के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) के तहत मामला दर्ज किया है।

# मुआवजे के 4 लाख रुपये हड़पने का आरोप

**ललितपुर।** तहसील महरौनी के ग्राम खिरियामिश्र निवासी एक परिवार ने कचनौदा बांध डूब क्षेत्र में मुआवजे की राशि में धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ले लिए, लेकिन न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई गई और न ही धनराशि

**● जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप**
**● पुलिस की कार्यवाही पर लगाये सवालिया निशान**

वापस की गई। मामले में स्थानीय पुलिस पर भी कार्रवाई के नाम पर रुपये लेने का आरोप लगाया गया है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में निशा पत्नी महेन्द्र नाई ने बताया कि उनके ससुर कपूर पुत्र हल्के नाई को कचनौदा बांध डूब क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के एवज में 5 जुलाई 2023 को लगभग 6 लाख 50 हजार रुपये का मुआवजा प्राप्त हुआ था। आरोप है कि उनके ससुर के अशिक्षित होने का लाभ उठाकर गांव निवासी जगतनारायण पुत्र द्वारिका तिवारी ने एक एकड़ भूमि दिलाने का आश्वासन दिया और इसके बदले करीब 4 लाख रुपये ले लिए। इस संबंध में स्टाम्प पत्र पर लिखापढ़ी भी किए जाने का दावा किया गया है। पीड़िता के अनुसार काफी समय बीत जाने के बाद भी भूमि की रजिस्ट्री नहीं कराई गई। जब परिवार ने जमीन अथवा अपनी धनराशि वापस मांगी तो आरोपी पक्ष के लोगों द्वारा टालमटोल की जाने लगी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जगतनारायण, प्रभुदयाल तथा हीरा द्वारा कई बार अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकियां भी दी गई। शिकायती पत्र में स्थानीय पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़िता का कहना है कि 3 जून 2026 को शिकायत लेकर बानपुर थाने पहुंचने पर कार्रवाई के नाम पर एक मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन माध्यम से एक हजार रुपये जमा कराए गए, लेकिन इसके बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा शिकायत को गंभीरता से न लेने का आरोप भी लगाया गया है। परिवार ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही स्टाम्प पर हुए समझौते के अनुसार एक एकड़ भूमि दिलाने अथवा 4 लाख रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

## डीएम ने दो दर्जन से अधिक जिला स्तरीय अधिकारियों का रोका वेतन




**महोबा।** आइजीआरएस व जनता दर्शन के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने की कड़ी कार्यवाही करते हुए दो दर्जन से अधिक अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिये। जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाना ही शासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के पूर्ति व जनपद को प्रदेश में अच्छी स्थिति में बनाए रखने के उद्देश्य से 15 जून 2026 को जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक के साथ जन शिकायतों से सम्बन्धित आइजीआरएस पोर्टल की समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा पोर्टल पर जनपद की पूर्व स्थिति व वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए रैंकिंग के निर्धारित 11 मूल्यांकन बिंदुओं पर विभाग वार ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर से जानकारी ली गई। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सबसे महत्वपूर्ण बिंदु, शिकायतकर्ता से प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक व शिकायतकर्ता से सम्पर्क न किए जाने, प्राप्त शिकायतें जिनका निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर नहीं हुआ वाले निस्तारण से सम्बंधित अधिकारियों, अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण/नगरीय, एलडीएम, उपनिदेशक कृषि, अपर मुख्य अधिकारी, खान निरीक्षक, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, उपायुक्त उद्योग, आबकारी अधिकारी, श्रम अधिकारी, एआरएम रोडवेज, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत नगरीय/ग्रामीण व परियोजना अधिकारी डूडा, अधिशाषी अभियंता जल निगम, अधीक्षक जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड/प्रांतीय खण्ड, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सीवीओ, सहायक अभियंता लघु सिंचाई सहित तहसीलदार, सब रजिस्ट्रार, खंड विकास अधिकारी, स्तर के लगभग 2 दर्जन से ज्यादा जनपद स्तरीय अधिकारियों के वेतन रोके जाने के निर्देश दिये गए। साथ ही निर्देश दिये गए कि प्रतिदिन समय से कार्यालय में पहुंचकर जनसुनवाई करे। साथ ही आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर संतुष्टि के आधार पर नियमानुसार निस्तारण करे। स्थलीय निरीक्षण कर गवाहों के हस्ताक्षर, फोटोग्राफ सहित आख्या लगाई जाए जिससे फीडबैक में सुधार हो सके।

## मुख्यमंत्री की जांच आदेश को दबा रहे अधिकारी-कर्मचारी

**बांदा।** सदर तहसील के तिंदवारा गांव में तैनात लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष राकेश बुंदेला के विरुद्ध लगातार मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को की जा रही शिकायतों की जांच को तहसील के अधिकारी व कुछ कर्मचारी दबाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। तिंदवारा गांव के शिकायतकर्ता मईयादीन ने मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर इनके भ्रष्टाचार और एकत्र की गई अकूत संपत्ति की जांच कराने की मांग की थी। मुख्यमंत्री कार्यालय से बीते 16 अप्रैल को एसडीएम सदर को मामले की जांच कराने के आदेश दिए गए थे। लेकिन अब तक इस मामले पर जांच और कार्यवाही जहां की तहां रुकी हुई है। संघ अध्यक्ष का रौब अब भी अधिकारियों पर कायम है। यही वजह है कि इनके विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच के आदेशों के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई। 12 जून को शिकायतकर्ता ज्योति चैरसिया पत्नी दीपक चैरसिया निवासी कोतवाली रोड मोचियाना व संगीता गुप्ता पत्नी अनिल कुमार गुप्ता निवासी बलखंडीनाका शहर ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर 20 हजार रुपये की मांग करने की शिकायत की है। शिकायतकताओं का आरोप है कि उन्होंने सरकारी फीस के नाम पर लेखपाल राकेश बुंदेला को 13 हजार रुपये पहले ही दे चुकी हैं लेकिन वह अभी और रुपये मांग रहे हैं। शिकायतकताओं ने इ मामले पर जिलाधिकारी से त्वरित कार्यवाही की मांग की है। बताते चलें कि रसूख के चलते लेखपाल बीते कई वर्षों से तिंदवारा और महोखर जैसी बड़ी ग्राम पंचायतों में काबिज रहे हैं।

# ढाबों पर ग्राहकों को पिलायी जा रही थी देशी-विदेशी शराब



**ललितपुर।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं अवैधानिक बिक्री को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जायेगा। जानकारी मिलते ही समुचित कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा एवं आरोपियों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह बात जिला आबकारी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कही। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी विभाग की टीमों द्वारा लगातार जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं अवैध रूप से की जा रही देशी-विदेशी शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने

**● आबकारी अधिकारी के निर्देशन में चला अभियान, देशी-विदेशी मदिरा सहित भारी मात्रा में अवैध शराब हुई बरामद**

के उद्देश्य से छापामार कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। सोमवार को आबकारी विभाग की टीम द्वारा जिला आबकारी अधिकारी सुरेंद्र कुमार के निर्देशन में सुंदर ढाबा एवं मराठा ढाबा सदर ललितपुर पर अवैध शराब बिक्री की रोकथाम हेतु छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से कुल 12.88 लीटर अवैध शराब (11 लीटर देशी शराब रसभरी ब्रांड व 1.88 लीटर विदेशी शराब रायल स्टैग, मैकडाव्लस, ब्लेंडर प्राइड ब्रांड की बरामद करते हुए टीम द्वारा दो आरोपियों अजय सिंह निवासी-कल्याणपुरा, व सुंदर लाल कुशवाह निवासी-नवीन गल्ला मंडी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया है। संयुक्त टीम में आबकारी निरीक्षक सदर ललितपुर अन्विता तिवारी एवं आबकारी निरीक्षक मडावरा प्रशांत कुमार, आबकारी निरीक्षक महरौनी बिपिन कुमार अपने हमराहियों के साथ दबिश में शामिल रहे। जिला आबकारी अधिकारी ने जन सामान्य का आह्वान भी किया कि अगर उन्हें कहीं पर अवैध शराब की बिक्री एवं लाइसेंसी दुकानों के अलावा कहीं भी देशी-विदेशी शराब की बिक्री होती मिले तो विभाग को जानकारी दें, जिससे ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही की जा सके।

## नगर निगम के चेंजिंग रूम में कपड़ा बदलने के लिए नहीं लिया जाता शुल्क

**अयोध्या।** सरयू तट पर संचालित चेंजिंग रूम को लेकर उठ रहे विवाद के बीच अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ ने नगर निगम का पक्ष स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि सरयू तट पर टेंटनुमा अथवा नीले रंग के जो अस्थायी चेंजिंग रूम दिखाई दे रहे हैं, उनका नगर निगम से कोई संबंध नहीं है। नगर निगम द्वारा संचालित चेंजिंग रूम अलग हैं और उनमें महिलाओं से वस्त्र बदलने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। डॉ. नागेंद्र नाथ ने बताया कि नगर निगम के पास सरयू तट पर लगभग 50 स्थायी चेंजिंग रूम उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग श्रद्धालु महिलाएं निःशुल्क कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि बढ़ती श्रद्धालु संख्या को देखते हुए महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के नेतृत्व में नगर निगम और अधिक चेंजिंग रूम विकसित करने के प्रयास में जुटा है। उन्होंने अयोध्या आने वाली महिला श्रद्धालुओं से अपील की कि वे केवल नगर निगम द्वारा निर्मित अधिकृत एवं स्थायी चेंजिंग रूम का ही उपयोग करें तथा निजी या अस्थायी चेंजिंग रूम के प्रयोग से बचें। इससे उन्हें सुविधा और सुरक्षा दोनों हासिल होगी।

# ग्राम रोजगार सेवकों ने की बैठक भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन



**बांदा।** ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन की सोमवार को बैठक हुई। विकास भवन में बैठक के बाद सदस्य मार्च करते हुए कलक्टेट पहुंचे। जिलाधिकारी के माध्यम से दस सूत्रीय मांगपत्र मुख्यमंत्री को भेजा।

एसोसिएशन की मांग है कि प्रदेश में संविदा पर 36 हजार ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। मांगपत्र में कहा गया है कि वर्ष 2006 से मनरेगा योजना के तहत ग्राम रोजगार सेवक प्रदेश की ग्राम पंचायतों में बीते 17 वर्षों से संविदा पर कार्यरत हैं। जिन्हें योजना की धनराशि के प्रशासनिक मद से भुगतान की व्यवस्था है। प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत की भौगोलिक स्थिति अलग-अलग है। इस कारण किसी ग्राम पंचायत में काम का दायरा अधिक तो किसी में कम है। मनरेगा मांगपरक योजना है इस कारण प्रत्येक ग्राम रोजगार सेवक को प्रशासनिक मद की अनुमन्य धनराशि से प्रत्येक माह समय से भुगतान नहीं हो पाता। जबकि नियमित समय से मानदेय भुगतान प्रत्येक कार्मिक का अधिकार है। इसके लिए अलग से बजट की जरूरत है। ग्राम रोजगार सेवक ग्राम पंचायत स्तर पर सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन करने में पूरा योगदान देते हैं। लेकिन जाबचार्ट में सिर्फ मनरेगा का कार्य होने के कारण

**● मांगे नहीं मानी गई तो एक जुलाई को करेंगे विधानसभा का घेराव**

हमारे योगदान की गिनती नहीं की जाती। जबकि जाब चार्ट में मनरेगा के अलावा अन्य कार्यों को जोड़ा जाए। तभी मुख्यमंत्री की चार अक्टूबर 2021 को की गई घोषणा के अनुरूप होगा। प्रदेश में लगभग 58194 ग्राम पंचायतें हैं इनमें सीधी भर्ती से नियुक्त ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारियों की संख्या लगभग 15 हजार है। ऐसी स्थिति में एक सचिव के साथ औसतन चार ग्राम पंचायतों का जिम्मा है। इससे ग्राम पंचायत के विकास व ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण में असुविधा होती है। मांगों में मुख्यमंत्री की चार अक्टूबर 2021 को की गई घोषणा में रोजगार सेवकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मानव संसाधन नीति का निर्धारण कराकर न्यूनतम 24 हजार रुपये की व्यवस्था हो। इसी तरह ग्राम रोजगार सेवक को पद से हटाने के लिए ग्राम पंचायत के सदस्यों के दो तिहाई बहुमत के स्थान पर ग्राम सभा के दो तिहाई बहुमत के आधार पर प्रस्ताव की व्यवस्था, मासिक मानदेय भुगतान के लिए अलग से बजट की व्यवस्था, 12 से 14 माह का बकाया मानदेय देने की व्यवस्था हो ताकि आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर न हो और बच्चों की पढ़ाई, परिजनों का इलाज हो सके। जाब चार्ट में अन्य कार्य जोड़ते हुए विभागीय कर्मी घोषित किया जाए। बेहतर मानीटरिंग के लिए उच्च गुणवत्ता वाले एंड्रायड फोन उपलब्ध कराए जाएं। इसी प्रकार 20 दिन का आकस्मिक अवकाश व चिकित्सा अवकाश, न्याय पंचायत पर स्थानांतरण की व्यवस्था, 1 जुलाई को वीवीजीरामजी योजना लागू होने में ग्राम रोजगार सेवकों की भूमिका और प्रभावी की जाए। यह भी निर्णय लिया गया कि समस्याओं का निदान न होने पर आगामी 1 जुलाई को विधानसभा का घेराव, जवाहर भवन, भाजपा कार्यालय, इंदिरा भवन व राजभवन गेट पर प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष रामकिशोर साहू, आलोक द्विवेदी, अमित सिंह पटेल, रामानंद पांडेय, पवन कुमार पटेल, अतुल कुमार, नीतू देवी, रेखा सैनी मौजूद रहीं।

# बच्ची को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुई बाइक, महिला की मौत

जिला संवाददाता

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार परिवार सड़क पर अचानक आई एक बच्ची को बचाने का प्रयास कर रहा था। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्राम रोड़ा निवासी 60 वर्षीय गुडडी कुशवाहा अपनी बेटी 25 वर्षीय संजना और दामाद के साथ अपने गांव की ओर बाइक से जा रही थीं। सोमवार दोपहर करीब एक बजे जब उनकी बाइक रोड़ा गांव के समीप पहुंची, तभी सड़क पर अचानक एक बच्ची आ गई।

बच्ची को टक्कर से बचाने के लिए चालक ने तत्काल बाइक में ब्रेक लगाए, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क पर फिसलकर गिर गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी गुडडी कुशवाहा और उनकी बेटी संजना गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने गुडडी कुशवाहा का उपचार शुरू किया, लेकिन उनकी हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं संजना का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। गुडडी कुशवाहा की असमय मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र के लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## जनपद में योगाभ्यास का डीएम ने किया शुभारंभ



**बांदा।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस का शुभारम्भ शहर के अवस्थी पार्क में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदमश्री उमाशंकर पांडेय, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, प्रबंधक विश्व योग ट्रस्ट रमेश पटेल व अध्यक्षता जिलाधिकारी अमित आसेरी ने की। योगाभ्यास के दौरान ग्रीवा, स्कन्द, कटि, घुटना, शक्ति विकासक क्रिया, खड़े, बैठे, लेटे, ताड़ासन, बज्रासन, मकरासन, नाडी शोधन, प्रणाम, ध्यान, शांति पाठ एवं कल्याण मंत्र कराया गया। योग शिविर प्रतिदिन प्रातः 06 बजे से शहर के विभिन्न स्थानों में योगाभ्यास को प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने योग शिक्षक रमेश राजपूत की सराहना की। कहा कि जीवन को सफल बनाने के लिए ध्यान, योग, आसनों को अपने दिनचर्या मे समाहित करने की जरूरत है। इस दौरान श्रीचंद्र चैधरी, अधिशासी अधिकारी, डा. सुनील कुमार प्रभारी अधिकारी योगा, डा. ऊषा, डा. धीरेन्द्र बिजौरिया, डा. मनोज केसरी, डा. साकेत कुमार गुप्ता, डा. नीतेंद्र कुमार गुप्ता, डा. नीरज सुमन, जनक मिश्रा, अपूर्वा सोनी, डीपीएम, कार्यालय सहायक मुदित कुमार गुप्ता, विनय कुमार, सुनील कुमार, राजेश राजपूत, भरतलाल, संतोष, चंद्रपाल उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### दो दिनों में निवेशकों की पूंजी 18.15 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट खत्म होने की उम्मीदों से घरेलू शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी के बीच निवेशकों की संपत्ति करीब 18.15 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिन से जारी संघर्ष समाप्त करने के समझौते से वैश्विक बाजारों का मनोबल मजबूत हुआ। सोमवार को 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 736.38 अंक यानी 0.97 प्रतिशत चढ़कर 76,264.33 अंक पर बंद हुआ। इस तरह दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स कुल 2,431.78 अंक यानी 3.29 प्रतिशत चढ़ गया। तेजी के इन सत्रों में बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 18,15,339 करोड़ रुपये बढ़कर 4,70,49,119.48 करोड़ रुपये हो गया। व्यापक बाजारों में भी तेजी रही, जहां बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक एक प्रतिशत चढ़ा।

### जेसीबी इंडिया ने विकास यात्रा को दी नयी रफ्तार

नईदिल्ली। जेसीबी इंडिया ने अपनी 6,00,000वीं (छह लाखवीं) मशीन के उत्पादन और बिक्री के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत में चार दशक से अधिक समय से काम कर रही कंपनी ने इस दौरान ग्राहकों, डीलरों, सप्लायर्स और समुदायों के साथ मिलकर देश के बुनियादी ढांचे के विकास में अहम योगदान दिया है। कंपनी की यह छह लाखवीं मशीन एक बैकहो लोडर है, जिसे आमतौर पर लोग जेसीबी खुदाई मशीन के नाम से जानते हैं। यह देश में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली निर्माण मशीनों में से एक है और सड़क निर्माण, ग्रामीण विकास तथा कृषि से जुड़े कार्यों में अपनी बहुउपयोगिता और दक्षता के लिए प्रसिद्ध है। पिछले कुछ वर्षों में जेसीबी इंडिया ने अपने विनिर्माण नेटवर्क का विस्तार किया है, मजबूत सप्लायर इकोसिस्टम विकसित किया है और भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप उत्पाद तैयार किए हैं।

### जियोहॉटस्टार पर 3 जुलाई को होगा प्रीतम एंड पेड्रो का ट्रेलर

मुंबई। जियोहॉटस्टार ने उस 'प्रीतम एंड पेड्रो' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसने जवाब देने से ज्यादा दर्शकों के मन में कई सवाल छोड़ दिए थे। यह सीरीज कॉमेडी, सस्पेंस, ड्रामे और एक अनोखी पार्टनरशिप से भरपूर, मनोरंजन का एक जबरदस्त डोज होने वाली है। गोवा की चकाचौंध और रंगीन माहौल पर बनी 'प्रीतम एंड पेड्रो' दो बिल्कुल अलग दुनिया के लोगों की कहानी है, जो बेहद अजीब और असामान्य हालातों में एक-दूसरे से टकराते हैं। इस कहानी के केंद्र में पेड्रो और प्रीतम हैं। पेड्रो अपने अनुभवों और अंदरूनी ज्ञान से चलने वाला एक पुराने जमाने का पुलिसवाला है जबकि प्रीतम एक तेज-तर्रार युवा टेक एक्सपर्ट है। ये दोनों खुद को एक ऐसे रहस्य में घिरा पाते हैं जो उन दोनों की कल्पना से कहीं ज्यादा बड़ा, अजीब और अप्रत्याशित है। जैसे-जैसे उनकी यात्रा आगे बढ़ती है, रहस्य ज्यादा गहरे होते जाते हैं, वफादारी की कसौटी पर परखा जाता है और हर मोड़ पर नई उथल-पुथल मचती है, नया हंगामा खड़ा होता है। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्मित और मशहूर फिल्म निर्माता अविनाश अरुण द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक या दो नहीं बल्कि शानदार कलाकारों की पूरी टोली को एक साथ लाती है।

### आइकॉनिक व्हाइट तीसरे साल शीर्ष पर

मुंबई। एबीडी की आइकॉनिक व्हाइट को ड्रिंक्स इंटरनेशनल की मिलियनेयर्स क्लब 2026 रिपोर्ट में लगातार तीसरे वर्ष दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ने वाला मिलियनेयर व्हिस्की ब्रांड नामित किया गया है। आइकॉनिक व्हाइट वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली रैंकिंग में शीर्ष पर रही है और दुनिया भर में सभी श्रेणियों में दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली शराब ब्रांड बनकर उभरी है। साल 2023 में 'मिलियनेयर्स क्लब' में शामिल होने के बाद, आइकॉनिक व्हाइट ने हर कैलेंडर वर्ष में अपनी बिक्री की मात्रा को दोगुने से भी अधिक किया है, जो इसे वैश्विक स्पिरिट्स उद्योग में सबसे आकर्षक विकास कहानियों में से एक बनाता है। रिपोर्ट में ब्रांड के विकास के सफर को 'इतिहास रचने वाला' बताया गया है। मई 2026 में एक ही महीने में 10 लाख से अधिक केसेस की बिक्री का आंकड़ा पार कर अपनी अब तक की सबसे अधिक मासिक बिक्री दर्ज की है।

# सेंसेक्स में 736 अंकों की उछाल



मुंबई। अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर सहमति बनने से कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आने और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार दूसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 736 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 231 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 736.38 अंक यानी 0.97 प्रतिशत चढ़कर 76,264.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,293.12 अंक यानी 1.71 प्रतिशत चढ़कर 76,821.07 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 231 अंक यानी 0.98 प्रतिशत बढ़कर 23,853.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 388.5 अंक यानी 1.64 प्रतिशत चढ़कर 24,011.40 अंक तक चला गया था। यह घरेलू शेयर बाजार में बड़ी तेजी का लगातार दूसरा सत्र रहा। पिछले सत्र में शुक्रवार को भी सेंसेक्स 1,695 अंक चढ़ा था और निफ्टी 461 अंक के लाभ में रहा था। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिका एवं ईरान के बीच 107 दिन तक चला संघर्ष खत्म करने के लिए समझौता होने की घोषणा से वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर दबाव कम हुआ है। इस समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर सहमति बनी है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस घटनाक्रम के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब पांच प्रतिशत लुढ़ककर लगभग 82.90 डॉलर प्रति बैरल रह गई। यह कच्चे तेल के तीन महीने के निचले स्तर के आसपास है। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटर्नल और मारुति के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। अमेरिका-ईरान शांति समझौते से भू-राजनीतिक तनाव कम हुआ है जो वैश्विक जोखिम वाली परिसंपत्तियों के लिए सकारात्मक है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए राहत देने वाली है क्योंकि इससे मुद्रास्फीति दबाव कम होगा और व्यापक आर्थिक स्थिरता को समर्थन मिलेगा। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.66 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप एक प्रतिशत के लाभ के साथ बंद हुआ। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड में सर्वाधिक 3.93 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि वाहन खंड में 2.69 प्रतिशत, टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 2.02 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 1.73 प्रतिशत की बढ़त रही।

# रुपया 47 पैसे चढ़कर 94.71 प्रति डालर पर



मुंबई। रुपया सोमवार को 47 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.71 (अस्थायी) पर रहा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता होने की घोषणा करने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत शुरुआत और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने भी रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.70 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.45 से 94.77 के दायरे में कारोबार करता रहा। अंत में यह 94.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की बढ़त है। रुपया शुक्रवार को 95.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान ने 107 दिन तक चले युद्ध को समाप्त करने और वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमति जताई है। इस समझौते को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर के बाद शुक्रवार को अंतिम रूप दिया गया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर रविवार को इसकी घोषणा की। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर दबाव कम हुआ। अधिकारियों के अनुसार, शांति समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में औपचारिक तौर पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने की प्रवृत्ति में वृद्धि और अमेरिकाईरान समझौते के बीच भारतीय रुपया लगातार दूसरे दिन मजबूत हुआ। इससे वैश्विक जोखिम वाली परिसंपत्तियों में तेज उछाल आया और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट ने भी रुपये को समर्थन दिया। उन्होंने बताया कि डॉलर के मुकाबले रुपये के हाजिर भाव के मंगलवार को 94.20 से 94.95 के बीच रहने के आसार हैं। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.65 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

# कच्चे तेल के वायदा भाव में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट

नयी दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता होने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने से ऊर्जा बाजारों में तेज बिकवाली के बीच सोमवार को कच्चे तेल का वायदा भाव पांच प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ तीन महीने के निचले स्तर 7,624 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। जून में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों की कीमत 449 रुपये या 5.56 प्रतिशत टूटकर 7,624 रुपये प्रति बैरल रह गई।

इसमें 10,716 लॉट का कारोबार हुआ। जुलाई में आपूर्ति वाले अनुबंधों की कीमत 422 रुपये या 5.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,546 रुपये प्रति बैरल हो गई। इसमें 5,110 लॉट का कारोबार हुआ। अब यह 11 मार्च के बाद के सबसे निचले स्तर पर आ गया है जब यह 7,558 रुपये प्रति बैरल था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अगस्त में आपूर्ति वाले ब्रेंट कच्चे तेल का वायदा भाव 3.81 अमेरिकी डॉलर या 4.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83.52 डॉलर प्रति बैरल रह गया। वहीं वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट के जुलाई अनुबंध की कीमत न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज पर 4.16 अमेरिकी डॉलर या 4.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80.72 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता होने की घोषणा करने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई है।

# सोना 2500 और चांदी 5000 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 2,500 रुपये बढ़कर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी की कीमत 2.60 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई।

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की रूपरेखा बनने के बाद वैश्विक बाजार में मजबूत रुख का असर इन कीमतों पर दिखा। बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार के 1,56,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 2,500 रुपये बढ़कर 1,59,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। चांदी की कीमत में भी लगातार दूसरे सत्र में बढ़ोतरी हुई और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम थी। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी तब आई जब अमेरिका और ईरान ने दुश्मनी खत्म करने और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अहम रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए एक अंतरिम समझौते की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के कारण सोमवार को सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई और हाजिर सोना 4,325 डॉलर प्रति औंस के स्तर से ऊपर चला गया। इस समझौते से कच्चे तेल की कीमतें कई सप्ताह के निचले स्तर पर आ गईं, महंगाई को लेकर चिंताएं कम हुईं और ज्यादा सख्त मौद्रिक नीति की संभावना कम हो गई, जबकि कमजोर डॉलर और कम बॉन्ड प्रतिफल ने भी सर्राफा कीमतों को समर्थन दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 121.33 डॉलर या लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 4,340.65 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.74 डॉलर या 4.04 प्रतिशत बढ़कर 70.74 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में 27.3 प्रतिशत बढ़कर 438854 इकाई

नयी दिल्ली। घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत बढ़कर 4,38,854 इकाई हो गई। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कमी से उत्पन्न हुई मांग और आसान वित्तपोषण के प्रभाव से अधिक खरीद देखने को मिली। उद्योग संगठन सियाम ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मई 2025 में थोक बिक्री 3,44,656 इकाई रही थी। दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री भी पिछले महीने 14.8 प्रतिशत बढ़कर 19,02,209 इकाई हो गई, जो मई 2025 में 16,57,116 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, यात्री वाहनों, तिपहिया और दोपहिया वाहनों ने मई 2026 में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की, जिसमें प्रत्येक खंड में दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि हुई। पिछले वर्ष मई के निम्न आधार प्रभाव और जीएसटी दरों में कमी से उत्पन्न मांग, साथ ही आसान वित्तपोषण के कारण इस महीने फिर से खपत में वृद्धि के रूप में दिख रही है। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 31.1 प्रतिशत बढ़कर 70,720 इकाई हो गई जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 53,942 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में यूटिलिटी वाहनों की थोक बिक्री 24.8 प्रतिशत बढ़कर 2,45,549 इकाई हो गई।

# देश का निर्यात 45.2 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर



नयी दिल्ली। देश का निर्यात मई में 18 प्रतिशत बढ़कर छह महीने के उच्च स्तर 45.2 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वहीं कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के आयात में वृद्धि से व्यापार घाटा 28.21 अरब डॉलर तक बढ़ गया।

मासिक आधार पर हालांकि व्यापार घाटा अप्रैल के 28.38 अरब डॉलर से मामूली घटा है। पिछले वर्ष मई में व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर था। आयात मई में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 73.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में व्यापार घाटा और बढ़ गया। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मई के आंकड़े सबसे अधिक मासिक निर्यात आंकड़ों में से एक हैं और रुझान को देखते हुए यह वर्ष निर्यात के लिए अच्छा रहेगा। निर्यात में योगदान देने वाले प्रमुख क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग वस्तुएं एवं औषधि हैं। अप्रैल-मई के दौरान निर्यात 16.09 प्रतिशत बढ़कर 88.91 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 15.14 प्रतिशत बढ़कर 145.35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। व्यापार घाटा 56.44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में सोने का आयात 60 प्रतिशत बढ़कर 9.04 अरब डॉलर तक पहुंच गया। कच्चे तेल का आयात 16.5 प्रतिशत बढ़कर 41.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इस वर्ष मई में पश्चिम एशिया को भारत का निर्यात लगभग पिछले वर्ष के समान स्तर पर पहुंच गया, जबकि उस क्षेत्र में व्यवधान बने रहे। भारत का पश्चिम एशिया को निर्यात मई में मामूली घटकर 5.30 अरब डॉलर रहा, जबकि मई 2025 में यह 5.38 अरब डॉलर था। भारत ने इस क्षेत्र में निर्यात बढ़ाने के लिए ओमान के तीन बंदरगाहों (दुक्म, सोहर तथा सलालाह) का इस्तेमाल किया है। यह आंकड़ा ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ 107 दिन के युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता होने की घोषणा की है। इस युद्ध से ही वैश्विक ऊर्जा संकट खड़ा हुआ था। अमेरिका-ईरान संघर्ष ने होर्मुज जलडमरूमध्य सहित अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्रों में जहाजों की आवाजाही को बुरी तरह प्रभावित किया। इस शांति समझौते पर 19 जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किये जायेंगे। इस बीच, सरकारी अनुमान के अनुसार मई में सेवाओं का निर्यात 36.76 अरब अमेरिकी डॉलर और आयात 19.06 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

# भारतीय एलएनजी पोत दिशा होर्मुज जलडमरूमध्य से निकलने वाला पहला सुरक्षित जहाज बन गया




नयी दिल्ली। भारतीय ध्वज वाला एलएनजी से भरा जहाज दिशा तीन महीने से अधिक समय बाद युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकलने वाला पहला जहाज बन गया है।

भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड (एससीआई) के नेतृत्व वाले समूह द्वारा प्रबंधित यह जहाज 62,370 टन एलएनजी लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आगे बढ़ चुका है। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि एलएनजी पोत दिशा सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है और यह 62,370 टन एलएनजी लेकर आ रहा है। इसके 18 जून के आसपास भारत के दहेज बंदरगाह पहुंचने की संभावना है। मंत्रालय ने कहा कि नौवहन महानिदेशालय भारतीय नाविकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावासों, पोत परिवहन कंपनियों और अन्य हितधारकों के साथ लगातार समन्वय में है। मंत्रालय के मुताबिक, स्थापित नियंत्रण कक्ष ने पिछले 96 घंटों में 12,737 कॉल और 28,299 से अधिक ईमेल का निपटान किया है। इस दौरान नाविकों, उनके परिवारों और अन्य समुद्री हितधारकों से 406 कॉल और 784 ईमेल प्राप्त हुए। अब तक 3,587 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की है।

## पेज एक का शेष

### किसानों की

मुझ पर विश्वास किया, धीरेंद्र सिंह ने सहयोग किया। यीडा व उप्र के नागरिक उड्डयन विभाग ने कार्रवाई को युद्धस्तर पर बढ़ाया तो परिणाम यह रहा कि 13 हजार एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहण पर कार्य शुरू हुआ। चार फेज में एयरपोर्ट बनेगा, पहले फेज की कार्रवाई संपन्न हुई। सीएम ने कहा कि भारत में सर्वाधिक संभावनाओं वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने आज से कमर्शियल फ्लाइट प्रारंभ की है। ऐसे में आज का दिन जेवर, गौतमबुद्ध नगर, पश्चिमी उप्र, प्रदेश व देश के एविएशन सेक्टर के लिए ऐतिहासिक है, इसके पीछे प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की और योगदान किसानों का है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस कड़ी को जोड़ा है। सीएम ने कहा कि जेवर अब पुराना जेवर नहीं रहा, इसने इतिहास रच दिया है। जेवर क्षेत्र 9 साल पहले उत्तर प्रदेश की आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बन गया था। शाम होते आवागमन बंद हो जाता था। बेटी असुरक्षित थी, नौजवान के सामने भविष्य का संकट और किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं थी। किसानों का उत्पीड़न भी किसी से छिपा नहीं था। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, स्कूल, रोजगार, गरीबों के लिए कोई पहल नहीं होती थी। सीएम ने कहा कि आज बड़ी से बड़ी कंपनियां जेवर आना चाहती हैं। वहां अब ह्यकुबेरह्न भी आना चाहते हैं। जेवर एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो व एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है। अन्न, फल, मत्स्य, सब्जी आदि पैदा करने वाला उत्तर प्रदेश का किसान यहां कार्गो से अपने उत्पादों को दुनिया में पहुंचाएगा। स्थानीय बाजार में उसे दाम भले कम मिले, लेकिन दुनिया के बाजार में कई गुना दाम मिलेगा। आम का दाम यहां अधिकतम 50 रुपये पहुंचेगा, लेकिन दुनिया के बाजार में 800 से 1000 रुपये किलो बिकता है। 200 रुपये प्रति किलो कार्गो खर्च जोड़ लें, तब भी किसान को 600 रुपये का लाभ मिलेगा। जिस किसान को यहां 10 रुपये प्रति किलो का लाभ नहीं मिल पा रहा, उसे 600 रुपये का लाभ मिलेगा तो वह समृद्ध बनेगा। सीएम ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट, सेमीकंडक्टर यूनिट, डेटा सेंटर, फिल्म सिटी, ट्वाय पार्क, अपरैल पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स की विश्व स्तरीय सिटी भी जेवर क्षेत्र में स्थापित होगी। विश्व रैंकिंग वाले दुनिया के पांच बड़े प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय यहां कैंपस स्थापित करने आ रहे हैं। सीएम ने कहा कि जब किसानों ने पहली रजिस्ट्री की तो वे विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ मेरे पास आए थे। मैंने ग्रेनो में भी किसानों से कहा था कि आप रजिस्ट्री कराइए, पैसा वह मिलेगा जो आपने सोचा भी नहीं होगा। हम सौदेबाजी नहीं कर रहे हैं। आपका हक देंगे।

### जिन्होंने गोलियां

का सम्मान याद आ रहा है।

सीएम ने कार्यक्रम के दौरान सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स और डिजिटल क्रिएटर्स के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं, रोजगार, शिक्षा, निवेश, अयोध्या के विकास और प्रदेश की बदलती पहचान को लेकर अपनी सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का युवा अब पहचान के संकट से बाहर निकल चुका है और आज प्रदेश में रोजगार तथा अवसरों की कोई कमी नहीं है। सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर एवं शिक्षक वेदांत सिंह हजारी ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में करीब एक करोड़ नए युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। ऐसे में शिक्षा, रोजगार और अवसरों को लेकर जागरूक इस युवा वर्ग को सरकार पर भरोसा क्यों करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जवाब देते हुए कहा कि आज का युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जा से भरपूर है।

### भारत और

को व्यापक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया है। यह हमारी साझा मान्यताओं, साझा प्राथमिकताओं और साझा भविष्य का प्रतीक है। इस व्यापक साझेदारी का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को एक नए मुकाम पर ले जाना, मौजूदा सहयोग तंत्रों को मजबूत करना और द्विपक्षीय व बहुपक्षीय, दोनों स्तरों पर सहयोग को और प्रगाढ़ करने के नए रास्ते तलाशना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने और फिको ने रिश्तों को नयी दिशा देने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी और फिको ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और मज़बूती को बढ़ावा देने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए। इसके लिए परमाणु ऊर्जा और भूतापीय ऊर्जा सहित ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारे पास असीम संभावनाएं हैं। हमारी आकांक्षाएं और भी बड़ी हैं। ऑटोमोबाइल, रेलवे, उन्नत विनिर्माण और हरित प्रौद्योगिकी हमारे लिए खास दिलचस्पी के क्षेत्र हैं। मोदी ने कहा कि आज हमने इन सभी मुद्दों पर अपनी ताकत को मिलाकर दोनों देशों के लोगों के फायदे के लिए कई अहम फैसले लिए। मोदी ने यह भी कहा कि भारत और स्लोवाकिया के बीच रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच गहरे आपसी भरोसे और रणनीतिक तालमेल का सबूत है।

### अमेरिका और

होने दो। हालांकि, एक अन्य पोस्ट में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य शुक्रवार को समझौते पर आधिकारिक हस्ताक्षर होने के बाद ही खोला जाएगा। यह समझौता ऐसे दिन हुआ जब ट्रंप अपना 80वां जन्मदिन मना रहे थे। ट्रंप ने कहा यह समझौता पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा लाएगा। मुझसे पहले कई राष्ट्रपतियों ने ईरान के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश की, लेकिन सभी विफल रहे। उन्होंने कहा क्षेत्र के नेताओं को पहली बार ऐसा राष्ट्रपति मिला है, जो उन्हें वास्तविक शांति दिलाने में मदद कर सकता है।

शुक्रवार को समझौते पर हस्ताक्षर होने के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य खोल दिया जाएगा। समझौते को अंतिम रूप दिए जाने से कुछ घंटे पहले बेरूत में हिजबुल्ला के ठिकानों पर इजराइल के हवाई हमलों के कारण तनाव बढ़ गया और ट्रंप की इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ तीखी बातचीत हुई। ट्रंप ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि उन्होंने नेतन्याहू और ईरानी वार्ताकारों, दोनों से नए हमले नहीं करने को कहा है।

### भारत को

लिए मुख्य निर्यात मार्ग है जो भारत के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी हैं। फरवरी के अंत में ईरान से जुड़े तनाव शुरू होने के बाद इस जलडमरूमध्य से कच्चे तेल (जिससे पेट्रोल और डीजल बनते हैं) और प्राकृतिक गैस (जिसका उपयोग बिजली उत्पादन, उर्वरक निर्माण, सीएनजी एवं घरेलू रसोई गैस के रूप में होता है) की आपूर्ति प्रभावित हुई थी। इससे कच्चे तेल की कीमतों, शिपिंग बीमा प्रीमियम और मालभाड़ा दरों में तेज बढ़ोतरी हुई।

### सीएम धामी

मौजूद रहीं। पारिवारिक वातावरण में हुए इस कृषि कार्य ने ग्रामीण जीवन, खेती-किसानी और पारंपरिक मूल्यों के प्रति जुड़ाव का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की असली ताकत उसके गांव, किसान और प्राकृतिक संसाधन हैं। यदि राज्य को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है तो कृषि क्षेत्र को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि खेती केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि भारतीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर और ग्रामीण जीवन की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती और जैविक उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में उत्तराखंड के किसानों के पास अपनी पारंपरिक कृषि पद्धतियों को आधुनिक बाजार से जोड़कर बेहतर आय अर्जित करने का अवसर है। राज्य सरकार भी किसानों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, विपणन सुविधाएं और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहयोग प्रदान कर रही है।

### दान राशि में

सरकार को सौंपेगी। इस बीच, राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को कहा कि एसआईटी जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। जांच के दो पहलू हैं-आपराधिक और भविष्य में सुधार से संबंधित। जब दोनों पहलुओं पर काम होगा तभी हम श्रद्धालुओं का विश्वास और मजबूत कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट जांच में पूरा सहयोग करेगा और एसआईटी को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मिश्र ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने रविवार को जिला प्रशासन से भी बातचीत की थी और प्रशासन ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

मिश्र ने कहा कि यह एक सामूहिक प्रयास है और एक तरह से मंदिर के लिए महत्वपूर्ण दौर भी। हमें इस दौर से गुजरते हुए भविष्य की दिशा तय करनी है। भक्तों की संख्या पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में मिश्र ने कहा कि भक्तों की संख्या को लेकर कोई सवाल नहीं है। श्रद्धालु भगवान के प्रति समर्पण भाव से आते हैं। वे दान करते हैं। हमारे सनातन धर्म में भी कहा गया है कि दान करो और उसे भूल जाओ। न तो इसका पता लगाया जाता है, न ही भगवान के साथ कोई वस्तु विनिमय (प्रणाली) है, (जब से) मैंने दान किया है। उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्म की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। मिश्र ने कहा कि श्रद्धा और दान की यह धारा निरंतर प्रवाहित होती रहेगी और इसमें कोई बाधा नहीं आएगी। इस सवाल पर कि क्या एसआईटी जांच के लिए दिल्ली से किसी वरिष्ठ अधिकारी को बुलाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह पूरी तरह एक गलत जानकारी है। यह राज्य सरकार और जिला प्रशासन का विषय है। जैसा कि आम बोलचाल में कहा जाता है कि नैया पार लगानी है, तो दोनों (राज्य सरकार और जिला प्रशासन) ही ऐसा करेंगे। उधर, युवा कांग्रेस की उत्तरप्रदेश इकाई के एक पदाधिकारी शरद शुक्ला ने अयोध्या में एक बैनर लगाया है, जिसमें लिखा गया है कि जो भी राम मंदिर की संपत्ति या धन की चोरी करने का प्रयास करेगा, उसे 60,000 वर्षों तक कीड़े के रूप में नरक में सड़ना पड़ेगा। इस बैनर में स्कंद पुराण का एक श्लोक भी उल्लेखित है, जिसका अर्थ है कि भगवान रामलला स्वयं न्याय करेंगे। यह विवाद सात जून को तब सामने आया जब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि राम मंदिर में चढ़ावे के रूप में प्राप्त करोड़ों रुपये गायब होने की रिपोर्टें सामने आई हैं।

### आगरा : दवा

पर एक व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। 12 से 14 जून के मध्य खिनी गली, फव्वारा, संजय प्लेस, कमला नगर सहित आगरा के प्रमुख दवा व्यापार केंद्रों पर 20 से अधिक फर्मों, गोदामों और आवासीय परिसरों की सघन जांच की गई। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध दवाएं सीज की गईं, कोल्ड चेन के गंभीर उल्लंघन पाए गए तथा कार्यवाही में 63 लाख रुपये से अधिक मूल्य की नकली, फिजिशियन सैंपल और सरकारी सप्लाई की औषधियां जब्त करते हुये भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत तीन (3) एफआईआर भी दर्ज कराई गई हैं।

### स्वच्छ व हरित

ऊर्जा एक ऐसा स्वच्छ ऊर्जा स्रोत है जो गर्मियों के दौरान तथा विशेष रूप से शाम और रात्रि के समय भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहती है, जबकि उस समय बिजली की मांग सर्वाधिक होती है। यही कारण है कि राज्य सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा के विविध स्रोतों को अपनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। प्रदेश में पवन ऊर्जा उत्पादन की प्राकृतिक संभावनाएं सीमित होने के बावजूद उत्तर प्रदेश ने अन्य पवन ऊर्जा उत्पादक राज्यों से दीर्घकालिक अनुबंधों के माध्यम से बड़ी मात्रा में हरित ऊर्जा खरीदकर देश के सामने एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है। श्री शर्मा ने बताया कि भारतीय सौर ऊर्जा निगम तथा पावर ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन के माध्यम से प्रदेश द्वारा अब तक लगभग 5805 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता का दीर्घकालिक प्रबंध किया जा चुका है, जिसमें से लगभग 1630 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं चालू होकर प्रदेश को हरित ऊर्जा उपलब्ध करा रही हैं।




# श्रीलंका ए ने सुपर ओवर में भारत ए को हराया

## सूर्यवंशी 14 गेंद में 21 रन, एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे

एजेंसी

दाम्बुला। श्रीलंका ए ने त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के रोमांचक मुकाबले में सोमवार को यहां भारत ए को सुपर ओवर में हरा दिया। श्रीलंका के तेज गेंदबाज कुगाथस मथुलन ने दबाव में भी शांत रहकर वैभव सूर्यवंशी और सूर्यांश शेडगे की खतरनाक भारतीय जोड़ी के खिलाफ सुपर ओवर में 16 रन बचा लिए जिसके बाद माहौल गरमा गया। मैच के रोमांचक अंत के बाद सूर्यवंशी को श्रीलंका के एक खिलाड़ी को धक्का देते हुए भी देखा गया जिससे दोनों के बीच शारीरिक टकराव भी हुआ। हालांकि यह हैरानी भरा रहा कि सूर्यवंशी ने सुपर ओवर की पहली गेंद का सामना नहीं किया। नियमित ओवरों में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान ने अंतिम ओवर में कई स्टीक यॉर्कर डालकर मुकाबले को टाई कराया। अंतिम ओवर में आउट होने वाले सदीरा समरविक्रम (91) ने इससे पहले श्रीलंका को जीत की दहलीज पर पहुंचाया था।

आईपीएल में गुजरात टाइटन्स की ओर से खेलने वाले अरशद ने अंतिम ओवर में सिर्फ चार रन दिए जबकि मेजबान टीम को जीत के लिए पांच रन की जरूरत थी। मैच टाई होने के बाद खेल के नतीजे को लेकर उलझन की स्थिति बन गई थी। भारत ए के कप्तान तिलक वर्मा अंपायरों पर दबाव बना रहे थे कि खेल को सुपर ओवर के जरिए आगे बढ़ाया जाए। काफी सोच-विचार के बाद अंपायरों ने अपना फैसला बदल और मैच को सुपर ओवर में ले जाने का निर्णय लिया। हालांकि अरशद का सुपर ओवर काफी महंगा साबित हुआ। उन्होंने एक वाइड और एक नो बॉल सहित कुल 16 रन दिए। कुगाथस दबाव में भी शांत रहे और भारतीय जोड़ी को सिर्फ नौ रन पर रोक दिया।

इससे पहले सूर्यवंशी (14 गेंद में 21 रन) एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे लेकिन ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे (66 गेंद में 72 रन) और विपराज निगम (49 गेंद में 51 रन) ने अर्धशतक जड़कर मेहमान टीम का स्कोर 265 रन तक पहुंचाया। श्रीलंका ए ने श्रृंखला के पहले मैच में अंतिम लम्हों में खराब बल्लेबाजी करके जीत भारत को तोहफे में दी थी लेकिन इस बार बेहतर प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान ए के खिलाफ भी शिकस्त झेलने वाले भारत ए की यह दूसरी हार है। सूर्यवंशी ने तेज गेंदबाज चमिका गुणाशेखर पर छक्के और दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन ऑफ स्पिनर साहन अराचिगे की गेंद पर प्वाइंट पर कैच दे बैठे। कप्तान तिलक वर्मा (23) और फॉर्म में चल रहे उप कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (32) ने तीसरे विकेट के लिए नौ ओवर में 52 रन की साझेदारी की लेकिन धीमी पिच पर श्रीलंका के स्पिनरों के बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी की। दो विकेट पर 91 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही भारतीय टीम ने इसके बाद लगातार विकेट गंवाए।

ऑफ स्पिनर विजयकांत व्यासकांत ने गायकवाड़ को पगबाधा करके भारत को तीसरा झटका दिया। तिलक भी इसके बाद कुगाथस मथुलन की गेंद पर प्वाइंट पर कैच देकर पवेलियन लौट गए। मुंबई के शेडगे और उत्तर प्रदेश के विपराज ने इसके बाद पारी को संभाला। घरेलू क्रिकेट में अपनी टीमों के लिए सीमित ओवरों के टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले शेडगे और विपराज ने एक बार फिर अपनी क्षमता का परिचय दिया। शेडगे ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के मारे जबकि विपराज ने छह चौके जड़े। दोनों ने स्ट्राइक रोटेट करने के अलावा खराब गेंदों को सबक सिखाने में भी कोताही नहीं बरती। वहीं दूसरी ओर वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर तेज शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे लेकिन ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे और विपराज निगम के अर्धशतक से भारत ए ने सोमवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में श्रीलंका ए के खिलाफ 265 रन बनाए।

शेडगे ने 66 गेंद में 72 रन की पारी खेली जबकि विपराज ने 49 गेंद में 51 रन की पारी खेली। दोनों ने उस समय आठवें विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की जब टीम 143 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। सूर्यवंशी (14 गेंद में 21 रन) ने तेज गेंदबाज चमिका गुणाशेखर पर छक्के और दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन ऑफ स्पिनर साहन अराचिगे की जगह पर प्वाइंट पर कैच दे बैठे। कप्तान तिलक वर्मा (23) और फॉर्म में चल रहे उप कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (32) ने तीसरे विकेट के लिए नौ ओवर में 52 रन की साझेदारी की लेकिन धीमी पिच पर श्रीलंका के स्पिनरों के बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी की।

दो विकेट पर 91 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही भारतीय टीम ने इसके बाद लगातार विकेट गंवाए। ऑफ स्पिनर विजयकांत व्यासकांत ने गायकवाड़ को पगबाधा करके भारत को तीसरा झटका दिया। तिलक भी इसके बाद कुगाथस मथुलन की गेंद पर प्वाइंट पर कैच देकर पवेलियन लौट गए।



### श्रीलंका ए के खिलाड़ी की छींटाकशी के कारण सूर्यवंशी के साथ हुई बहस

दाम्बुला। सुपर ओवर में श्रीलंका ए के खिलाफ भारत ए की हार के बाद त्रिकोणीय श्रृंखला का मैच खराब माहौल में खत्म हुआ जिसमें युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की मेजबान टीम के एक खिलाड़ी के साथ तीखी बहस हुई और बात लगभग हाथापाई तक पहुंच गई। सुपर ओवर में भारत ए को जीत के लिए 17 रन चाहिए थे लेकिन तेज गेंदबाज कुगाथस मथुलन के खिलाफ टीम नौ रन ही बना सकी और लगातार दूसरा मैच हार गई।

सूर्यवंशी ने मथुलन की आखिरी तीन गेंद का सामना किया और एक वाइड सहित सिर्फ छह रन बनाए। मैच खत्म होने के बाद जब सूर्यवंशी और उनके साथी सूर्यांश शेडगे पवेलियन लौट रहे थे तो श्रीलंकाई टीम ने कुछ ज्यादा ही जोश में जश्न मनाया। हालांकि टीवी कैमरों ने सूर्यवंशी को गुस्से में मथुलन की ओर बढ़ते हुए कैद किया और उनके साथी खिलाड़ी विशेन हलम्बेज बीच-बचाव के लिए आ गए। इसकी वजह शायद वह बात थी जो गेंदबाज ने 15 साल के खिलाड़ी को तीन गेंद पर सफलतापूर्वक रोकने के बाद कही थी। सूर्यवंशी को क्षेत्ररक्षक को धक्का देते देखा गया और क्षेत्ररक्षक ने भी उनकी तरफ बढ़ने की कोशिश की। श्रीलंका के सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निरोशन डिकवेला ने बीच-बचाव किया जिससे कि मामला हाथ से नहीं निकले। जब सूर्यवंशी पवेलियन लौट रहे थे।

# दोहा डायमंड लीग के जरिये वापसी करेंगे नीरज चोपड़ा




नयी दिल्ली। फिट हो चुके भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने सोमवार को घोषणा की कि वह 19 जून को होने वाली दोहा डायमंड लीग के जरिये प्रतिस्पर्धा में वापसी करेंगे। तोक्यो ओलंपिक 2020 चैम्पियन और पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता 28 वर्ष के चोपड़ा ने 2025 विश्व चैम्पियनशिप में निराशाजनक आठवें स्थान पर रहने के बाद प्रतिस्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया है। उनकी प्रबंधन फर्म वेल स्पोटर्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 2026 का पहला थ्रो दोहा में। नीरज चोपड़ा 19 जून को प्रतियोगिता में वापसी करेंगे। दोहा डायमंड लीग में भालाफेंक की प्रविष्टियों में चोपड़ा का नाम शामिल है जबकि 12 जून को जारी सूची में उनका नाम नहीं था। उन्होंने पिछले साल इसी टूर्नामेंट में 90 मीटर का आंकड़ा पारी किया था। चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, दोहा में मिलते हैं। चोपड़ा इस समय स्विटजरलैंड के बियेने में अपने फिजियो ईशान मारवाहा और कोच जय चौधरी के साथ 47 दिन के ऑफ सीजन अभ्यास शिविर में भाग ले रहे हैं। दोहा डायमंड लीग में मौजूदा विश्व चैम्पियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट और हाल ही में रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो फेंकने वाले श्रीलंका के रूमेश तरंगा पथिरागे भाग लेंगे। पेरिस ओलंपिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम का नाम सूची में नहीं है। दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (सत्र का सर्वश्रेष्ठ 86.08 मीटर) विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता अमेरिका के कुर्टिस थॉम्पसन (85.33 मीटर), चेक गणराज्य के याकूब वालेश (85.24 मीटर) के नाम प्रतियोगियों की सूची में हैं। चोपड़ा ने दोहा में 90.23 मीटर का थ्रो फेंका था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर ने छठे और आखिरी थ्रो में 91.06 मीटर फेंककर खिताब जीता। दोहा डायमंड लीग आठ मई को होनी थी लेकिन पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिये रविवार को घोषित भारतीय एथलेटिक्स टीम में भी चोपड़ा का नाम सशर्त शामिल किया गया है। उन्हें इसके लिये भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का 82.61 मीटर का क्वालीफिकेशन मार्क हासिल करना होगा। अगर वह ग्लास्गो में अगले महीने होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेते हैं तो भारत के तीन भालाफेंक खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। रोहित यादव और यशवीर भारतीय एथलेटिक्स सीरिज 9 के जरिये क्वालीफाई कर चुके हैं। राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त के बीच होने हैं। दोहा डायमंड लीग के आयोजकों ने घोषणा की है कि नया मीट रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाड़ी को 5000 डॉलर बोनस दिया जायेगा। डायमंड लीग विजेता को 10000 डॉलर, दूसरे स्थान पर रहने वाले को 6000 डॉलर और नौवे स्थान पर रहने वाले को 500 डॉलर मिलेंगे।

## संक्षेप

### भुल्लर मोरक्को में 31वें स्थान पर

रबात (मोरक्को)। अनुभवी गोल्फर गगनजीत भुल्लर यहां अंतरराष्ट्रीय सीरीज मोरक्को में अंतिम दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से संयुक्त 31वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। भुल्लर ने एशियाई टूर की इस 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में कुल छह अंडर का स्कोर बनाया। अन्य भारतीयों में करणदीप कोच्चर (78) और अजितेश संधू (77) संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर रहे।

### आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से हराया

फिलाडेल्फिया। अमाद डियालो ने 90वें मिनट में गोल करके पिछले 12 वर्ष में पहली बार विश्व कप फुटबॉल में भाग ले रहे आइवरी कोस्ट को इक्वाडोर पर 1-0 से जीत दिलाई। दोनों टीमों ने मिलकर तीन बार क्रॉसबार पर गेंद मारी, लेकिन गोल करने में नाकाम रही। ऐसे में जब मैच गोलरहित ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था तब मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से खेलने वाले स्थानापन्न विंगर डियालो (56वें मिनट में मैदान पर उतरे) ने पेनल्टी क्षेत्र के ठीक अंदर गोता लगाते हुए बाएं पैर से जोरदार शॉट लगाकर गोलकीपर हर्नान गैलिंडेज़ को चकमा देकर गोल कर दिया। विल्फ्रेड सिंगो ने दाहिनी ओर से शानदार दौड़ लगाते हुए इस गोल की नींव रखी थी। इस तरह से विश्व कप में चौथी बार और 2014 के बाद पहली बार हिस्सा ले रहे आइवरी कोस्ट ने नॉकआउट चरण में पहुंचने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया। आइवरी कोस्ट के लिए एली वाही ने 52वें मिनट में क्रॉसबार पर शॉट मारा। इससे पहले इक्वाडोर के जॉन येबोआ और निलसन एंगुलो ने पहले हाफ में ऐसा करके गोल करने का सुनहरे मौके गंवा दिये थे। पांचवीं बार विश्व कप में भाग ले रहा इक्वाडोर के लिए लिंकन फाइनेंशियल फील्ड का माहौल घरेलू मैदान जैसा था क्योंकि 68,274 दर्शकों में से अधिकांश ने ला ट्राई (इक्वाडोर की टीम) की पीली जर्सी पहनी हुई थी। डियालो के गोल से पहले इक्वाडोर की टीम मजबूत नजर आ रही थी। उसे हाफ टाइम के बाद सबसे अच्छा मौका 68वें मिनट में मिला जब गोंज़ालो प्लाटा ने लगभग 25 गज की दूरी से जोरदार शॉट लगाया जिसे गोलकीपर याहिया फोफाना ने रोक दिया।

# एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप में 16 देशों के 350 खिलाड़ी लेंगे भाग

एजेंसी

पणजी। एशिया ओशिनिया क्षेत्र के 16 देशों के लगभग 350 खिलाड़ी 21 से 27 जून तक यहां होने वाली पांचवीं एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप में भाग लेंगे। भारतीय ब्रिज महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष प्रसाद केनी ने कहा कि गोवा प्रत्येक चार साल में होने वाले इस टूर्नामेंट की दूसरी बार मेजबानी करेगा। इससे पहले 2018 में यह चैंपियनशिप गोवा में आयोजित की गई थी। बीएफआई के सचिव देबासिस रे ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, चीन, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, हांगकांग, जापान, चीनी ताइपे, फिलीपींस, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड और मेजबान भारत इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा पाकिस्तान ने भी प्रतियोगिता में भाग लेने में दिलचस्पी दिखाई थी लेकिन उसने अपना आवेदन जमा नहीं किया। इस चैम्पियनशिप में पुरुष, महिला, सीनियर और मिश्रित वर्गों में टीम और युगल स्पर्धाएं होंगी। भारत सभी वर्गों में ए और बी टीम उतारेगा। भारत ने अब तक खेले गए चार टूर्नामेंट में 20 पदक जीते हैं, जिनमें आठ स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं। भारत की पुरुष टीम में एशियाई खेलों के पदक विजेता सुमित मुखर्जी, राजेश्वर तिवारी, सायंतन कुशारी, अनिल पाधे, सुकोमल दास और सागनिक रॉय शामिल हैं।

### दिल्ली में 19 से 24 जून तक एशियाई सीनियर तलवारबाजी चैम्पियनशिप में शीर्ष सितारे

नयी दिल्ली। दिल्ली में 19 से 24 जून तक होने वाली एशियाई सीनियर तलवारबाजी चैम्पियनशिप में ओलंपिक पदक विजेताओं समेत 34 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत में पहली बार यह टूर्नामेंट हो रहा है जो इस साल के आखिर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों का सीधा क्वालीफायर भी है। टूर्नामेंट से लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये जरूरी रैंकिंग अंक भी मिलेंगे। भारत की चुनौती की अगुवाई ओलंपियन भवानी देवी (साबरे) करेंगी जिन्होंने 2023 एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। चैम्पियनशिप के साथ ही एशियाई तलवारबाजी परिसंघ की आमसभा भी 19 जून को होगी जिसमें 42 सदस्य देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# जापान ने नीदरलैंड को बराबरी पर रोका

एजेंसी



आर्लिंगटन। दाइची कामाडा ने अंतिम सीटी बजने से कुछ मिनट पहले गोल किया जिससे जापान ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एफ के मैच में नीदरलैंड को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। जब जापान की हार सुनिश्चित लग रही थी तब कामाडा ने यह महत्वपूर्ण गोल किया जिसे उनका देश वर्षों तक याद रखेगा। कोकी ओगावा के कॉर्नर किक पर कामाडा ने 88वें मिनट में हेडर से गोल किया, जिससे समुराई ब्लू (जापानी टीम) के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

इससे जापान ने अपने से अधिक रैंकिंग वाले नीदरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नीदरलैंड की टीम को भले ही अंक बांटने पड़े लेकिन इस ड्रॉ से उसने विश्व कप के ग्रुप चरण में अपने अजेय अभियान को 17 मैच तक पहुंचा दिया है। कामाडा के गोल से नारंगी रंग की जर्सी पहने नीदरलैंड के प्रशंसक सन्न रह गए। दोनों टीम हाफ टाइम तक गोल नहीं कर पाई थी। दूसरे हाफ की शुरुआत में वर्जिल वैन डाइक (50वें मिनट) और क्रिसेंसियो समरविले (64वें) ने नीदरलैंड के लिए एक-एक गोल दागा, जबकि कीटो नाकामुरा (57वें) ने जापान की तरफ से गोल किया। यह तीनों गोल 14 मिनट के अंदर किए गए। जापान के कोच हाजिमे मोरियासु ने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने दृढ़ता के साथ-साथ धैर्य बनाए रखा और मौके का इंतजार किया और जब उन्हें मौका मिला तो उसे भुनाने में कसर नहीं छोड़ी। जापान की टीम चार साल पहले कतर में अंतिम 16 में पहुंची थी। पहले हाफ में दोनों टीम प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन ब्रेक के बाद माहौल तेजी से बदल गया।

आठवें स्थान पर काबिज ने नीदरलैंड ने पहले बढ़त हासिल की। वैन डाइक ने 50वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर आगे की ओर झुकते हुए दाहिनी ओर दूर वाले पोस्ट की तरफ हेडर से गोल किया। यह नीदरलैंड के कप्तान का 13वां अंतरराष्ट्रीय गोल हो गया।

दाइची कामाडा के गोल से

विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज जापान के लिए नाकामुरा ने सात मिनट बाद बराबरी का गोल कर दिया। उन्होंने ताकेफुसा कुबो से पास लेने के बाद कोण बनाकर खूबसूरत गोल किया। लेकिन नीदरलैंड ने सात मिनट बाद फिर से बढ़त हासिल कर ली। समरविले ने रयान ग्रेवेनबर्च से पास लिया और बाएं पैर से शॉट मारकर जापान के गोलकीपर ज़ायोन सुजुकी को छकाते हुए गेंद को दूर बाएं पोस्ट की ओर गोल में डाल दिया। वैन डाइक ने कहा, यह निराशाजनक है क्योंकि बढ़त गंवाना कभी भी अच्छा नहीं होता। यह और भी निराशाजनक है क्योंकि हमने अंतिम क्षणों में गोल खाया।

### एथलेटिक्स सीरीज 11 मीट में ओडिशा का दबदबा

कोलकाता। ओडिशा के एथलीटों का सोमवार को साइ सॉल्ट लेक में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज 11 में दबदबा रहा लेकिन कई स्पर्धाओं से आखिरी समय में नाम वापस लेने के कारण बहुत कम प्रतिभागी शामिल हुए। देश के कुछ प्रमुख एथलीटों के नहीं आने से इस प्रतियोगिता की चमक फीकी पड़ गई। स्टार फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर, एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता आभा खटुआ और एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन हिमा दास के नाम शुरुआती सूचियों में थे लेकिन वे प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं पहुंचे। महिलाओं के भाला फेंक में शुरू में 12 खिलाड़ियों के नाम थे लेकिन सभी प्रतिभागियों के नाम वापस लेने के बाद सिर्फ एक प्रतियोगी बची। ओडिशा की अर्पिता अर्चना साहू अकेली प्रतिभागी थीं और उन्होंने 42.23 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में चार प्रविष्टियां होने के बावजूद सिर्फ दो एथलीट शामिल हुए। महाराष्ट्र के राहुल कृष्णा ने 15.54 मीटर के थ्रो के साथ खिताब जीता जबकि अभिषेक सिंह 13.88 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

# भारत ने नेशंस कप में अमेरिका को हराया



एजेंसी

ऑकलैंड। दीपिका के दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को यहां एफआईएच नेशंस कप के पूल ए के अपने पहले मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका पर 3-2 से जीत हासिल की। भारत की तरफ से दीपिका के दो गोल के अलावा नवनीत कौर ने भी एक गोल किया। अमेरिका की ओर से एशले सेसा और मैडलीन ज़मिर ने गोल किए। नेशंस कप की विजेता टीम अगले सत्र में प्रो लीग में खेलेगी। भारत पिछले सत्र में इससे बाहर हो गया था।

अमेरिका ने शानदार शुरुआत की और एशले ने चौथे मिनट में ही मैदानी गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके महज तीन मिनट बाद अमेरिका ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जब मैडलीन जिमर (सातवें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत पर शुरुआती दबाव बना दिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने आक्रामक रवैया अपनाया और धीरे-धीरे मैच पर अपनी पकड़ बना दी। भारत को आक्रामक अंदाज में खेलने का फायदा दूसरे क्वार्टर के शुरू में मिला जब ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका (17वें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अंतर को कम किया। भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और उसने दूसरे क्वार्टर में फिर से एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। दीपिका (24वें) एक बार फिर आगे बढ़ीं और उन्होंने फिर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। भारत ने दबाव बनाए रखा और हाफ टाइम से पहले एक और गोल करके मैच का रुख पूरी तरह से पलट दिया। नवनीत (28वें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को मैच में पहली बार बढ़त दिलाई। इस तरह से भारत ने हाफ टाइम तक 3-2 से आगे था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने गोल करने के अच्छे प्रयास किये। मैच में दोनों टीमों ने छह-छह पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन आखिरी दो क्वार्टर में गोल करने में नाकाम रही। इस तरह से भारत ने अंत तक अपनी बढ़त कायम रखते हुए तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किये। इस जीत से भारत तीन अंकों के साथ पूल ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। शीर्ष पर काबिज जापान के भी तीन अंक हैं लेकिन उसका गोल अंतर भारत से बेहतर है। वहीं दूसरी ओर भारत के लिये सर्वाधिक 412 अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने के दिलीप टिर्की के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले स्टार मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 खेलने और बेल्जियम के जॉन जॉन डोमैन के 481 अंतरराष्ट्रीय मैचों के विश्व रिकॉर्ड पर लगी हैं।

सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का

एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में नीदरलैंड के खिलाफ पहले मैच के साथ ही मनप्रीत ने भारत के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया अध्यक्ष टिर्की के 412 मैचों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अब 17 जून को जर्मनी के खिलाफ मैच के जरिये वह भारत के लिये सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन जायेंगे।



### दबाव वाली परिस्थितियों में खेलना पसंद हैं : दीप्ति

बर्मिंघम। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप के मैच में भारत की आसान जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद कहा कि उन्हें आईसीसी के टूर्नामेंट और दबाव में खेलने में आनंद आता है। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली दीप्ति ने पाकिस्तान के खिलाफ 10 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे भारत ने यह मैच 64 रन से जीता।

दीप्ति का प्रदर्शन महिला टी20 विश्व कप में किसी भारतीय खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यही नहीं यह टूर्नामेंट में कुल मिलाकर तीसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। दीप्ति ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को खिताब दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दीप्ति ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे दबाव वाली परिस्थितियां और आईसीसी टूर्नामेंट में खेलना पसंद हैं। मुझे ऐसा लगता है कि मैंने वहीं से फिर से शुरुआत की है जहां मैंने खत्म किया था, इसलिए अच्छा लग रहा है। मैं अपनी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं और अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने की कोशिश करती हूं।

# सनब्रीज अपार्टमेंट ने जीती आरडब्ल्यूए की ट्रॉफी

खेल संवाददाता




लखनऊ। सनब्रीज अपार्टमेंट ने 'मैक्स हॉस्पिटल' आरडब्ल्यूए क्रिकेट टूर्नामेंट लीग 2026 का खिताब रोमांचक फाइनल में सेलेब्रिटी ग्रीन को 7 विकेट से हराकर अपने नाम कर लिया। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सिक्स2ओ क्रिकेट सेंटर में रविवार रात आयोजित लीग का फाइनल उत्साहपूर्ण माहौल में खेला गया। फाइनल मैच में सेलेब्रिटी ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 53 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में सनब्रीज अपार्टमेंट की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट के नुकसान पर जीत के लिए जरुरी रन बनाते हुए लीग की विजेता ट्रॉफी पर जीत ली।

तीन दिवसीय इस पहली आरडब्ल्यूए क्रिकेट लीग में शहर की प्रमुख आवासीय सोसायटियों ने हिस्सा लिया। इसके आयोजन का उद्देश्य निवासियों के बीच खेल भावना को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना था। लीग में सनब्रीज अपार्टमेंट, सेलेब्रिटी ग्रीन, ओमैक्स आर-2, ऋषिता मल्बरी, ऋषिता मैनहट्टन, एमआई रिट्रीट, संतुष्टि हाइट्स, राजवंश रेजीडेंसी और इंद्रप्रस्थ ओकस सहित 10 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस क्रिकेट महोत्सव में खिलाड़ियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में सोसायटी निवासी एवं उनके परिवारजन भी उपस्थित रहे और करीब 1000 से अधिक दर्शक अपने परिवारों के साथ मैचों का आनंद लेने पहुंचे। खास बात यह रही कि सभी मुकाबलों का ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए भी प्रसारण किया गया, जिससे सोसायटी निवासी और खेल प्रेमी घर बैठे भी लीग से जुड़े रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर (सेल्स एवं मार्केटिंग) संतोष पाठक तथा विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि संतोष पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि खेल स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और मैक्स हॉस्पिटल भविष्य में भी समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने वाले ऐसे आयोजनों में सहयोग करता रहेगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने मैक्स हॉस्पिटल की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

# आयात से गंभीर दबाव का सामना कर रही अर्थव्यवस्था

## विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए और कदम उठाये जायेंगे: निर्मला सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार के घोषित उपाय महज शुरुआत हैं जबकि अभी आगे और कदम उठाए जा सकते हैं। निर्मला सीतारमण ने साथ ही कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों से उत्पन्न आपात स्थितियों के लिए तैयार रहना जरूरी है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था प्रमुख कच्चे माल के आयात, साथ ही कच्चे तेल और उर्वरकों के आयात से गंभीर दबाव का सामना कर रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सरकार के विश्लेषण से यह पता चला है कि बॉन्ड बाजार विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के लिए एक बेहद अच्छा माध्यम बन सकता है और इससे विदेशी निवेश को प्रभावी रूप से अवशोषित किया जा सकता है। इसके अनुरूप ही सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी निवेशकों के अनुपालन बोझ को कम करने के लिए सरकार ने पांच जून को पूरी तरह सुलभ मार्ग (एफएआर) के तहत निर्दिष्ट प्रतिभूतियों की सूची का विस्तार किया और इसमें जी-सेक के नए निर्गमों को भी शामिल किया। इसके अलावा, सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को मिलने वाली ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर आयकर छूट दी गई। निर्मला सीतारमण ने कहा कि ये उपाय विदेशी पूंजी को आकर्षित करने की दिशा में पहला कदम हैं। हालांकि फिलहाल यह केवल बॉन्ड बाजार तक सीमित है, लेकिन यह कहानी का अंत नहीं है। आगे और भी कदम होंगे। हम यह मानते हैं कि हमें और अधिक विदेशी पूंजी की आवश्यकता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पांच जून को बैंकों को तीन से पांच वर्ष की अवधि वाले विदेशी मुद्रा गैर-निवासी (बैंक) जमा के लिए अपनी मुद्रा अदला-बदली सुविधा का उपयोग करने की अनुमति दी थी, जिससे वे अमेरिकी डॉलर जमा को आरबीआई के साथ बदल सकें एवं मुद्रा जोखिम का प्रबंधन कर सकें। इसके अलावा, विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को बाहरी या विदेशों से वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) जुटाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु रियायती विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा भी दी गई है, जो 30 सितंबर तक लागू रहेगी। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई द्वारा घोषित ढांचे के तहत मुद्रा जोखिम की लागत आरबीआई वहन करेगा, जिससे बैंक बिना बाधा के अपने संसाधन जुटा सकेंगे। इसके परिणामस्वरूप, बैंक अब बिना किसी बाधा के धन जुटा सकते हैं। इसलिए हमने एक बहुत ही संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाजारों में आवश्यक निवेश हो। सरकारी सूत्रों ने पहले कहा था कि अर्थव्यवस्था में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) प्रवाह बढ़ाने के लिए और अधिक उपाय जल्द ही किए जाने की संभावना है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होगा एवं रुपये की स्थिरता को सहारा मिलेगा। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त सप्ताह में 71.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर घटकर 681.610 अरब डॉलर रह गया। सरकारी सूत्रों ने पहले बताया था कि वैश्विक स्तर पर बढ़ती उर्वरक कीमतों को देखते हुए उर्वरक मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष के लिए सब्सिडी में 100 प्रतिशत वृद्धि का अनुरोध किया है। इस वित्त वर्ष के लिए बजट में उर्वरक सब्सिडी 1.71 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है।

# अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि अगले सप्ताह गोयल के साथ व्यापार समझौते पर करेंगे वार्ता



नयी दिल्ली। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर अगले सप्ताह भारत की यात्रा पर आएंगे। इस दौरान वह 23-24 जून को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि चर्चा का केंद्र समझौता रूपरेखा को अंतिम रूप देना होगा, जिस पर उनके (अमेरिकी) प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा के दौरान विचार-विमर्श हुआ था। इसके साथ ही व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर भी चर्चा होगी, जिस पर दोनों पक्षों के बीच लगातार बातचीत जारी है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के 22 जून को नयी दिल्ली पहुंचने की संभावना है। इससे पहले, प्रमुख वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिकी दल ने दो से चार जून को भारतीय अधिकारियों के साथ समझौते को अंतिम रूप देने के मकसद से बातचीत की थी। गोयल ने पांच जून को कहा था कि भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े सभी अधूरे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं तथा अगले महीने के मध्य तक इस समझौते का पहला चरण लागू हो जाने की संभावना है। मुख्य वार्ताकारों के स्तर पर दोनों पक्षों ने कई मुद्दों पर चर्चा की, वस्तु व्यापार, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क उपायों और कारोबार सुगमता, आर्थिक सुरक्षा समन्वय तथा पारस्परिक हित के अन्य मुद्दे शामिल थे। भारत और अमेरिका ने सात फरवरी को बीटीए के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया था। रूपरेखा में अमेरिका ने भारत पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी और रूसी तेल खरीद से जुड़े 25 प्रतिशत शुल्क को भी हटा दिया था। बाकी शुल्क को भी घटाकर 18 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन, 20 फरवरी को अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक जवाबी शुल्क के खिलाफ फैसला सुनाया।

**संक्षेप**

## वीबी-जी राम जी योजना के तहत बंगाल के लिए 8500 करोड़ आवंटित

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने राज्य को वीबी जी-राम जी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण) योजना के तहत 8,500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026-27 के लिए योजना के तहत पश्चिम बंगाल को 8,508 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह राशि उत्तर प्रदेश के बाद देश में दूसरी सबसे अधिक है। उत्तर प्रदेश के लिए 9,721.48 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। केंद्र ने ग्राम सड़क योजना के तहत 2,400 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी है और 1000 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम से राज्यव्यापी जन कल्याण शिविर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, इस योजना के तहत केंद्र ने पश्चिम बंगाल के लिए लगभग 8,500 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित होगी। 15 से 17 जून तक आयोजित होने वाले 1100 जन कल्याण शिविर के जरिए लोग केंद्रीय और राज्य सरकार की 54 योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

# 16 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं कर सकेंगे सोशल मीडिया एप का प्रयोग

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने सोमवार को घोषणा की कि बच्चों की भलाई और सुरक्षा के लिए 16 साल से कम उम्र के सभी बच्चों के लिए सोशल मीडिया ऐप के इस्तेमाल पर रोक लगाई जाएगी।

**लगेगी रोक**

लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट से दिए गए एक भाषण में, स्टार्मर ने कहा कि एक प्रधानमंत्री के तौर पर और छोटे बच्चों के पिता के तौर पर उनका यह फैसला उचित है। उन्होंने माना कि दुनिया की कुछ सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर इस तरह की रोक लगाना आसान नहीं होगा, लेकिन बच्चों की सेहत और भलाई सबसे ज़्यादा ज़रूरी है। स्टार्मर ने कहा कि आज हमारे देश के लिए एक बड़ा पल है। यह हमारे बच्चों और हमारे भविष्य के लिए एक बड़ा कदम और असल बदलाव है, क्योंकि आज मैं यह घोषणा कर सकता हूं कि सरकार 16 साल से कम उम्र के सभी बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाएगी। मैं यह कदम हल्के में नहीं उठा रहा हूं, और मैं इसे ऐसे भी पेश नहीं करूंगा जैसे सोशल मीडिया ने युवाओं को कोई लाभ नहीं पहुचाया है।

# नीति आयोग के पीएसयू, पीएसबी निजीकरण कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने की जरूरत

नयी दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने सोमवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के निजीकरण की प्रक्रिया को फिर से गति देने की आवश्यकता है, क्योंकि यह भारत के आर्थिक सुधारों का अभिन्न अंग है। पनगढ़िया ने सरकार के विनिवेश कार्यक्रम को तेज करने के लिए एक स्वतंत्र निजीकरण मंत्रालय गठित करने की भी वकालत की। उनका कहना है कि विनिवेश विभाग निजीकरण की रफ्तार बनाए रखने में सफल नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि राजकोषीय दबावों की परवाह किए बिना पीएसयू और अधिकतर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का निजीकरण हमारे आर्थिक सुधारों का अभिन्न अंग है।

पनगढ़िया ने कहा कि पश्चिम एशिया तनाव के बावजूद पीएसयू और बैंकों का निजीकरण जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 दृष्टिकोण के तहत अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए हमें पीएसयू और पीएसबी के निजीकरण कार्यक्रम को पुनर्जीवित करना होगा। पनगढ़िया के नीति आयोग में उपाध्यक्ष रहने के दौरान पीएसयू के विनिवेश की अवधारणा को आगे बढ़ाया था। नीति आयोग का निजीकरण कार्यक्रम वर्ष 2016 में शुरू किया गया था। यह पूछे जाने पर कि क्या छह-सात प्रतिशत की उच्च आर्थिक वृद्धि दर वाले देश से पूंजी का बाहर जाना उन्हें असामान्य लगता है। पनगढ़िया ने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है।

# रूस के हमले से यूक्रेन में 11 लोगों की मौत



कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को बताया कि रूस ने यूक्रेन के प्रमुख शहरों पर रातभर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से हमला किया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भी क्षतिग्रस्त हो गया।

राजधानी कीव और दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर ये हमले ऐसे समय हुए हैं, जब राष्ट्रपति जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर अलग-अलग बातचीत की थी। यूक्रेन युद्ध पर मंगलवार को फ्रांस में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भी चर्चा होने की संभावना है। इस सम्मेलन में जेलेंस्की और ट्रंप के शामिल होने की उम्मीद है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रूस इस तरह दुनिया को युद्ध जारी रखने का अपना इरादा दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद जरूरी है कि जी-7 देश इस पर प्रतिक्रिया दें और यह प्रतिक्रिया ठोस एवं निर्णायक हो। आक्रमणकारी देश पर अधिक दबाव बनाया जाए तथा यूक्रेन की वायु रक्षा, विशेषकर बैलिस्टिक मिसाइल रोधी क्षमताओं को और मजबूत करने में मदद दी जाए। कीव में हमले में घायल हुए लोगों में बच्चे भी शामिल हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी हमलों में पूरे यूक्रेन में 11 नागरिकों और आपातकालीन सेवा कर्मियों की मौत हो गई, जबकि 53 अन्य घायल हुए हैं। कीव के महापौर विताली क्लितस्को ने बताया कि राजधानी में पांच लोगों की मौत हुई। वहीं, शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख तिमूर तकाचेंको के अनुसार कम से कम 30 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें पांच और छह वर्ष की आयु के दो बच्चे भी शामिल हैं।

# बेरोजगारी दर घटकर 5.5 प्रतिशत रही, श्रम भागीदारी में गिरावट




नयी दिल्ली। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी की दर मई, 2026 में मामूली रूप से घटकर 5.5 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले 5.6 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह जानकारी मिली। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी सर्वेक्षण आंकड़ों के मुताबिक, बेरोजगारी दर सालाना आधार पर भले ही कम हुई है लेकिन अप्रैल, 2026 के 5.2 प्रतिशत के मुकाबले इसमें कुछ बढ़ोतरी हुई है।

सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मई में बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 4.6 प्रतिशत थी। वहीं, शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.4 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल में 6.6 प्रतिशत थी। सालाना आधार पर शहरी बेरोजगारी दर में 0.5 प्रतिशत अंक की गिरावट दर्ज की गई है। सर्वेक्षण के अनुसार, मई, 2026 में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों की श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) घटकर 54.4 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल में 55 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 56.6 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 49.8 प्रतिशत रही। सालाना आधार पर कुल एलएफपीआर में 0.4 प्रतिशत अंक की गिरावट आई है। वहीं, श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी दर मई में 32.8 प्रतिशत रही, जो मई, 2025 के 33.2 प्रतिशत से थोड़ा कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 36.7 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 24.8 प्रतिशत दर्ज की गई। सर्वेक्षण के मुताबिक, रोजगार में लगी आबादी का अनुपात (डब्ल्यूपीआर) मई, 2026 में घटकर 51.4 प्रतिशत रह गया, जो अप्रैल में 52.2 प्रतिशत और मई, 2025 में 51.7 प्रतिशत था। ग्रामीण क्षेत्रों में डब्ल्यूपीआई 53.8 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में डब्ल्यूपीआर 46.6 प्रतिशत रहा। मंत्रालय ने कहा कि श्रम बल भागीदारी दर एवं रोजगार अनुपात में कमी आने और बेरोजगारी दर में वृद्धि से यह संकेत मिलता है कि आलोच्य अवधि में श्रम बाजार में कुछ नरमी आई। बयान में कहा गया कि श्रम भागीदारी में मामूली गिरावट के साथ रोजगार के अवसर अपेक्षाकृत तेजी से घटे, जिससे बेरोजगारों का अनुपात बढ़ा। सरकार के अनुसार, मई 2026 में आर्थिक गतिविधियों में मौसमी सुस्ती के कारण श्रम बाजार संकेतकों में यह गिरावट देखने को मिली। पीएलएफएस के तहत देशभर में 3,73,887 लोगों से जानकारी जुटाई गई। यह सर्वेक्षण देश में रोजगार और बेरोजगारी की स्थिति का प्रमुख स्रोत है और जनवरी, 2025 से इसकी पद्धति में बदलाव कर मासिक और तिमाही आंकड़े जारी किए जा रहे हैं।

**इंटरटेनमेंट...**

# विजय की नयी फिल्म चर्चा में 'स्त्री'



**मुंबई।** विजय लंबे समय से एक ऐसी फिल्म की तलाश में दिख रहे हैं जो उन्हें सिर्फ दक्षिण भारत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर नए सिरे से स्थापित करे। तेलुगु सिनेमा के बड़े स्टार और लगातार अपने करियर की दिशा बदलते नजर आ रहे विजय देवरकोंडा एक और बड़े प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। इंडस्ट्री के गलियारों में तेज सुगबुगाहट है कि विजय अब निर्देशक विक्रम कुमार के साथ हाथ मिला सकते हैं। विक्रम वही फिल्ममेकर हैं जिन्होंने अपनी अलग किस्म की कहानी कहने की शैली से '24' जैसी हाई-कॉन्सेप्ट फिल्म बनाई और हाल के वर्षों में ओटीटी स्पेस में भी मजबूत पहचान बनाई। यह एक बड़े पैमाने की पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसे हिंदी मार्केट में मजबूत मौजूदगी रखने वाला प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स सपोर्ट कर सकता है। हालांकि अभी तक किसी पक्ष की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। निर्देशक विक्रम कुमार अपने साइकोलॉजिकल, टाइम-लेयर्ड और भावनात्मक कहानी कहने के अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस संभावित कोलैबोरेशन को दिलचस्प इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि दोनों कलाकार अपने-अपने करियर के ऐसे दौर में हैं जहां प्रयोग और स्केल दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। विजय लंबे समय से एक ऐसी फिल्म की तलाश में दिख रहे हैं जो उन्हें सिर्फ दक्षिण भारत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर नए सिरे से स्थापित करे। दूसरी तरफ विक्रम कुमार अपने साइकोलॉजिकल, टाइम-लेयर्ड और भावनात्मक कहानी कहने के अंदाज के लिए जाने जाते हैं। फिलहाल वेब शो 'धूथा' के दूसरे सीजन में बिजी हैं निर्देशक विक्रम कुमार फिलहाल विक्रम कुमार अपने चर्चित वेब शो 'धूथा' के दूसरे सीजन में व्यस्त हैं।

**पैन-इंडिया फिल्म की तैयारी**

# 'कुमकुम भाग्य' की अभिनेत्री संचिता उगले ने की आत्महत्या



**मंबई।** टीवी एक्ट्रेस संचिता उगले ने रविवार रात को सुसाइड कर लिया। वे 22 साल की थीं। पुलिस ने बताया कि एक्ट्रेस का शव घर में सीलिंग फैन से लटका मिला। उन्होंने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाई। सहायक पुलिस निरीक्षक विनोद वाघ ने मीडिया को दिए बयान में कहा, 'हमारी टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। घटना के समय वे घर में अकेली थीं। उनके पिता ने बेटी की मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया। संचिता अपने माता-पिता के साथ महाराष्ट्र के पालघर में रहती थीं। रविवार शाम करीब 5:30 बजे उनकी बहन अंजली घर से बाहर गई थी। उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान संचिता ने अपने बेडरूम के सीलिंग फैन से साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाई, पंखे से लटकी मिली बॉडी मौत से कुछ घंटे पहले रील पोस्ट की**

# बचपन के किस्से सुनाते हुए इमोशनल हुए महेश भट्ट

**मुंबई।** सीनियर फिल्ममेकर और लेखक महेश भट्ट ने मुंबई में आयोजित कार्यक्रम 'इन सर्च ऑफ ट्रुथ' में जीवन के कई अनछुए पहलुओं पर बात की। वसोर्वा के आरडीएक्स स्टूडियो में स्क्रिप्ट राइटर और डायरेक्टर सुहता दास के साथ हुए इस संवाद में उन्होंने अपने बचपन, करियर के संघर्षों और रिश्तों पर खुलकर चर्चा की। महेश भट्ट ने कहा कि लोग अक्सर अपनी जिंदगी को भविष्य के लिए टालते रहते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि जीवन इसी पल और इसी सांस में है। इस कार्यक्रम में फिल्म निर्माण के अलावा मानसिक स्वास्थ्य और बच्चों के पालन-पोषण पर भी विचार साझा किए गए। भट्ट ने अपने शुरूआती संघर्षों को याद करते हुए डायरेक्टर राज खोसला की एक बात का जिक्र किया।

**बीमार मां के बालों में सजाए थे जुगनू जिंदगी भविष्य में नहीं इसी पल में है**

उन्होंने कहा कि राज खोसला ने उनसे कहा था, शून्य से शुरूआत करना एक बेहतरीन आंकड़ा है।₹ महेश भट्ट के मुताबिक, शून्य से शुरूआत करने में डरने की कोई बात नहीं है, बल्कि इस पर गर्व होना चाहिए क्योंकि हर बड़ी यात्रा की शुरूआत यहीं से होती है।

# अवाड्र्स : अरविंद वैद्य को लाइफ टाइम अचीवमेंट




**मुंबई।** गुजराती सिनेमा, थिएटर और ओटीटी की बेहतरीन प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए 14 जून को 'दिव्य भास्कर गुजराती फिल्म अवाड्र्स 2026' का आयोजन किया गया। गुजरात टूरिज्म की प्रस्तुति और तनिष्क पावर्ड इस समारोह में टीवी सीरियल 'अनुपमा' फेम अरविंद वैद्य को लाइफ टाइम अचीवमेंट और बॉलीवुड एक्टर शर्मन जोशी को 'प्राइड ऑफ सिनेमा' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने विजेताओं को ये अवॉड्र्स सौंपे। इस दौरान बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ की कमाई करने वाली फिल्म 'लालो' ने सबसे ज्यादा 8 अवॉड्र्स अपने नाम किए। शर्मन जोशी और दीपक तिजोरी भी हुए सम्मानित बॉलीवुड और गुजराती फिल्मों के जाने-माने एक्टर शर्मन जोशी को सिनेमा में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए 'प्राइड ऑफ सिनेमा अवार्ड' से नवाजा गया। इसके साथ ही फिल्म की जूरी के सदस्य रहे बॉलीवुड एक्टर और डायरेक्टर दीपक तिजोरी को भी गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने मंच पर सम्मानित किया। इस ग्रैंड इवेंट में दर्शन जरीवाला, टीकू तलसानिया और सामाजिक कार्यकर्ता अनार पटेल भी विशेष रूप से शामिल हुईं।

**दिव्य भास्कर गुजराती फिल्म अवाड्र्स 2026**

अरविंद वैद्य को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट समारोह में टीवी और रंगमंच के सीनियर एक्टर अरविंद वैद्य को गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया। इस दौरान हॉल में मौजूद सभी कलाकारों और दर्शकों ने खड़े होकर लगातार तालियां बजाकर उनका सम्मान किया। अवॉर्ड लेने के बाद अरविंद वैद्य ने मंच से कहा कि वे अभी रिटायर नहीं होने वाले हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com